राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 32
लखनऊ, मंगलवार 30 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



महत्वपूर्ण और सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित किए जाएं पराग बूथ : धर्मपाल सिंह 03

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला सम्पन्न 10

## अष्टम् महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद होने की वजह से इन्हें श्वेताम्बरधरा भी कहा गया है। कहते हैं कि शिव को पति रूप में पाने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इस कारण इनका शरीर काला पड़ गया, लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने इनके शरीर को गंगा जल से धोकर कांतिमय बना दिया।

## -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,16,550/ |
| 22 कैरेट | = | 1,06,850/ |
| 18 कैरेट | = | 87,450/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,50,000/ |



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा

# जनसेवा से हो बीजेपी दफ्तर की पहचान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली भाजपा के इस कार्यालय की पहचान इसकी भव्यता या सुविधाओं से नहीं बल्कि जनसुनवाई और जनसेवा से होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह कार्यालय केवल एक इमारत नहीं बल्कि सेवा और संवेदना का केंद्र है।

उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ता यहां तभी आएं जब वे किसी जरूरतमंद की उम्मीदें लेकर आएं। इस कार्यालय से लिए गए फैसले जितने संवेदनशील और सेवा भाव से प्रेरित होंगे, उतना ही दिल्ली के नागरिकों का हित सुनिश्चित होगा। नवरात्रि के अवसर पर उद्घाटन को विशेष बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अवसर भाजपा के लिए नए सपनों और नए संकल्पों से भरा है। उन्होंने दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी ने 45 वर्षों की यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं और आज यह एक विशाल संगठन के रूप में देश के कोने-कोने तक पहुंच चुकी है। उन्होंने



याद दिलाया कि भाजपा की जड़ें 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में स्थापित जनसंघ से जुड़ी हैं। दिल्ली जनसंघ को अपना पहला अध्यक्ष वैद्य गुरुदत्त के रूप में मिला था। समय-समय पर एलके आडवाणी, डॉ. भाई महावीर और हरदयाल देवगुण जैसे नेताओं ने संगठन को मजबूत किया। वर्ष 1980 में भाजपा के गठन के बाद दिल्ली की कमान वीके मल्होत्रा के हाथों में रही। प्रधानमंत्री ने दिल्ली भाजपा के अतीत को याद करते हुए कहा कि मदनलाल खुराना, साहब सिंह वर्मा, केदारनाथ साहनी जैसे दिग्गज नेताओं ने पार्टी को दिल्ली में मजबूती दी। वहीं, अरुण जेटली और सुषमा स्वराज जैसे नेताओं ने अपना जीवन भाजपा और जनता की सेवा को समर्पित कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दिल्ली और भाजपा का संबंध केवल एक राजनीतिक संगठन और एक शहर का रिश्ता नहीं है बल्कि यह संबंध सेवा, संस्कार और संघर्ष से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि बंटवारे के बाद जब लाखों शरणार्थी दिल्ली आए, तब जनसंघ के कार्यकर्ताओं ने उनके पुनर्वास का कार्य संभाला।

आपातकाल के दौर में संगठन के पदाधिकारियों ने सत्ता के दमन के खिलाफ संघर्ष किया और 1984 के सिख विरोधी दंगों के समय कार्यकर्ताओं ने हर संभव मदद कर पीड़ित परिवारों का साथ दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली भाजपा का यह त्याग और संघर्ष ही उसे जनता से जोड़े रखता है। उन्होंने कहा कि अतीत में जब भी राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन हुए, उनका केंद्र दिल्ली रहा। उस दौर में जब पार्टी के पास सीमित संसाधन थे, तब भी दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने पूरे देश से आए कार्यकर्ताओं को अपने घरों में ठहराकर संगठन को मजबूत करने में अहम योगदान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने नए प्रदेश कार्यालय को केवल एक इमारत न बताते हुए उसे देवालय की संज्ञा दी। उन्होंने कहा, हमारे लिए कोई भी भाजपा कार्यालय किसी मंदिर से कम नहीं है। यह कार्यालय हमारी पार्टी को जमीन और जन-अपेक्षाओं से जोड़ने वाली मजबूत कड़ी है। भाजपा सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए सरकार में है और यह कार्यालय उस चेतना को जागृत करता है।÷ प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने से जनता ने अपने बेहतर भविष्य की उम्मीदें पार्टी पर जताई हैं। झुग्गी-बस्तियों में नए मकान, सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को आधुनिक बनाने, यमुना की सफाई और इलेक्ट्रिक बसों के संचालन जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली भाजपा संगठन और सरकार मिलकर काम करेंगे तो विकसित भारत और विकसित दिल्ली का सपना तेजी से पूरा होगा। मोदी ने भाजपा सरकारों के सुशासन मॉडल पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विकास भी और विरासत भी के मंत्र को अपनाते हुए काम किया है। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वातावरण बनाया है।

### भगत सिंह युवाओं के लिए हैं एक प्रेरणापुंज : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीद- ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए रविवार को कहा कि वह हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। श्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो प्रसारण कार्यक्रम मन की बात में कहा आज के दिन के साथ कुछ विशेषताएं भी जुड़ी हैं। आज भारत की दो महान विभूतियों की जयंती है।

### मोदी एक अक्टूबर को जारी करेंगे आरएसएस पर सिक्का व डाक टिकट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष की तैयारियों के बीच एक अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे। यह कार्यक्रम दिल्ली स्थित अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी के साथ संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। डाक विभाग और वित्त मंत्रालय की ओर से तैयार किए गए इस विशेष सिक्के और डाक टिकट को संघ के शताब्दी वर्ष की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर जारी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। आगामी दो अक्टूबर को विजयादशमी के दिन संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में भी विशेष रूप से संघ के शताब्दी वर्ष का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा था कि पूजनीय डॉ हेडगेवार ने देश को वैचारिक गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालने के लिए संघ की स्थापना की थी।

## भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए रोडमैप तैयार करें भारतीय तटरक्षक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युद्धों के बदलते स्वरूप और इनमें नयी-नयी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उल्लेख करते हुए भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) से ऐसा भविष्योन्मुखी रोडमैप विकसित करने को कहा है जो नई चुनौतियों का पूर्वानुमान लगा सके, अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत कर सके और रणनीतियों के अनुकूल हो। श्री सिंह ने सोमवार को यहां भारतीय तटरक्षक के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अब युद्ध महीनों में नहीं, बल्कि घंटों और सेकंडों में मापा जाता है, क्योंकि उपग्रह, ड्रोन और सेंसर संघर्ष की प्रकृति को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तैयारी, अनुकूलनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया बल के दृष्टिकोण की आधारशिला होनी चाहिए।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत का मार्ग समृद्धि और सुरक्षा के दो स्तंभों पर टिका है। उन्होंने आईसीजी के आदर्श वाक्य, वयं रक्षाम यानी हम रक्षा करते हैं का उल्लेख करते हुए इसे केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक प्रतिज्ञा बताया। उन्होंने कहा, यह प्रतिज्ञा, जो प्रत्येक आईसीजी कर्मी में निहित है, यह सुनिश्चित करेगी कि हम आने वाली



पीढ़ियों को एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत सौंपें। श्री सिंह ने ज़ोर देकर कहा कि समुद्री खतरे तेज़ी से तकनीक-संचालित और बहुआयामी होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, तस्करी या समुद्री डकैती के जो तरीके पहले आसानी से समझ में आते थे, वे अब जीपीएस स्पूफिंग, रिमोट-नियंत्रित नावों, एन्क्रिप्टेड संचार, ड्रोन, सैटेलाइट फोन और यहाँ तक कि डार्क वेब पर चलने वाले नेटवर्क का इस्तेमाल करके परिष्कृत गतिविधियों में बदल गए हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि आतंकवादी संगठन अपनी गतिविधियों की योजना बनाने के लिए डिजिटल मैपिंग और रीयल-टाइम इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, पारंपरिक तरीके अब पर्याप्त नहीं हैं, हमें अपने समुद्री सुरक्षा ढाँचे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग-आधारित निगरानी, ड्रोन, साइबर रक्षा प्रणाली और स्वचालित प्रतिक्रिया तंत्र को एकीकृत करके अपराधियों और विरोधियों से आगे रहना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कंगना को अदालत से झटका कोर्ट में होना पड़ेगा पेश

**चंडीगढ़।** पंजाब के बठिंडा की जिला अदालत ने बॉलीवुड अभिनेत्री एवं हिमाचल के मंडी से सांसद कंगना रानौत को झटका देते हुए वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी की याचिका को खारिज कर दिया है। कंगना रानौत का यह मामला किसान आंदोलन के समय का है। अब उन्हें निजी तौर पर कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। यह मामला 2021 का है, जब किसान आंदोलन चल रहा था। उस दौरान कंगना ने बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया की रहने वाली 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला किसान महिंदर कौर को 100-100 रुपये लेकर धरने में शामिल होने वाली महिला बताते हुए ट्वीट किया था। इसके खिलाफ महिंदर कौर ने कोर्ट में केस दर्ज करवाया था। कंगना का कहना था कि उन्होंने केवल एक वकील की पोस्ट को रिपोस्ट किया था।

### बदरीनाथ व केदारनाथ में देर शाम हुई बारिश, मौसम हुआ सर्द

**देहरादून।** बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में सोमवार देर शाम मौसम ने करवट ली है। बादल छाने के बाद बूंदाबांदी और उसके बाद बारिश हुई। बदरी- केदार यात्रा निरंतर चल रही है। बीते दो तीन सप्ताह से धामों में धूप खिली रही मौसम सामान्य रहा। आज शाम को केदारनाथ धाम से मिले सामाचार के अनुसार सायंकाल पांच बजे बारिश हुई उसके बाद बारिश थम गयी, लेकिन मौसम सर्द हो गया। बदरीनाथ धाम से बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि आज सोमवार शाम को छह बजे बदरीनाथ धाम में आसमान में बादल छा गये और साढ़े छह बजे बूंदाबांदी के बाद से मध्यम बारिश शुरू हुई, । इससे मौसम सर्द हो गया।

### 10 आईएएस व आईपीएस पर कार्रवाई की सिफारिश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोल लेवी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने सरकार को पत्र लिखकर 10 आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आज मीडिया से बातचीत में उक्त जानकारी देते हुए कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों को हमारी सरकार नहीं छोड़ेगी। हमारी सरकार उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। कोयला परिवहन पर लगने वाली लेवी में सुनियोजित तरीके हेरफेर किया गया।

### दो स्कूल बसों की भयानक टक्कर, 35 से 40 बच्चे घायल

सूरजगढ सोमवार की सुबह राजस्थान के सूरजगढ़ इलाके में दो स्कूल बसों के बीच भयंकर टक्कर ने एक बार फिर सड़कों की खतरनाक स्थिति को उजागर कर दिया। यह हादसा उस समय हुआ जब स्कूल के बच्चे एक शैक्षिक यात्रा के लिए जा रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लगभग 35 से 40 बच्चे घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की स्थिति गंभीर बताई जा रही है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## पाक के लिए जासूसी के आरोप में तौफीक गिरफ्तार

एजेंसी

**पलवल।** हरियाणा के पलवल जिले के आलीमेव गांव निवासी 35 वर्षीय तौफीक को सीआईए पुलिस ने देशद्रोह और जासूसी के गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया। वह भारतीय सेना और बीएसएफ की गोपनीय सूचनाएं दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी को व्हाट्सएप के जरिए भेजता था। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट 1923 और देशद्रोह की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

केंद्रीय एजेंसियों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए टीम ने यह कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में सामने



आया कि तौफिक करीब तीन से चार वर्ष पहले रिश्तेदारी निभाने पाकिस्तान गया था, जहां उसकी मुलाकात पाक दूतावास में कार्यरत एक कर्मचारी से हुई। इसके बाद दोनों के बीच व्हाट्सएप पर लगातार संपर्क बना रहा और इसी माध्यम से वह भारतीय सेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां साझा करने लगा। सूत्रों के अनुसार तौफिक हथीन तहसील परिसर में ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के रजिस्ट्रेशन संबंधी काम करता था। उसका कोई निश्चित ठिकाना नहीं था, वह कभी एक जगह तो कभी दूसरी जगह बैठकर काम करता था।

### पुलिस जांच में जुटी

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि तौफिक कई लोगों को पाकिस्तान भेजने के लिए वीजा की व्यवस्था करता था। उसके मोबाइल की तलाशी में हथीन उपमंडल के एक सैनिक से संबंधित गोपनीय जानकारी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी को भेजने के प्रमाण मिले हैं। पलवल के कई अन्य लोगों से जुड़ी जानकारियां और पाकिस्तान के दर्जनों नंबर भी उसके मोबाइल से बरामद हुए हैं। फिलहाल पुलिस इनकी गहन जांच कर रही है।

### ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर ब्रिटेन की कड़ी कार्रवाई 71 नए प्रतिबंध लागू

**लंदन।** ब्रिटेन ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को 71 नए व्यक्तियों और संस्थानों पर प्रतिबंध लगा दिए। इन पर लगे प्रतिबंधों में संपत्ति फ्रीज, वित्तीय गतिविधियों पर रोक और यात्रा प्रतिबंध शामिल हैं। ब्रिटेन सरकार ने कहा कि यह कदम ईरान की परमाणु प्रसार गतिविधियों को रोकने के लिए उठाया गया है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ भी इसी तरह की कार्रवाई कर चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र ने रविवार को ईरान पर हथियारों के आयात-निर्यात पर रोक सहित कई पुराने प्रतिबंधों को दोबारा लागू किया था।

## भारत-भूटान के बीच दो नई रेल संपर्क परियोजनाओं पर समझौता, 4,033 करोड़ रुपए का होगा निवेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और भूटान जल्द ही रेल संपर्क से और अधिक मजबूती से जुड़ने जा रहे हैं। दोनों देशों ने सोमवार को 90 किलोमीटर लंबी दो नई रेलवे लाइनों के निर्माण पर सहमति जताई और इसके लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।

इन परियोजनाओं पर कुल 4,033 करोड़ रुपये का व्यय होगा। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में विदेश सचिव विक्रम मिस्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में



इसकी जानकारी दी। रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि पहली परियोजना कोकराझार (असम)-गेलेफू (भूटान) नई रेल लाइन है, जिसकी लंबाई 69 किमी होगी और इस पर 3,456 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। इस लाइन से असम के कोकराझार और चिरांग जिले तथा भूटान के सारपांग जिले को लाभ मिलेगा।

परियोजना पूरी होने पर यात्रियों और माल ढुलाई की सुविधा बढ़ेगी। भूटान का गेलेफू क्षेत्र वर्तमान में 'माइंडफुलनेस सिटी' के रूप में विकसित किया जा रहा है। नई रेल लाइन से इस शहर का महत्व और बढ़ेगा तथा यह भारत और भूटान के बीच आर्थिक गतिविधियों का नया केंद्र बन सकता है। कोकराझार क्षेत्रीय स्टेशन को न्यू बोंगाईगांव जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्र से जोड़ा जाएगा, जिससे यह पूरा भारतीय रेल नेटवर्क से कनेक्ट हो जाएगा।

### देशभर में भाजपा के 618 कार्यालय स्थापित : नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि देशभर में 787 कार्यालय बनाने का लक्ष्य है। अबतक दिल्ली समेत 618 कार्यालय बनाए जा चुके हैं। सोमवार को दिल्ली प्रदेश के कार्यालय के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री मोदी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि जब जब हमने पार्टी के लिए, किसी भी कार्य के लिए उनसे मार्गदर्शन मांगा, समय मांगा। उन्होंने पार्टी के लिए हमेशा सबको समय दिया। जब भी पार्टी ने कुछ निवेदन किया वे हमेशा आतुरता से सहर्ष स्वीकार करते हुए उसे पूरा किया है।

## भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच एफटीए एक अक्टूबर से हो जाएगा लागू : पीयूष गोयल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत व चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू हो जायेगा। इसे पिछले वर्ष अंतिम रूप दिया गया था और अब भारत कई अन्य विकसित देशों के साथ इस तरह के समझौतों के लिए बातचीत कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कई विकसित देश भारत के साथ मुक्त



व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने के इच्छुक हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ भारत ऐसे समझौते पहले ही कर चुका है तथा कई अन्य देशों के साथ बातचीत चल रही है। श्री गोयल ग्रेटर नोएडा के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित पांच दिन के उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। ईएफटीए यूरोप के चार विकसित देशों का समूह है। जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इस समूह के साथ एफटीए को मार्च 2024 में अंतिम रूप दिया गया था । श्री गोयल ने कहा कि ईएफटीए के साथ व्यापार समझौता एक अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बातचीत चल रही है।

### एनएचआरसी ने एलपीजी टैंकर विस्फोट मामले का लिया संज्ञान, मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पंजाब के मुख्य सचिव, होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन के मुख्य विस्फोटक नियंत्रक को नोटिस जारी किए हैं। नोटिस पंजाब के होशियारपुर के मंडियाला गांव में एलपीजी टैंकर विस्फोट की घटना के पीड़ितों के संबंध में जारी किए गए हैं। एनएचआरसी ने पंजाब के होशियारपुर के मंडियाला गांव में एलपीजी टैंकर विस्फोट के पीड़ितों द्वारा घरों व दुकानों के पुनर्निर्माण में कथित संघर्ष का स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से 15 दिन के भीतर जवाब तलब किया है।

## इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरी बार आयोजन करने वाला देश का पहला राज्य बना यूपी

समृद्धि न्यूज

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण का सोमवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उद्बोधन दिया और इसे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया।

राकेश सचान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने लगातार तीसरी बार अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि

### ▸ इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण का समापन

इस आयोजन ने प्रदेश के उद्यमियों और कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़ा और उन्हें नया आत्मविश्वास दिया। पिछले संस्करण में 70 हजार विजिटर्स, 1.25 हजार बी2बी और 4 लाख से अधिक बी2सी सहभागिता दर्ज हुई थी। इस बार रूस पार्टनर कंट्री रहा और निवेश की संभावनाएं तलाशने के लिए 30 से अधिक रुसी प्रतिनिधि पहुंचे। 2,200 से अधिक स्टॉल लगे और 80 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा खरीदारों ने खरीदारी की।

## ओयल में भीषण सड़क हादसे में छह की मौत, नौ लोग घायल

समृद्धि न्यूज

**लखीमपुर खीरी।** सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की शाम को जिले में एक और बड़ा हादसा हो गया।

शाहजहांपुर-मोहम्मदी मार्ग पर बुझारी मोड़ के पास वैगनार और टाटा मैजिक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा शाम करीब 6.30 बजे हुआ, जिसमें दोनों वाहनों पर सवार लोग बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक वैगनार सवार सचिन (22) पुत्र प्रताप सिंह, उनकी पत्नी पल्लवी सिंह, मां रामबेटी पत्नी प्रताप सिंह और 11 वर्षीय बच्चा सार्थक पुत्र राजकुमार, सभी निवासी पोथेपुरवा थाना भीरा जिला लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही टाटा मैजिक से उनकी गाड़ी की भिड़ंत हो गई। मैजिक में राशिद (25) पुत्र किशन अली निवासी मोहल्ला सरैया मोहम्मदी, खालिद (35) पुत्र किशवार अली निवासी मोहम्मदी और मुकेश (40) पुत्र मथुरा निवासी कैमहरा थाना मोहम्मदी सवार थे। हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से एंबुलेंस द्वारा सीएचसी मोहम्मदी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

संवाद

## मुख्यमंत्री योगी ने 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के प्रतिभागियों से किया संवाद

# भारत की एकता व अखंडता को सशक्त करेंगे युवा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत सोमवार को मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ व उड़ीसा के प्रतिभागियों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश में इन राज्यों के युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि आप सब देश की एकता और अखंडता के लिए अपने को तैयार करेंगे। इस दौरान खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहे। 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 25 सितंबर से प्रारंभ हुआ है, जो पहली





अक्टूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण की चर्चा करते हुए कहा कि यह युवा विकसित भारत की आधारशिला बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ अभियान का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि यह पहल न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच है, बल्कि देश की एकता, अखंडता और विविधता में निहित एकता की भावना को सशक्त करने का अवसर भी है। आज लखनऊ में देशभर के लगभग 200 नौजवान इस अभियान का हिस्सा बने हैं। इस कार्यक्रम के जरिए हमें पूरे देश को देखने, समझने और एक-दूसरे के साथ अपनी संस्कृति को साझा करने का अवसर भी प्राप्त होता है।

### पूरे भारत की भाव-भंगिमा एक

मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि भले ही हमारी बोली-भाषा में थोड़ा अंतर हो, लेकिन पूरे भारत की भाव-भंगिमा एक है। 'माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या:', यह भाव अपनी धरती के प्रति हर भारतवासी के मन में हमेशा देखने को मिलता है। यह भाव संस्कृति, परंपरा में भी है। यही कारण है कि जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा था, तब धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने उस भाव को फिर से जागरूक करके विदेशी हुकूमत को भारत की धरती से भागने के लिए मजबूर किया था। इस वर्ष उनकी 150वीं जयंती वर्ष भी है और भारत के संविधान को लागू होने के अमृत महोत्सव वर्ष भी।

### प्रधानमंत्री ने रखा है विकसित भारत का बड़ा विजन

युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों के सामने विकसित भारत का बड़ा विजन रखा है। भारत तब विकसित होगा, जब हर देशवासी के मन में विकसित होने का संकल्प होगा और वे इसे अपने जीवन का मंत्र बनाएंगे। कांदला, कालाहांडी, सिंहभूमि, गढ़चिरौली, कांकेर, नारायणपुर, बालाघाट हो या बीजापुर, जब यह सभी विकसित होंगे तो भारत विकसित होगा।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मारकर घायल कर देने के मामले में पीड़ित के चाचा ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मुख्यालय के मेरापुर मुहाल निवासी संदीप कुमार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भतीजा रिंकू उर्फ ओमप्रकाश और भाभी सोमवती बाइक से 15 सितंबर को पैलानी जा रहे थे। पारा मोड़ के पास पीछे आ रही। बांदा डिपो की बस संख्या यूपी 78 एल एन 0281 ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक से सड़क पर गिर गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई दोनों को घायलावस्था में इलाज के लिए कानपुर ले जाया गया जहां पर उपचार चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### सीएचसी गौहन्ड में नारी सशक्त पारिवर अभियान के राठ विधायक ने फीता काट कर उद्घाटन किया



**गोहांड हमीरपुर।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान की अंतर्गत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहांड में विधायक राठ मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत और नगर अध्यक्ष अनीता राजपूत, ब्लॉक प्रमुख गोहांड अरविंद मुखिया आदि की उपस्थिति में आठ लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए और 152 महिलाओं की जांच व स्वास्थ्य परीक्षण व सभी जांच की गई फल वितरित किए गए अस्पताल की व्यवस्था को अच्छा बताया गया इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामआसरे, विजय राजपूत चुरहा व भाजपा की पदाधिकारी मौजूद रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ अंजुल निरंजन, डॉ अनुपम पाल, डॉ प्रभात डॉ विकास, डॉ परमेंद्र प्रजापति व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### अश्लील गाना गाने पर भेजा जेल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गायत्री तपोभूमि गेट पर खड़े होकर मंदिर आने जाने वाली महिलाओं को देखकर अश्लील गाना गाने पर थाने की महिला दरोगा ने युवक को गिरफ्तार करके मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। यह कार्यवाही मिशन शक्ति पेज 5 के तहत की गई है। थाने में तैनात महिला दरोगा प्रियंका ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह गायत्री तपोभूमि में ड्यूटी पर तैनात थी। मंदिर में आने जाने वाली महिलाओं को देखकर पशु बाजार निवासी अंकित अश्लील गाने गा रहा था। युवक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### दो माह में आरसीसी मरम्मतीकरण कार्य खराब होने पर ब्लॉक प्रमुख बिफरे, सीसी तुड़वाई



**भरुआ सुमेरपुर।** महज दो माह में आरसीसी मरम्मतीकरण खराब होने पर ब्लॉक प्रमुख ने ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए दोबारा बनाने के निर्देश दिए है। ब्लॉक प्रमुख के इस रुख से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने बताया कि जुलाई माह में आशी ट्रेडर्स ने ग्राम पंचायत बड़ागांव में प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्च प्राथमिक विद्यालय तक आरसीसी मरम्मतीकरण क्षेत्र पंचायत निधि से कराया था। बरसात के चलते बालकिशन के दरवाजे से लेकर सुग्रीव के दरवाजे तक 100 मीटर सीसी खराब हो गई है। शिकायत मिलने पर ब्लॉक प्रमुख मौके पर पहुंचे और ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए दोबारा मरम्मतीकरण करने का आदेश दिया। उन्होंने मौके पर खड़े होकर जेसीबी मशीन से आरसीसी को तुड़वाकर दोबारा निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए है। ब्लॉक प्रमुख के इस रुख से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। इसके पूर्व उन्होंने बैठका धाम में बजरंग ट्रेडर्स द्वारा बनाई गई रिटर्निंग वालों को भी तुड़वाकर दोबारा बनवाया था।

### मुख्यमंत्री ने नगर पालिका की आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिए मूल मंत्र दिया



**मौदहा, हमीरपुर।** विकसित उत्तर प्रदेश संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से नगर के अध्यक्ष और सभासद ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान जुड़े रहे जिसमें मुख्यमंत्री ने नगर पालिका के आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिए मूल मंत्र दिया। जानकारी के अनुसार विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व के उपलक्ष में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सुबह दस बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर पालिका सभासद व अध्यक्ष से जोड़कर प्रदेश की समृद्धि व नगर पालिका क्षेत्र के संबंध के बारे मे मूल मंत्र दिए और उनसे सुझाव भी मांगे जो ऑनलाइन एप के माध्यम से विचारों का आदान-प्रदान किया गया। गौरतलब है कि कार्यक्रम में मात्र शिवकुमार सोनी, वैभव कुमार, बालिष्ट सभासद प्रतिनिधि के अलावा व अंतिम चरण में पालिका अध्यक्ष राजा मोहम्मद श्रीनाथ ने भी प्रतिभाग दिया।

### अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, कन्या भोज और हवन का आयोजन



**बांदा।** नवरात्र की अष्टमी पर जिलेभर के मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। तड़के तीन बजे से ही गिरवां खत्री पहाड़ स्थित माँ विंध्यवासिनी मंदिर सहित काली देवी मंदिर, महेश्वरी देवी मंदिर और राम मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। भक्त माता के दर्शन और पूजन-अर्चन के लिए घंटों इंतजार करते नजर आए। अष्टमी के अवसर पर मंदिरों में विशेष हवन और आरती का आयोजन किया गया। जगह-जगह कन्या पूजन और कन्या भोज का भी आयोजन हुआ। महेश्वरी मंदिर व काली मंदिर परिसर में भंडारे का दौर निरंतर चलता रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। एसपी बांदा के निर्देश पर मंदिरों में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा और श्रद्धालुओं को शांति व सुव्यवस्थित तरीके से दर्शन कराए गए। नगर के अन्य शक्ति स्थलों और मंदिरों में भी नवरात्र की धूम देखने को मिली। भक्तिमय माहौल में जिलेभर में अष्टमी के पर्व पर हवन-पूजन और कन्या भोज का आयोजन श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

### श्रीराम लीला बाल समाज कमेटी ने भाजपा नेता को किया सम्मानित



**बांदा।** नवरात्र महोत्सव अपने आखिरी चरण में है, माता के भक्तों के द्वारा माता की प्रतिमाओं की भव्य झांकियों और पंडालों को संजाकर माता रानी का विधिवत पूजन अर्चन करने के साथ माता के दर्शनों के लिये जनसैलाब भी उमड़ रहा है। माता के भक्त और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याममोहन धुरिया ने श्रीराम लीला बाल समाज के आमंत्रण पर जाकर माता भगवती का पूजन अर्चन किया और आरती स्तुति का गान किया। श्रीराम लीला बाल समाज के प्रमुख संरक्षक नारायण धुरिया, संरक्षक सन्त्री धुरिया ने श्याममोहन धुरिया को पूजन अर्चन करने के बाद सम्मानित किया। शुक्ल पक्ष की छठ-सप्तमी के शुभ अवसर पर बांदा शहर में सजे देवी पंडालों भव्यता देखते ही बनती है। आर्कषक मुद्राओं से युक्त मातारानी और श्रृंगार की भव्यता ने माता की प्रतिमाओं को जीवंत कर दिया है। जो भी पंडालों में विराजमान मातारानी के दर्शन करता है वह उनको निहारता ही रहता है और कहता है कि साक्षात मॉ भवानी उनके सम्मुख विराजमान है। भक्ति भाव में विभोर श्रद्धालुओं के द्वारा माता रानी के जयकारों से देवी पंडालों सहित पूरा शहर गुंजायमान हो रहा है। बताते चले कि बांदा शहर में शारदीय नवरात्र का पर्व पूरे जोश खरोश के साथ मनाया जाता है। पूरा शहर दुल्हन की तरह सजाया गया है, बांदा में बनने वाली माता की प्रतिमाओं सहित जबलपुर से लाई गयी प्रतिमाओं की भव्यता माता के नौ दिनों में आर्कषण का केन्द्र बनी हुयी है। भोर होते ही देवी के शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। नवरात्र पर्व में माता के भक्त व भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याममोहन धुरिया के द्वारा मॉ की उपासना करने के साथ साथ देवी पंडालों पर जाकर माता की स्तुति गान लगातार किया जा रहा है। श्रीरामलीला बाज समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता को कमेटी के प्रमुख संरक्षक नारायण धुरिया, संरक्षक सन्त्री धुरिया, अध्यक्ष सुधीर चौरसिया, महामंत्री मयंक धुरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्यराज गुप्ता, उपाध्यक्ष रूबल चौरसिया ने द्वारा सम्मानित किया गया। भाजपा नेता के साथ योगेश कुमार योगी, पंकज शुक्ला, सुरेश साहू, कुलदीप श्रीवास, बिक्की बनिया, लाला भैया, कुलदीप सिंह, आसू, सच्चू आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पोषण माह में अन्नप्राशन व मिशन शक्ति कार्यक्रम किया गया आयोजित

# गोद भराई, बच्चों की गतिविधि व रंगोली प्रतियोगिता हुई

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आज पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित बस्ती सुमेरपुर में स्थिति को लोकेटेड आंगनवाड़ी में जनपद स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति अन्नप्रासन गोद भराई बच्चों की गतिविधि एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत सुमेरपुर धीरेंद्र शिवहरे तथा सभासद वार्ड 14 रामकिशोर सैनी के साथ ही जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव एवं सीडीपीओ नगर शशि प्रभा द्वारा गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम हुआ । बच्चों को अन्नप्राशन कार्यक्रम पर शुभकामनाएं देते हुए मुख्य अतिथि धीरेंद्र शिवहरे अध्यक्ष नगर पंचायत सुमेरपुर ने कहा कि आज हमारी सरकार बालिकाओं महिलाओं के लिए विशेष ध्यान रखते हुए मिशन शक्ति अभियान का पांचवा चरण चल रही है जिसके अंतर्गत उनको उनके अधिकार और शिक्षा तथा संरक्षण प्रदान की जा रही है आज कोई भी बालिका असहाय नहीं है। अकबर अली एआरपी सुमेरपुर ने बोलते हुए बताया कि वर्तमान में को लोकेटेड आंगनवाड़ी में सरकार द्वारा बाल वाटिका चलाई जा रही है जिसमें एजुकेटर की भर्ती की गई है जो पूर्व प्राथमिक के रूप में तीन से 6 वर्ष के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ,खेल-खेल के माध्यम से देंगे इसके बाद बच्चे कक्षा एक में दक्षता पूर्ण करते हुए एडमिशन लेंगे। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी के बच्चों द्वारा रंगोली खेल गतिविधियों तथा दर्ज महिलाओं की गोद भराई व नौनिहाल बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम पूर्ण उल्लास के साथ बनाया गया। थाना सुमेरपुर की उपनिरीक्षक प्रियंका श्रीवास्तव ने महिलाओं को पुलिस से मदद लेने के टोलफ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी साथ में उपनिरीक्षक रामा राम भी थे इस कार्यक्रम में सुमेरपुर हमीरपुर नगर की समस्त आंगनबाड़ी सीडीपीओ तथा शिक्षा व कार्यक्रम विभाग के विभिन्न लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय पोषण माह की थीम लोकल फार वोकल के तहत कार्यक्रम



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय मौदहा के तत्वाधान में आंठवे पोषण माह की अन्य थीम लोकल फॉर वोकल के साथ ही नारी सुरक्षा ,सम्मान स्वावलंबन की योजनाओं के साथ मिशन शक्ति के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति भिलवारे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा बताई मोटापे में कमी हेतु नमक चीनी तेल के उपयोग में कमी के विषय में बताया साथ ही सुपोषण बढ़ाने के तरीके के लिए स्थानीय खाद्यान्न की महत्ता बताई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद मंडल प्रभारी एवम क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति कानपुर बुंदेलखंड ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं इस देश की आधी आबादी है इनके द्वारा न केवल अपना बल्कि अपने परिवार का भी पूरा ध्यान रखा जाता है इसलिए कुपोषण से जंग में महिलाओं को ही आगे रखा गया है इस अवसर पर मिशन शक्ति की पुलिस विभाग की टीम महिला थाना प्रभारी गायत्री के नेतृत्व में मौजूद रहीं।

## महिला के घर अज्ञात चोरों ने ताल तोड़ कर नकदी ज़ेवरात पार किए

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मकान में ताला डालकर बीमार पिता को कानपुर देखने गई महिला के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने नकदी सहित लाखों रुपए के सोना चांदी के जेवरात पार कर दिए। महिला का पति सूरत में रहकर नौकरी करता है। पड़ोसी की सूचना पर रात में ही डायल 112 की टीम पहुंची। लेकिन चोर हाथ नहीं लगे। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वार्ड संख्या 15 की निवासी रानी धुरिया ने बताया कि वह 27 सितंबर को मकान में ताला बंद करके मायके कानपुर चली गई थी। रात करीब 2=30 बजे पड़ोसी देवेंद्रदत्त मिश्रा को मकान में चोरों की आहट होने का एहसास हुआ। उन्होंने मेरे जेठ तथा मुझे अवगत कराकर डायल 112 को सूचना दी। सूचना



पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे। चोर घर में रखे दस हजार नकद तथा सोने चांदी के लाखों रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए थे। अलमारी का ताला टूटा पड़ा था और सामान बिखरा पड़ा हुआ था। पुलिस ने तहरीर मिलने पर घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

## ब्लाक सभागार में बाल विकास द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह लोकल फार वोकल थीम पर कार्यक्रम आयोजित

▶ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम हुआ संपन्न

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय विकास खंड सभागार में बाल विकास परियोजना द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह लोकल फॉर वोकल की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तथा बच्चो के अन्न प्रासन तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम। संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल मौजूद रहे।विकास खंड सभागार में बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह लोकल फॉर वोकल की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में 0 से 6 माह के बच्चों का अन्न प्रासन संस्कार संपन्न कराया गया। तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के संबंध में महिला आरक्षी द्वारा महिला हेल्प लाइन के नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार अति संवेदन शील है। किसी भी समस्या के लिए हेल्प लाइन नंबरों में सूचना दी जा सकती है।बाल विकास की मुख्य सेविका सुमन लता पाल ने गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण कराए जाने की सलाह दी। तथा पोषण युक्त आहार लेने के लिए प्रेरित किया। क्राइम इंस्पेक्टर राम कुमार ने पुलिस सहायता के लिए 112 डायल करने की जानकारी दी। तथा महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी खंड विकास अधिकारी राजीव कुमार सिंह, एडी ओ पंचायत धर्मेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

### बेटी का मुंडन कराने जा रहे बाइक सवार पिता की सड़क दुर्घटना में मौत

**हमीरपुर।** बेटी का मुंडन कराने कुलदेवी के स्थान पर बाइक से जा रहे पिता को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीर उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।इस घटना से परिजनों में खुशी की जगह गम का मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के कजियाना मुहाल निवासी सर्वेश (28) पुत्र चंद्रशेखर निषाद नवरात्र के चलते सोमवार की सुबह बेटी का मुंडन कराने के लिए कानपुर देहात के सुजानपुर स्थित कुलदेवी के स्थान पर कराने के लिए बाइक से अकेले जा रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य पहले ही कार से निकल गए थे। सर्वेश बाइक से पीछे आ रहे थे जैसे ही सर्वेश सजेती थाना क्षेत्र के आनूपुर मोड स्थित प्रियंका होटल के पास पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शासन के निर्देश पर मण्डी समिति ने अफसरों ने की छापेमारी, लिए नमूने

**बांदा।** जिलाधिकारी एवं शासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने आज फल एवं सब्जी मंडी में आलू कारोबारियों के यहां निरीक्षण किया। टीम को यह शिकायत प्राप्त हुई थी कि पुराने आलू को तेजाब आदि डालकर नया आलू बनाकर बेचा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान आलू की गहन चेकिंग की गई, किंतु किसी भी प्रकार से तेजाब डालकर नया आलू बनाने का प्रमाण नहीं मिला। इसके साथ ही विभाग की टीम ने अन्य खाद्य पदार्थों की भी जांच की। घी, पनीर और बेसन के कुल तीन नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जे.पी. तिवारी, अभिहित अधिकारी खाद्य प्रशासन विभाग ने बताया कि सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति के अन्तर्गत कन्या भोज का आयोजन

**बांदा।** मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत जनपद में पीताम्बरा माता मन्दिर, राजघाट रोड, खुटला, बाँदा में कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें 521 कन्याओं का पूजन (मेगा इवेंट) करते हुए विधिविधान से कन्या भोज कराया गया। इसके अलावा प्रशासन के सहयोग से बालिकाओं को स्कूल किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी (महिला कल्याण विभाग) द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित कराया गया। उक्त कार्यक्रम में राज्य मंत्री, जलशक्ति, उप्र सरकार रामकेश निषाद, जे. रीभा, जिलाधिकारी बांदा, मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा की



धर्मपत्नी पूजा सिंह, अजय कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी, श्री दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मीनू सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी (महिला कल्याण विभाग), अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा, बाल विकास परियोजना अधिकारी बडोखर खुर्द, मुख्य सेविका एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अधिकारियों ने गांव पहुंच कर कहा- ग्रामीणों को जब तक साफ पानी मुहैय्या नहीं करा देंगे तब तक यही डेरा डाले रहेंगे

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नमामि गंगे योजना के तहत भभौरा गांव में पेयजल की किल्लत व बिशाक्त जीवो के अवशेष से युक्त पानी से हाहाकार होने के बाद अब जिंदल कंपनी के अधिकारियों ने गांव पहुंचकर अपना जमावड़ा बना लिया और उनका कहना है कि जब तक ग्रामीणों को साफ स्वच्छ पेयजल मुहैय्या नहीं कराया जाता तब तक तन मन के साथ लगातार पाइप लाइनें व टंकी की साफ सफाई मरम्मती करण का कार्य किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौदहा विकासखंड के भभौरा गांव में विषाक्त पेयजल का समाचार अखबारों में प्रमुखता से लगने के बाद नमामि गंगे के निर्माण दाई संस्था जिंदल कंपनी के

**खबर का असर**



अधिकारियों ने भभौरा गांव की ओर रुक करते हुए टीम के साथ जमावड़ा बना लिया सोमवार को सुबह से ही कंपनी के कर्मचारी की चहल कदमी देख ग्रामीणों के चेहरे में मुस्कान देखने को मिली तो, वही इस संबंध में ग्रामीण ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दुर्जन, नफीस उद्दीन, कबीर आदि लोगों ने आई हुई टीम का स्वागत करते हुए जल्दी पेयजल मुहैया करने के लिए सहयोग प्रदान करने की बात कही खास बात यह है कि विकासखंड का भभौरा गांव सहित क्षेत्र के लगभग अधिकांश गांव में नमामि गंगें के द्वारा डाली गई पाइपलाइन व पानी की टंकी मात्र शोपीस बढनकर सफेद हाथी की तरह दिखाई जा रही है जबकि सरकार के बड़े-बड़े वादे खोखले नजर आ रहे हैं। एक दशक बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों को स्वच्छ जल न मिलने से आक्रोश पनप रहा है और आए दिन अधिकारियों की चौखट पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से फरयादी दर-दर भटक रहे हैं। कंपनी के इंजीनियर दिगान्त मिश्रा ने इस संबंध में बताया कि लगातार व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं।

## समाज में महिलाओं को समान सम्मान मिलना चाहिए: डीआईजी

▶ शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत सोमवार को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के सभागार में शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस. ने छात्राओं और महिलाओं से आह्वान किया कि यदि कोई उन्हें परेशान करता है तो तुरंत 112 नंबर पर काल कर पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को समान सम्मान मिलना चाहिए और ऊंचे विचारों व आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। जिलाधिकारी जे. रीभा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के लिए स्वयं जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से निर्भर नहीं रहना चाहिए, यही वास्तविक आत्मनिर्भरता है। डीएम ने बालिका शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण, स्किल डेवलपमेंट और स्वयं सहायता समूहों के जरिए स्वरोजगार अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री मेविश टॉक, राजकीय महिला डिग्री कालेज की प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रचना भारती ने किया। अंत में महिला पुलिसकर्मियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### विश्व हृदय दिवस पर शिविर का का आयोजन

**बांदा।** सोमवार को विश्व हृदय दिवस पर सीएमओ के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. किशुन कुमार द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया एवं नोडल अधिकारी द्वारा आए हुए लोगों व मरीजों को हाइपरटेंशन से बचने के उपाय बताए साथ ही ये भी अवगत कराया कि आने वाले दिनों में जनपद बाँदा के मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अत्तर्रा, नैरानी, बबेरू, जसपुरा इन अस्पतालों में हार्ट से सम्बंधित प्रमुख रूप से हार्ट अटैक के रोगियों हेतु तत्काल/इमरजेंसी उपचार करने की व्यवस्था प्रदान की जाएगी। गया शिविर में टोबैको कंट्रोल के जिला सलाहकार डॉ रामवीर, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र मिश्रा साइकाइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ, फिजियोथैरेपिस्ट निशांत मौर्य, शिवशरण यादव, शिवधर यादव, अरविंद गुप्ता ने अपनी सेवाएं दी।

## विभागीय कार्यों को तेज गति व समय से पूर्ण करें: आयुक्त



▶ आयुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय कार्यो को तेज गति व समय से पूर्ण करें। उन्होंने किसानों को खाद की समस्या नहीं होने पाए, खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जनपद महोबा में हेल्थ इंडिकेटर में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक के लोगों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने आभा आईडी अधिक से अधिक लोगों की बनाए जाने तथा ई संजीवनी पर जागरूकता लाने के निर्देश दिए।उन्होंने फैमिली आईडी बनाए जाने तथा क्रॉप सर्वे में किसानों का रजिस्ट्रेशन के कार्य में ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने जन सेवा केन्द्रों को बेहतर रूप से संचालित करने हेतु निर्देशित किया। आयुक्त ने विद्युत खराब ट्रांसफार्मर को बदलने तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। स्वयं सहायता समूह के कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद हमीरपुर में कार्य में तेजी लाने तथा बैंकों से ऋण सुविधा समूहों को उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया। जनपद बांदा में डेरी कोऑपरेटिव सोसाइटी का गठन पूर्ण करने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी के कार्य की समीक्षा करते हुए जनपद महोबा, हमीरपुर एवं चित्रकूट में मुख्य विकास अधिकारियों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। टूरिज्म के अंतर्गत कार्यो की समीक्षा करते हुए जनपद महोबा एवं बांदा के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को दिए। मिड डे मील सेवा एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में जनपद चित्रकूट में ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी बॉदा जे रीभा, जिलाधिकारी हमीरपुर घनश्याम, अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त अरबिन्द कुमार सहित मण्डल के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बड़ी माता मंदिर पनवाड़ी में अष्टमी पूजन एवं कन्या भोज भंडारा संपन्न

▶ पत्रकार हरि सिंह वर्मा ने सभी कन्याओ को पेंसिल उपहार स्वरूप भेंट कर सहयोग किया

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के पनवाड़ी कस्बे स्थित प्राचीन एवं चमत्कारिक बड़ी माता मंदिर में नवरात्र के पावन अवसर पर अष्टमी पूजा का विशेष आयोजन किया गया। माता के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में लंबी-लंबी कतारों में खड़े भक्त पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से मां की पूजा-अर्चना करते नजर आए। महिलाएं और माताएं फल, फूल, नारियल एवं ध्वज अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए माता से आशीर्वाद मांग रही थीं। अष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में विशेष कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में



कन्याओं एवं श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। परंपरा के अनुसार कन्याओं का पूजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया तथा उपहार स्वरूप भेंट भी दी गई। इस दौरान पूरे कस्बे का वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण दिखाई दिया। मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा और भक्त मां बड़ी माता की आराधना में तल्लीन हो गए। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि बड़ी माता मंदिर अपनी चमत्कारी शक्तियों के लिए विख्यात है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। नवरात्र के अष्टमी पर्व पर दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचते हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अष्टमी के अवसर पर आयोजित कन्या भोज भंडारा अत्यंत श्रद्धा और आस्था के साथ सम्पन्न हुआ। नगरवासियों के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस भव्य आयोजन ने नवरात्र की भक्ति भावना को और भी प्रगाढ़ बना दिया।अंत मे बड़ी माता ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा ने सभी कन्याओ के चरण पखार कर उनकी विदाई की और सभी भक्त जनों का आभार व्यक्त कियाभंडारे के सफल आयोजन पर श्री प्रकाश मिश्रा ने अपने सभी ट्रस्टी सदस्यों को उनकी मेहनत के लिए सराहना की।

# लखनऊ में जुटेंगे 35 हजार स्काउट्स-गाइड्स, बनेगी विश्वस्तरीय टेंट सिटी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रदेश युवाओं के लिए वैश्विक मंच बन रहा है। इसी क्रम में लखनऊ में पहली बार भारत स्काउट्स और गाइड्स की डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का भव्य आयोजन आगामी 23 से 29 नवंबर तक होने जा रहा है।

वृंदावन योजना स्थित डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस विश्वस्तरीय शिविर का भूमि पूजन सोमवार को मंत्रोच्चार और विधिविधान के साथ हुआ। भूमिपूजन समारोह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का अवसर बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

### 23 से 29 नवंबर तक आयोजित होगा जम्बूरी

डॉ. महेंद्र सिंह ने जम्बूरी की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 23 से 29 नवंबर 2025 तक चलने वाला यह आयोजन भारत के 30,000 और विभिन्न देशों के 2,000 स्काउट्स-गाइड्स, साथ ही 3,000 अधिकारियों-स्टाफ को आकर्षित करेगा। यहां कुल 35,000 प्रतिभागी इकट्ठा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे, जबकि समापन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होने की संभावना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे युवाओं का वैश्विक उत्सव करार देते हुए कहा कि जम्बूरी केवल एक शिविर नहीं, बल्कि भाईचारे, संस्कृति और नेतृत्व का मंच है। यह आयोजन 1953 में हैदराबाद में पहली राष्ट्रीय जम्बूरी के बाद 18 सफल आयोजनों के बाद उत्तर प्रदेश को 61 वर्षों बाद मिला है, पिछली बार 1964 में प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) में हुआ था।

### पीएम मोदी की प्राथमिकताओं पर आधारित थीम

जम्बूरी की थीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं-आत्मनिर्भर स्वदेशी भारत, स्वच्छ एवं विकसित भारत, ग्रीन एवं सस्टेनेबल भारत, और विकसित युवा-विकसित भारत पर केंद्रित है। यह आयोजन युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का विकास करेगा, साथ ही राष्ट्रीय एकता, वैश्विक भाईचारा, संस्कृति का आदान-प्रदान और सेवाभावी नागरिकों को प्रोत्साहित करेगा।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी जम्बूरी, होंगे विभिन्न कार्यक्रम

जम्बूरी के लिए डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में एक सप्ताह के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस 'टेंट सिटी' तैयार की जाएगी, जिसमें 3,500 टेंट, 1,600 शौचालय-स्नानागार, 25,000 क्षमता का एरिना, 64 रसोईघर, 100 बिस्तरों का अस्पताल, 15 डिस्पेंसरी, 100 प्रदर्शनी स्टॉल, जम्बूरी मार्केट, ग्लोबल विलेज, एडवेंचर जोन, वाई-फाई जोन और दो दिवसीय ड्रोन शो शामिल होंगे। एयर फोर्स के एयर अग्निवीर प्रदर्शनी, रेडियो स्टेशन और आईटी हब भी आकर्षण का केंद्र होंगे। योगी सरकार ने सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, परिवहन और पर्यावरणीय संतुलन के लिए विश्वस्तरीय प्रबंध सुनिश्चित किए हैं। 'टेंट सिटी' ग्रीन और सर्कुलर इकोनॉमी सिद्धांतों पर आधारित होगी।

# विकसित यूपी 2047 के लिए जनता से अब तक मिले 14 लाख फीडबैक, अभियान की तिथि बढ़ी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047अभियान के तहत जनता की राय जानने के लिए फीडबैक ले रही है। अब तक करीब 14 लाख सुझाव मिल चुके हैं। इनमें से ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 11 लाख और शहरी क्षेत्रों से 3 लाख सुझाव आ चुके हैं। इसी बीच सरकार ने इस अभियान की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान चला रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़कर प्रदेश के विकास की दिशा में अपनी राय और सुझाव दे सकें। इस अभियान के तहत अब तक करीब 14 लाख सुझाव मिल चुके हैं। इनमें से लगभग 11 लाख सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से और 3 लाख सुझाव शहरी क्षेत्रों से आए हैं। यह आंकड़े प्रदेश की जनता की इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि सुझाव देने वालों में सबसे ज्यादा हिस्सा युवाओं का है। अब तक 6 लाख से अधिक सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग से मिले हैं। इसके अलावा करीब 7 लाख सुझाव 31-60 वर्ष के आयु वर्ग से और लगभग 1 लाख सुझाव वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक आयु) से आए हैं।उन्होंने बताया कि जनता की सक्रियता को देखते हुए, राज्य सरकार ने इस अभियान की अवधि बढ़ा दी है। अब जनता 30 अक्टूबर तक अपने सुझाव दे सकते हैं। अभियान में आमजन की भागीदारी और बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्राम प्रधानों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किये गए हैं।

**जनता की राय से तैयार होगा विकसित उत्तर प्रदेश 2047 का विज़न दस्तावेज़**

## खबरें एक नजर में

### घरों के सामने कूड़ा डंप होने से लोगों में आक्रोश, प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के ऐशबाग इलाके में लोगों के घरों के सामने कूड़ाघर बन गया है। इसके विरोध में लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को नगर निगम की जेसीबी कूड़ा हटाने के लिए पहुंची। स्थानीय लोगों ने जेसीबी को मौके पर ही रोक लिया। कूड़ा उठाने नहीं दिया। नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश की। लोगों ने उनकी बातें नहीं मान रहे हैं। नगर आयुक्त को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हैं। स्थानीय पार्षद संदीप शर्मा ने बताया कि ढाई घंटे से स्थानीय लोग प्रदर्शन कर रहे, लेकिन जोनल अधिकारी तक मौके पर नहीं पहुंचे हैं। सड़क पर लोगों के घरों के सामने तक कूड़ा पड़ा हुआ है। नगर निगम के लोगों ने 12 दिनों से कूड़ा तक नहीं हटाया है। इसके चलते लोगों के घरों में दुर्गंध फैल रही। शिकायत के बाद भी नगर निगम की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कोई अधिकारी नहीं सुन रहा है। न ही कोई कार्रवाई हो रही। कई बार इसके लिए अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं। स्थानीय निवासी भानु प्रताप ने कहा कि कई दिनों से कूड़ा नहीं उठने से सड़क पर कचरे का ढेर होने से लोग नाराज हैं। इसके चलते घर छोड़ने को लोग मजबूर हो रहे। कोई सुन नहीं रहा। कूड़ा घर में कूड़ा रखने के बजाय घर के बाहर कूड़ा फेंका जा रहा।

### संजय कुमार अध्यक्ष और ज्ञान प्रकाश बने महामंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय मिनीस्ट्रीयल एसोसिएशन उप्र. का चुनाव स्वास्थ्य भवन महानिदेशालय में संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर संजय कुमार अपने प्रतिद्वंदी जितेंद्र नाथ गुप्ता से एक मत से विजयी घोषित हुए, जबकि महामंत्री ज्ञान प्रकाश ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सोमेश श्रीवास्तव को 62 वोट के अंतर से करारी शिकस्त देकर विजय प्राप्त की। इसके अलावा एसोसिएशन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष लोकेश यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष तरुण यादव चुने गए। वहीं, कोषाध्यक्ष पद पर मनोज यादव, वरिष्ठ संयुक्त मंत्री अमित चौधरी, कनिष्ठ संयुक्त मंत्री नीरज वर्मा, संगठन मंत्री सागर श्रीवास्तव, ऑडिटर विवेक श्रीवास्तव, सांस्कृतिक एवं प्रचार मंत्री धीरेंद्र सिंह निर्विरोध चुने गए।

### आईटीआई अलीगंज में जॉब फेयर, 16 हजार प्रतिमाह का पैकेज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज में मध्यांचल इंफ्रा-1 कंपनी द्वारा सोमवार को रोजगार मेला लगाया गया। इसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी दूर दराज के जिलों से आईटीआई कैंपस पहुंचे। इस जॉब फेयर में मध्यांचल इंफ्रा-1 कंपनी शामिल हुई। जॉब फेयर का आगाज पूर्व डिप्टी मेयर लखनऊ प्रदीप शुक्ला के द्वारा किया गया। दोपहर तक करीब सवा सौ अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू के लिए रजिस्ट्रेशन कराया प्लेसमेंट अधिकारी एमए खान ने बताया कि मध्यांचल इंफ्रा-1 कंपनी भर्ती के लिए पहुंची थी। कुल 120 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें से 20 का सेलेक्शन हुआ। इनको 16 हजार तक की सैलरी ऑफर की गई है।

### राम मंदिर निर्माण से नई अयोध्या का उदय : सूचना आयुक्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद एक नई अयोध्या का स्वरूप उभर रहा है। उन्होंने बताया कि इस आध्यात्मिक वातावरण में संतों की प्रेरणा से आयोजित श्रीरामलीला के माध्यम से सनातन चेतना का जागरण हो रहा है। डॉ. अग्निहोत्री ने सरयू गेस्ट हाउस में संत पंकज कृष्ण शास्त्री से आशीर्वचन प्राप्त करने के बाद यह बात कही। उन्होंने मानवीय क्षमता की सीमा और नारायण की असीमित शक्ति के बारे में बताया। नारायण अवतार लेकर भी अनजान बनकर लीला का निर्वाह करते हैं। रामलीला इसी भाव की अभिव्यक्ति है। डॉ. अग्निहोत्री ने आगे कहा समय और तकनीक में बदलाव के बावजूद सदियों से रामलीला की परंपरा जारी है। उन्होंने रामचरितमानस को केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि गीत, कथा, प्रवचन और नाटक के रूप में जनमानस की आत्मा बताया। रामलीला लोक नाटक की एक जीवंत परंपरा है, जिसकी नींव तुलसीदास ने रखी थी। उन्होंने बताया कि तुलसीदास के शिष्यों ने सबसे पहले इसका मंचन किया था।

### पीएचडी स्कॉलर के फ्लैट में लगी आग, सिक्योरिटी गार्डों ने बुझाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में सोमवार सुबह पीएचडी स्कॉलर के फ्लैट में आग लग गई। इसमें किताबें और कपड़े जल गए। धुआं देखते ही सिक्योरिटी गार्डों ने फ्लैट का फायर एक्सटिंगिवीशर चालू कर आग बुझा दी। दरअसल, छात्रा नवरात्र की पूजा करके बाहर गई थी। घटना सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र स्थित सरयू एनक्लेव अपार्टमेंट की है। यहां डी/2 टावर के एक फ्लैट में आग लग गई थी। आग लगते ही अपार्टमेंट के निवासियों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि फ्लैट का सारा सामान जलकर राख हो गया।

### स्कूटी पर लात मारने वाले स्नेचर की हत्या, हिस्ट्रीशीटर की लाश मिली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में कारोबारी की स्कूटी पर लात मारने वाले स्नेचर की सीतापुर में लाश मिली है। उसके पैर के नाखून उखड़े थे। शरीर पर गंभीर चोट के निशान हैं। पुलिस का कहना है कि संजय यादव की हत्या करके शव सड़क किनारे फेंका गया। लखनऊ पुलिस हिस्ट्रीशीटर संजय यादव (40) की 9 दिन से तलाश कर रही थी। संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) बबलू कुमार ने रविवार को बताया था कि संजय पर 1 लाख रुपए का इनाम घोषित करने का प्रस्ताव तैयार कर पुलिस आयुक्त को भेजा गया था। इसकी आधिकारिक घोषणा बाकी थी। दरअसल, लखनऊ के गुडंबा इलाके में 20 सितंबर को कारोबारी अतुल जैन स्कूटी से जा रहे थे। तभी संजय ने अपने ममेरे भाई अरविंद वर्मा के साथ मिलकर अतुल की चेन लूट ली, जब अतुल लुटेरों का पीछा करने लगे तो संजय ने स्कूटी में लात मार दी। लात मारने से स्कूटी गिर गई। अतुल का सिर सड़क पर खड़ी पिकअप से टकरा गया। इससे उनकी मौत हो गई।

**प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी जनसमस्याएं**

# हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता,



पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे।

श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए, पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए।

फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### समस्याओं के समाधान को सरकार उठाएंगी हर संभव कदम

सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। श्री मौर्य ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे, यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। श्री मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद 18 अक्टूबर को करेगा प्रदर्शन

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का कर्मचारी जागरण अभियान 4 सितंबर से लगातार चल रहा है। प्रदेश के सभी जनपदों में भोजन अवकाश के समय परिषद के पदाधिकारी जनपदीय कार्यालयों में जाकर कर्मचारियों से संपर्क कर रहे हैं। कर्मचारियों की मांगों पर सरकार की उदासीनता से अवगत करा रहे हैं। मिर्जापुर, वाराणसी, सुल्तानपुर, महोबा हमीरपुर, गोरखपुर, कानपुर, सहित सभी जनपद शाखाओं के कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित प्रसारित किए जा रहे हैं। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी महामंत्री अरुणा शुक्ला उपाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ चौरसिया डीके त्रिपाठी ने कर्मचारी जागरण अभियान की समीक्षा की।

# महत्वपूर्ण और सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित किए जाएं पराग बूथ : धर्मपाल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ने के लिए दुग्ध समितियों का सुव्यवस्थित और सुनियोजित संचालन किया जाए। बंद समितियों को क्रियाशील कराया जाए और संचालित समितियां किसी भी दशा में बंद न होने पाए। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पराग की मार्केटिंग बढ़ाई जाए और दीपावली पर पराग के नये प्रोडक्ट लांच किये जाए।

पराग के उत्पादों की गुणवत्ता और उपलब्धता बनायी रखी जाए, कहीं से भी किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने निर्देश सोमवार को



विधान भवन के अपने कार्यालय कक्ष में दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिये। प्रदेश के महत्वपूर्ण एवं सार्वजनिक स्थानों पर पराग बूथ स्थापित किये जाये। त्योहारों में आमजन को पराग के सभी प्रकार के उत्पादों जिसमें दूध, दही, लड्डू, मक्खन, घी आदि की उपलब्धता के लिए अधिकारी कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। आम जनता की अपेक्षा के अनुरूप पराग के नये उत्पादों को भी तैयार कराया जाए।

### बलरामपुर अस्पताल को बेस्ट हॉस्पिटल किचन अवार्ड

**लखनऊ ।** बलरामपुर अस्पताल को बेस्ट हॉस्पिटल किचन अवार्ड मिला है। यह अवार्ड कलेक्ट्रेट में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) की ओर से आयोजित समारोह में दिया गया। बलरामपुर अस्पताल में 776 बेड हैं। रोजाना इमरजेंसी से लेकर विभिन्न वार्डों में 200 से 250 नए मरीज भर्ती होते हैं। इसमें आयुष्मान योजना से आच्छादित मरीज से लेकर लावारिस भी शामिल हैं। बलरामपुर अस्पताल में निदेशक कार्यालय पर बने बड़े किचन से रोजाना भर्ती मरीजों और तीमारदारों को सुबह और रात को दो टाइम शुद्ध शाकाहारी भोजन नि.शुल्क मुहैया कराया जाता है। सुबह और रात को मिलाकर करीब 2500 मरीज और तीमारदार को भोजन बांटा जाता है।

# पीएम योजना-शहरी 2.0 के तहत राज्य स्तरीय स्वीकृत व निगरानी समिति की बैठक संपन्न

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय स्वीकृत एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अंतर्गत भारत सरकार की यूनिफाइड वेब पोर्टल पर दिनांक 29 सितम्बर, 2025 को प्रातः 09.00 बजे तक प्राप्त 05 जनपदों (हरदोई, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, गाजीपुर और सहारनपुर) के 15 नगर निकायों में 18,573



आवासों की डीपीआर को अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अन्तर्गत आईएफएमएस पोर्टल (एसएनए स्पर्श प्रणाली) पर लाभार्थियों के भुगतान हेतु आधार बेस डीबीटी ऑप्शन इनेबल कराये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 17,70,293 आवास स्वीकृत किए गए। 17,60,263 आवासों का निर्माण भूमि पर प्रारंभ हो चुका है, जिसमें से 16,97,641 आवास पूर्ण हो चुके हैं, 72,652 आवास निर्माणाधीन हैं। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरु प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# पुराने आलू को नया बनाने के लिए हानिकारक रसायन के प्रयोग पर होगी कार्रवाई : जैकब

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने बताया कि विभिन्न जनपदों से प्राप्त सूचनाओं एवं निरीक्षण के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि पुराने आलू को नया आलू बनाकर विक्रय हेतु हानिकारक रसायन, अम्ल, लाल रंग, मिट्टी आदि का प्रयोग किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस कृत्य से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ने की संभावना है। 28 सितम्बर को सम्पूर्ण प्रदेश में विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत जनपदों में छापेमारी एवं प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। डा.



जैकब नेजिलाधिकारियों को पुरानी आलू को कृत्रिम ढंग से नया आलू बनाकर बिक्री किये जाने की गतिविधियों पर रोकथाम के लिए जनपदों में स्थित आलू भण्डारण केन्द्र, कोल्ड स्टोरेज तथा आलू मंडी का निरीक्षण एवं प्रभावी प्रवर्तन कराने की कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने 27 सितम्बर को जिलाधिकारियों को भेजे हुए पत्र में कहा है कि विभिन्न माध्यमों से यह सूचना प्राप्त हो रही है कि पुराने आलू को हानिकारक रसायन, एसिड का प्रयोग कर आलू के छिलके को पतला कर उन्हें पुनः लाल रंग मिली मिट्टी से रगड़ कर नया आलू बनाकर बेचा जा रहा है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने जनपद में स्थापित कोल्ड स्टोरेज तथा आलू मंडी प्रमुख बाजारों में टीम गठित करते हुए जांच कराये एवं इस प्रकार की घटना की जानकारी होने पर उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही तथा जब्तीकरण, नष्टीकरण की कार्यवाही करें। आयुक्त ने बताया कि अभियान के दौरान 737 निरिक्षण, 72 छापे, 35 नमूनों का एकत्रीकरण, आलू की जब्ती 754.59 क्विंटल लगभग 8.49 लाख रुपये मूल्य तथा कुल नष्ट किया गया।

### लखनऊ में व्यापारी की हत्या में फरार लुटेरे का शव मिला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में व्यापारी का पीछा कर लात मारकर गिराने और मारपीट कर लूट के आरोपित की लाश सोमवार को जनपद सीतापुर में मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना सिधौली क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की? शिनाख्त लखनऊ के बीकेटी निवासी संजय के रूप में की है। उसके शव के पास ही बाइक मिली है। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान पाए गये हैं। उसके बारे में पता करने पर जानकारी हुई कि लखनऊ और आसपास के जिलो में कई मुकदमें दर्ज हैं। अभी वो लखनऊ के एक मुकदमें में वांछित था और उस पर इनाम भी घोषित था।

# 31 अक्टूबर तक लाभार्थी चयन का कार्य कर लिया जाए पूर्ण : धर्मपाल

समृद्धि न्यूज

**पशुधन की संक्रामक रोगों से सुरक्षा के लिए कराया जाए शत-प्रतिशत टीकाकरण**

**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में किसानों एवं पशुपालकों के पशुधन को संक्रामक रोगों एवं अन्य बीमारियों से बचाव के बेहतर उपाय किये जाए। पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण कार्य किया जाए।

वैक्सीन एवं औषधियों की कोई कमी न होने पाए। इसकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रदेश के सभी ग्रामों में आवश्यकतानुसार टीकाकरण कराया जाये। प्रदेश में लम्पी स्किन डिजीज पर नियंत्रण पा लिया गया है फिर भी आवश्यक सतर्कता बरती जाए। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधान भवन के अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने निर्देश दिये कि वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया जाए और निरीक्षण के दौरान गौशालाओं हेतु आवश्यक व्यवस्थायें जिसमें चारा, भूसा, प्रकाश, पेयजल, औषधियों एवं अन्य पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाए। गोवंश की सुरक्षा के दृष्टिगत हाईवे और मुख्य सड़कों पर विचरण करते हुए गौवंश को रेडियम बेल्ट पहनाई जाए, जिससे वे दुर्घटना ग्रस्त होने से बच सके।

**आह्वान** — **बीजेपी ने शुरू किया आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान**

# 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ता भारत आत्मनिर्भरता का प्रमाण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का आह्वान करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल नीति नहीं 140 करोड़ भारतीयों की आस्था और संकल्प है।

कोविड संकट से लेकर आज तक भारत ने दिखा दिया है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आत्मनिर्भरता ही राष्ट्र की शक्ति बनती है। श्री चौधरी ने पार्टी के सूबाई दफ्तर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा ने 25 सितम्बर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से 25 दिसम्बर अटल बिहारी



वाजपेयी की जयंती तक आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी नामक राष्ट्रव्यापी 90 दिवसीय अभियान शुरू किया है।

अभियान का लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत के मार्ग को मजबूत करना, जिसके मूल में स्वदेशी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों से आह्वान किया है कि वे जो भी खरीदें, वह देश में ही बना हो मेक इन इंडिया और 'गर्व से कहो यह स्वदेशी है' का बोर्ड हर दुकान पर लगे। इसका अर्थ है भारत में बने उत्पादों और भारतीय कौशल को प्राथमिकता देना है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि स्वदेशी का मंत्र नया नही है। 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में और आजादी की लड़ाई के दौरान भी स्वदेशी आन्दोलन आधार बना था। 'वोकल फॉर लोकल' मंत्र के कारण कई क्षेत्रों में प्रगति हुई है। स्वदेशी कॉर्नर बनाने के लिए निवेदन करना और जो स्वदेशी सामान बेचेंगे उन्हें प्रमाण पत्र देने का भी अभियान चलाया जाएगा।

### खाद्य की बिक्री बढ़कर 1,70,000 करोड़ रूपये हुई

यूपीए के समय खादी की बिक्री 31,000 करोड़ से बढ़कर अब 1,70,000 करोड़ रूपये हो गई है। मोबाइल निर्माण की 2014 में केवल 2 कंपनियां थी जो अब बढ़कर 300 फैक्ट्रिया हो गई है और 99.2 मोबाइल 'मेड इन इंडिया' है। मोबाइल का निर्यात 1500 करोड़ से बढ़कर 2 लाख करोड़ रूपये हो गया है। खिलौनों के आयात में भी 52 प्रतिशत की कमी आई है और भारत ट्रैक्टर निर्माण में विश्व में नंबर वन है। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और पिछले चार वर्षों से सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने अभियान की रूपरेखा और गतिविधियों पर चर्चा करते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य स्वदेशी को एक जन आन्दोलन और राष्ट्रीय आन्दोलन बनाना है, जिसमें हर नागरिक को जोड़ा जाए। अभियान के तहत पूरे प्रदेश में सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। 1000 से अधिक स्वदेशी मेले लगाये जायेंगे और 500 से अधिक आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ और पदयात्राएं निकाली जाएगी। घर-घर जाकर स्वदेशी के स्टीकर लगाना और हर घर के लोगों से स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का संकल्प पत्र भरवाना भी करवाया जाएगा। वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के फायदों के बारे में जन-जन से जागरूकता फैलाने का कार्य अभियान के दौरान होगा।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत युवा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, कॉलेजों में कार्यक्रम, क्विज, निबंध प्रतियोगिताएं और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन कियाजाएगा।

आत्मनिर्भर भारत के रोडमैप में चार स्तम्भ बताए गए है जिनमें मजबूत अर्थव्यवस्था, हाई-जीडीपी विकास दर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा। विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर यूपीए के समय के 3.5 लाख करोड़ की तुलना में आज 11 लाख करोड रूपये खर्च, जिसके कारण एयरपोर्ट, रोड नेटवर्क और हाई-स्पीड ट्रेन वंदे भारत में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। सरल और पारदर्शी प्रणाली कर प्रणाली के अन्तर्गत 1,550 से अधिक पुराने कानूनों को समाप्त करना, 35,000 से अधिक कंप्लायंसेस को कम करना, और जीएसटी लागू करना। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और स्टार्टअप्स 500 से बढ़कर 1,59,000 में वृद्धि हुई है।






# संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया भेड़िया

**हमलों में चार बच्चों की मौत, 16 लोग घायल**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज के एक गांव में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक वयस्क नर भेड़िया मृत पाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब स्थानीय लोगों पर आदमखोर भेड़ियों के हमलों की खबरों के बाद क्षेत्र में इस हिंसक पशु के खतरे से निपटने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। आसपास के गावों में भेड़िये का आतंक है और हाल में भेड़ियों के हमलों में चार बच्चों की मौत हो गई है और 16 लोग घायल हुए हैं।

प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) राम सिंह यादव ने देर शाम संवाददाताओं को बताया, ''मझारा तौकली गांव में एक वयस्क नर भेड़िये का शव बरामद हुआ है। चिकित्सकों की समिति गठित कर पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। भेड़िये की मौत कैसे हुई इसकी पुष्ट जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही दी जा सकती है।'' इस सवाल पर कि क्या ये वही आदमखोर भेड़िया है जिसने आसपास के गांवों में आतंक मचा रखा है, डीएफओ ने कहा, संभावना तो यही है, लेकिन इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तथा जांच के बाद ही की जा सकती है।'' डीएफओ ने यह भी कहा, ''रविवार को ड्रोन कैमरे लगाकर वन विभाग की टीम बचाव अभियान चला रही थी। इस दौरान एक वन्यजीव का शव दिख। पास जाकर देखने पर वह वयस्क नर भेड़िया था। गौरतलब है कि कैसरगंज तहसील के मझारा तौकली गांव व आसपास के करीब 12 गांवों में नौ सितंबर से भेड़िये का आतंक व्याप्त है। भेड़िये के हमले में अब तक चार बच्चों की मौत हो चुकी है, इनमें से एक बच्चे का ना तो शव बरामद हुआ है, ना ही उसके कोई कपड़े अथवा अवशेष मिले हैं। हमलों में आधिकारिक तौर पर 16 ग्रामीणों के घायल होने की पुष्टि हुई है। भेड़िये को पकड़ने के लिए 21 कार्यबल तथा अन्य टीम जुटी हुई है।

ग्रामीणों के बीच जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भेड़िये के आतंक से प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया था। सर्वेक्षण के बाद भेड़िये के आतंक से पीड़ित जनता तथा आम नागरिकों से एक जनसभा में उन्होंने कहा था, भेड़िया पकड़ा ना जा सके तो उसे गोली मार दी जाए, जनता को इस समस्या से निजात मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने भेड़िये के हमले से घायल हुए प्रत्येक ग्रामीण को 50 हजार रुपये की राशि तत्काल देने के निर्देश दिए थे।

## तेंदुआ के हमले में युवक घायल


खेत से घर वापस आते समय किया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रामपुर धोबिया हार में तेंदुए ने युवक पर हमला कर घायल कर दिया था। जिले के चौकी बैवाही क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार गांव निवासी पप्पू पुत्र बैदूं उम्र करीब 25 वर्ष जो किसी कार्य को लेकर रविवार की देर रात अपने घर से खेत की तरफ गया हुआ था। खेत जाने के बाद वो घर वापस आ रहा था तभी गन्ने के खेत से अचानक तेंदुवा निकला और युवक पर हमला कर दिया किसी तरह से युवक ने अपनी जान बचाई और चीखा चिल्लाया तब जाकर तेंदुआ उसे छोड़कर कर भाग निकला, तेंदुवा के हमले के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने तेंदुवा को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाने की मांग की है। वहीं सूचना के बाद मौके पर वन विभाग की टीम में वाचर अखिलेश यादव, जवाहर लाल पहुंचकर घटना की पुष्टि की है। वन दरोगा शिवम पाण्डेय ने बताया कि तेंदुवा को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया जाएगा। सभी लोगों से निवेदन है कि शाम के बाद बिना कार्य घर से बाहर न निकले। सभी लोग समूह में जाय।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं का कन्यापूजन के बाद कराया गया भोज

**फखरपुर, बहराइच।** इस समय पवित्र नवरात्रि पर्व चल रहा है। ऐसे में कन्याओं को देवी मां के रूप में पूजन किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के तहत प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक पूजा सिंह ने सोमवार को छात्राओं के लिए कन्यापूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि बीएसए आशीष कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि बीईओ अनुराग कुमार मिश्र तथा बीईओ राकेश कुमार ने कन्याओं का पैर धुलकर अक्षत, रोली टीका से पूजन किया। सभी छात्राओं को पूड़ी, हलुआ, छोला व फल से भोग कराया गया। बीएसए ने छात्राओं को कापी, पेन व ज्योमेट्री बॉक्स देकर सम्मानित किए। बीएसए ने अपने संबोधन में कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिला शसक्तीकरण के लिए कन्या पूजन कार्यक्रम काबिले तारीफ है। इस मौके पर शिक्षक संजय सिंह, शिक्षिका श्रेया साहू, यशोदा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष अरुण अवस्थी, ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र, संगठन मंत्री प्रेम कुमार अवस्थी, मंत्री राकेश वर्मा, विकास अवस्थी मौजूद रहे।

# सीएचसी पयागपुर हुई अब 100 बेड का चिकित्सालय विधायक ने विधिवत पूजन-अर्चन कर किया लोकार्पण



समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच ।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत रक्तदान शिविर एवं औपचारिक रूप से विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने विधिवत लोकार्पण कर आमजन के लिए नव निर्मित 50 बेड फील्ड अस्पताल भवन सीएचसी पयागपुर को भेंट की।

कार्यक्रम का संचालन बीपीएम अनुपम शुक्ल ने किया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, डीपीएम सरजू खान ने संचालित अभियान के प्रति आमजन को जागरूक किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने सभी का कार्यक्रम में अभिवादन किया।

विधायक सुभाष त्रिपाठी ने चल रहे स्वास्थ्य शिविर के स्टॉलों का जायजा लिया। लाभार्थियों से मिल रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की साथ ही रक्तदान शिविर में 1 दर्जन से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

रक्तदान करने वाले में रेडक्रास संस्था के सदस्य सीएचओ राजनाथ सिंह, अनुराग सिंह छवि शर्मा, राहुल मित्तल, किशन केडिया, मंगल चंद्र, कृष्ण चंद्र शुक्ल आदि ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में निशंक त्रिपाठी उमाशंकर तिवारी आनंद पाण्डेय प्रदीप त्रिपाठी मुकेश शर्मा जागेश मिश्रा जगदेव पाण्डेय रोहित मिश्रा हिमांशु मिश्रा अनिल राठौर पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सांसद ने व्यापारियों को दी जीएटी की नई दरों की जानकारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बहराइच सांसद डा आनन्द गोंड ने रामपुर बाजार कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानदारों से मुलाकात की। उन्होंने व्यापारियों को जीएसटी की नई दरों के बारे में जानकारी दी। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारो के व्यापार जगत को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि इस कदम से महंगाई नियंत्रित होगी इससे आम लोगों को आवश्यक वस्तुएं कम कीमत पर उपलब्ध होगी। उन्होंने दुकानदारों और ग्राहकों से स्वदेशी खरीदो, स्वदेशी बेचो, और स्वदेशी अपनाने की अपील की। व्यापारियों ने जीएसटी दरों में की गई कमी का स्वागत किया। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक घनश्याम सिंह, जिला पंचायत प्रतिनिधि सालिक राम लोदी, प्रधान प्रतिनिधि रामपुर धोबिया प्रभात जायसवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश राजपूत, सुरेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत चौकी बैवाही की पुलिस तैनात दिखी।

### अज्ञात लोगों ने घर के बाहर लगाया चोरी का पर्चा



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** रामपुर धोबिया हार के एक घर के बाहर अज्ञात लोगों ने चोरी करने की धमकी भरा पर्चा लगाया है। जिले के चौकी बैवाही क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार में उस समय ह?कम मच गया जब गांव निवासी मुशीर अहमद के घर के बाहर दीवार पर एक धमकी भरा चोरी का पर्चा चिपका लोगो ने देखा। पर्चा में नीली कलम से लिखा गया है कि आज रात 1ः30 मिनट पर चोरों का गैंग आकर चोरी की घटना को अंजाम देगा। अब ऐसे में कुछ लोगों का कहना है कि ये किसी के द्वारा शरारत की गई है। तो कुछ महिलाओं ने बताया कि ये पहली बार हुआ है। जब कोई घर के बाहर दीवार पर ऐसा पर्चा लगाया गया है। फिलहाल ये पर्चा किसने लगाया ये किसी को पता नहीं है। मुशीर अहमद की पत्नी ने बताया कि मैं 12 बजे उठी थी तब पर्चा नहीं लगा था। बाद में ये लगाया गया कि। चौकी इंचार्ज बैवाही राम सुधार यादव ने बताया जांच की जा रही मैं पूरी रात गश्त करता हूं अगर को संदिग्ध दिखता है तो पूछताछ भी करता हूं।

### युवक पर दो नकाबपोशों ने किया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के फखरपुर इलाके में एक युवक पर दो नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। युवक के शोर मचाने पर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर खेत में फरार हो गए। इस हमले में युवक की नाक और गले पर चोटें आई हैं। फखरपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना उमरी दहलो ग्राम निवासी विशाल मिश्रा (लगभग 20 वर्ष) के साथ हुई। विशाल गोसाईगंज चौराहे से पैदल अपने घर जा रहे थे। रास्ते में खेत में छिपे दो नकाबपोशों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। विशाल के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख दोनों हमलावर खेत की ओर भाग गए। ग्रामीणों ने देर रात तक उनकी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। घटना की सूचना मिलने पर फखरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें युवक पर हमले की जानकारी मिली है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

सांसद आनंद गौड़ ने फुटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

### खेलो इंडिया अभियान के तहत बहराइच में आयोजन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद आनंद गौड़ ने जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष और सांसद खेल महोत्सव के अवसर पर किया गया। शुभारंभ के दौरान सांसद गौड़ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह खेल महोत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को स्वास्थ्य, अनुशासन, टीम स्पिरिट और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। सांसद ने खेलो इंडिया अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस अभियान ने देश के युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास जगाया है।उन्होंने जोर दिया कि मैदान पर पसीना बहाने वाले खिलाड़ी ही राष्ट्र को गौरव दिलाते हैं, और यही प्रेरणा आज देश भर में खेल महोत्सवों के रूप में दिख रही है। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुपमा धानुक, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, चंद्रभूषण सिंह, कल्याण सिंह, मानवेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' के तहत टीबी मरीजों को लिया गोद



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** देश में महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने के लिए 'स्वस्थ नारीङ्कसशक्त परिवार अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी मदद करने की पहल की गई। हाल ही में जिले के टीबी अस्पताल में 25 मरीजों को पौष्टिक आहार की पोटली भेंट कर गोद लिया गया, जिनमें 15 महिला और 10 पुरुष मरीज शामिल थे।

सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने बताया पुरुषों की तुलना में महिलाओं में टीबी अक्सर धीरे-धीरे बढ़ती है और लक्षण हल्के दिखते हैं, जैसे थकान, वजन कम होना या हल्का बुखार। इसके कारण बीमारी जल्दी पहचान में नहीं आती। टीबी के दौरान मरीज अक्सर दवा बीच में छोड़ देते हैं। महिलाओं को घर और बच्चों की जिम्मेदारियों के कारण भी दवा समय पर लेने में मुश्किल होती है। इसलिए महिलाओं को पुरुषों की तुलना में ज्यादा सहयोग और सहारा की जरूरत होती है।

**गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सलाह**

सीएमओ ने बताया महिला मरीज को इलाज के दौरान गर्भधारण से बचना चाहिए। इलाज पूरा होने और पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद ही गर्भधारण सुरक्षित है। इसके अलावा गर्भवती को टीबी है, तो उसका इलाज तुरंत शुरू होना चाहिए और दवा नियमित रूप से लेनी चाहिए। सही दवा और चिकित्सक की देखरेख से माँ और बच्चे दोनों सुरक्षित रहते हैं। इसके साथ ही पौष्टिक आहार लेना, पर्याप्त आराम करना और तनाव कम रखना जरूरी है।

**समाज और गोद लेने वालों का सहयोग**

डीटीओ डॉ. एम.एल. वर्मा ने कहा टीबी मरीजों को मानसिक सहारा भी चाहिए क्योंकि समाज में भेदभाव और तिरस्कार उन्हें परेशान कर सकता है। गोद लेने वाला व्यक्ति मरीज को पौष्टिक आहार, देखभाल और सहारा देता है। इससे मरीज अकेला महसूस नहीं करता और इलाज नियमित रहता है। गोद लेने की प्रक्रिया आसान है। कोई भी सक्षम व्यक्ति स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण कराकर टीबी मरीज को गोद ले सकता है। उन्होंने बताया निःक्षय पोषण योजना के तहत इलाजरत मरीजों को हर महीने 1,000 रुपये पोषण के लिए दिए जाते हैं।

> सरकार की मदद के साथ-साथ समाज का सहयोग भी जरूरी है। हर सक्षम व्यक्ति महिलाओं और बच्चों सहित अन्य टीबी मरीजों की मदद करके उन्हें स्वस्थ और मजबूत जीवन की ओर ले जा सकता है।
>
> अक्षय त्रिपाठी
> जिलाधिकारी, बहराइच

# सुजौली के मंदिर पर हुआ झांकी कार्यक्रम थानाध्यक्ष ने जनता को किया जागरूक

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले के सुजौली थाना क्षेत्र में स्थित मां दुर्गा मंदिर पर पत्रकार और बजरंग दल की टीम के द्वारा भाग्य दुर्गा माता की झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान हजारों की संख्या में माता रानी के भक्त मौजूद रहे देर शाम से चालू हुए कार्यक्रम में निघासन से आए सुनील सागर की टीम ने अलग-अलग तरीके की झांकियां का प्रदर्शन किया जिसको देखकर भक्त भाव विभोर हो गए।

इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे थाना अध्यक्ष संजौली प्रकाश चंद्र शर्मा ने नवरात्रि महापर्व की भक्तों को शुभकामना दी और इसके साथ-साथ उन्होंने सुजौली क्षेत्र की जनता को एक संदेश दे दिया उन्होंने कहा कि इस समय ड्रोन और चोरों की अफवाहें लगातार फैल रही हैं और उन्होंने जनता से कहा कि इस तरीके की अफवाहों से उनको बचना चाहिए जनता की सुरक्षा के लिए बहराइच पुलिस और आईबी और अन्य एजेंसी लगातार कार्य कर रही हैं पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है इस दौरान कार्यक्रम में कारीकोट माता मंदिर के महंत विनोद मिश्रा,ग्राम प्रधान सुजौली राजेश गुप्ता, थानाध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद्र शर्मा, पत्रकार विशाल अवस्थी, अंजनी चतुर्वेदी, आदर्श पांडे,कृष्णा पांडे, मनमोहन तिवारी, श्यामकरन चौहान, क्रांति मिश्र, रफीक, साहिल बजरंग दल के राम सिंह, अखिलेश जायसवाल, रामभजन मंजवार, रामनरेश के साथ राम खेलावन पाल, राम नेवल प्रजापति, उपनिरीक्षक अभिमन्यु मिश्रा के साथ अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने चलाया शोहदो मनचलों के खिलाफ विशेष अभियान



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** सोमवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन में प्रदेश भर में चलाये जा रहें मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक के नेतृत्व में कोतवाली नगर एंटी स्क्वॉड टीम* द्वारा जनपद गोण्डा के एलबीएस चौराहा,श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज व अन्य स्थानों पर शोहदों/मनचलों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा संदिग्धों से पूछताछ कर नाम,पता व चौराहों पर खड़े रहने का कारण पूछा गया। इसके साथ ही परिक्षेत्र स्तर पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन सुनिश्चित करने हेतु परिक्षेत्र के समस्त थानों पर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा कोतवाली नगर एंटी रोमियो स्क्वॉड टीम को स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों व सार्वजनिक स्थलों पर शोहदों /मनचलों के विरुद्ध विशेष अभियान जारी रखने के निर्देश दिये गये व छात्राओं, महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों (112, 1090, 181, 102,108, 1098,1076,1930) व शासन की कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने व साथ ही पम्पलेट्स वितरित कर सुरक्षा संबंधी सुझाव व जागरूकता संदेश देने हेतु निर्देशित किया गया।

## 10 साल की बच्ची पर कुत्ते का हमला, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**बहराइच।** जिले के रानीपुर इलाके के भागरीया गांव में रविवार शाम एक दस साल की बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्ची घर के बाहर बरामदे में लेटी थी, तभी कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। परिजनों ने चीख सुनकर लाठी-डंडों से कुत्ते को भगाया, जिससे उसकी जान बच सकी। घायल बच्ची को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। रानीपुर इलाके की निवासी मानसी ने बताया कि उनकी बेटी शांति (10) घर के बाहर बरामदे में लेटी हुई थी। तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके पैर में चोट लग गई। मानसी ने बताया कि उनकी चीख सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और डंडा मारकर कुत्ते को भगाया। इसके बाद वे शांति को इलाज के लिए अस्पताल ले आए। परिजनों ने यह भी बताया कि यह कुत्ता गांव में पहले भी कुछ लोगों को काट चुका है और मवेशियों पर भी हमला कर चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे कुत्तों को पकड़ने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# श्रीअन्न योजना के तहत किसान गोष्ठी संपन्न



समृद्धि न्यूज

**मनकापुर /गोंडा।** उप कृषि निदेशक जनपद गोंडा के सौजन्य से श्रीअन्न मिलेट्स पुनरुद्धार एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजना अंतर्गत दिनांक 29 सितंबर को पंचायत भवन वीरेपुर विकासखंड मनकापुर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रघुराज वर्मा ग्राम प्रधान वीरेपुर ने कृषकों से रबी मक्का की खेती करने का आह्वान किया। डॉ. राम लखन सिंह प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने रबी मक्का उत्पादन तथा मिलेट्स उत्पादन तकनीक की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रबी मक्का की संकर प्रजातियों में शक्तिमान एक, एचक्यूपीएम एक, पूसा संकर मक्का 5 आदि मुख्य हैं। संकर मक्का की उन्नतशील प्रजाति के बीज का चयन कर मध्य अक्टूबर से मध्य नवंबर के बीच में बुवाई करें। मक्का की वैज्ञानिक खेती से प्रति एकड़ लगभग 30 कुंतल मक्का का उत्पादन मिल जाता है। मक्का फसल एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत चयनित है। मक्का फसल की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य में की जा रही है। मिलेट्स उत्पादन तकनीक के अंतर्गत रागी, बाजरा, रामदाना आदि की वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी तथा बताया कि मोटे अनाज की खेती पर्यावरण के लिए लाभदायक है । रवि सिंह प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार ने दलहन तिलहन मिनी किट योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, रबी में कृषि निवेशों की आपूर्ति आदि की जानकारी दी । राजेश जायसवाल बीटीम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं कुसुम योजना, आशीष शुक्ला एटीएम ने कृषि यंत्रीकरण अनुदान योजना तथा पराली प्रबंधन, कमलेंद्र सिंह एटीएम ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती की जानकारी दी । इस अवसर पर कृषि विभाग के मनोज कुमार पांडे,पंचायत सहायक पूनम वर्मा सहित प्रगतिशील कृषकों जगदेव प्रसाद, छेदी सिंह, मनीष आजाद, राम तीरथ वर्मा आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

# नवरात्रि में 51 कन्याओं के पूजन कार्यक्रम का आयोजन




समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड बेलसर के प्राथमिक विद्यालय पूरे युगराज में नवरात्रि में 51 कन्याओं के पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रितेश मोहन ने बताया कि विद्यालय की 51 कन्याओं का पूजन वंदन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि तरबगंज विनोद कुमार पांडेय ने सभी कन्याओं में अपने हाथों से प्रसाद प्रदान किया विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बेलसर राम खेलावन सिंह ने कन्याओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय लेखाकार राजेश कुमार शुक्ल एवं यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा जनपद गोंडा के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने सरकार की मिशन शक्ति योजना की बधाई देते हुए उपस्थित जन समुदाय से परिषदीय विद्यालयों में अधिकाधिक नामांकन कराने की अपील की प्रधान प्रतिनिधि शुभम उपाध्याय एवं जिला पंचायत सदस्य विनोद पांडेय ने विद्यालय को हर स्तर पर सहयोग का भरोसा दिया तथा बालिकाओं को विधायक जी द्वारा प्राप्त आशीर्वाद स्वरूप पारितोषिक प्रदान किया।

कार्यकम का संचालन कंपोजिट विद्यालय के लौव्वा टपरा के वरिष्ठ शिक्षक बंशीधर उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक रघुवर दयाल तिवारी अमित यादव विभा सिंह प्रभा रानी आनंद पांडेय इंद्रदेव शुक्ला राकेश वर्मा आकांक्षा जायसवाल रमेश शुक्ला रोहित श्रीवास्तव संजय सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**निर्देश** | जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में उद्योग, श्रम व व्यापार बंधुओं की बैठक आयोजित

# सभी लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण कराएं अधिकारी

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा ।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में उद्योग बंधु, श्रम बंधु व व्यापार बंधुओं की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उद्योग बंधु की बैठक में सर्वप्रथम पिछले कार्यवृत्ति की अनुपालन स्थिति जानी गयी। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं से अवगत होते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त उद्योग के स्तर से आवेदनकर्ता की पात्रता व सभी संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद अधिकारियों को अग्रसारित किया जाय। सभी लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण हेतु विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया जाय।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उद्योग बंधुओं एवं व्यापार बन्धुओं व श्रम बन्धुओं की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान समय से करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त उद्योग व अन्य विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि व्यापार बन्धुओं व उद्योग बन्धुओं के व्यापार में अपेक्षित सहयोग करना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इंडस्ट्रियल एरिया हेतु जो भूखंड आवंटित किए गए थे उन सभी का गहनता पूर्वक जांच किया जाए, साथ ही जिन भूखंड अवंटी के द्वारा मौके पर उद्योग स्थापित कर संचालित किया जा रहा है, उनको छोड़कर जिनके द्वारा अभी तक उपरोक्त भूखंड पर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है, उनकी नियमानुसार निरस्त करने की कार्यवाही पूर्ण की जाए। बैठक में व्यापारियों ने अपने-अपने सुझाव दिये जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी मिलकर समस्या का समय से समाधान करायें। बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना एवं मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, इन्वेस्टर्स समिट सहित सभी अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को पीएम विश्वाकरमा योजना के आवेदनों का समय से सत्यापन कर दिया जाय। ताकि सभी लाभार्थियों का आवेदन समय से सत्यापन कर योजना का लाभ दिया जा सके। बैठक में डीसी उद्योग बाबूराम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जांच के दौरान कुछ इन्डस्ट्री बंद पाई गई या उनके स्थान पर अन्य बिजनेस पाया गया है। जिसको संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने टीम के साथ दोबारा जांच करके उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला उद्योग अधिकारी बाबूराम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, आयकर विभाग के अधिकारीगण ईओ नगरपालिका गोण्डा विशाल कुमार सहित उद्योग, व्यापार, श्रम बन्धु के पदाधिकारीगण अन्य सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत

**बछरावां, रायबरेली।** रेलवे क्रॉसिंग के निकट अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना क्रम के अनुसार 28 सितंबर रविवार रात्रि 9ः30 बजे के आसपास बछरावां कस्बा स्थित लालगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आ जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। जहां युवक का शव क्षत विक्षतअवस्था में पड़ा हुआ था। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस व जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, परंतु युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। युवक के दाहिने हाथ की कलाई में सूरज सरोज नाम अंकित है। तथा युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष का आकलन किया जा रहा है। रेलवे क्रॉसिंग से मात्र 100 मीटर की दूरी पर ही ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हुई है। युवक की शिनाख्त ना हो पाने की दशा पर मामला जीआरपी पुलिस के अंतर्गत आने के चलते पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कोचिंग एसो. ने पत्रकार सम्मान समारोह का किया आयोजन



**रायबरेली।** रायबरेली कोचिंग एसोसिएशन द्वारा होटल दीप पैलेस में पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शशिकांत शर्मा, प्रबंध निदेशक, न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध शायर मरूफ़ रायबरेलीवी तथा विशेष अतिथि मिलिंद द्विवेदी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।मंच संचालन आलोक श्रीवास्तव एवं तारिक़ खान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न सम्मान प्रदान किए गए। RCA रत्न सम्मान से आलोक श्रीवास्तव, शक्ति ओझा, अयाज़, अज़्मी जमाल, अमित शुक्ला, सूरज शुक्ला और नवीन सिंह को सम्मानित किया गया। RCA प्रेरणा सम्मान आशीष त्रिपाठी, मनीष निगम, अजय त्रिपाठी एवं दिलीप श्रीवास्तव को प्रदान किया गया।समारोह में समिति के पदाधिकारी—उपाध्यक्ष पवन विक्रम एवं रमा पांडेय, अध्यक्ष तारिक़ खान, महासचिव हिमांशु धानुक, संगठन मंत्री धर्मेंद्र वर्मा, महामंत्री अंकित सैनी, कोषाध्यक्ष देशराज तथा मीडिया प्रभारी मुकेश यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। रायबरेली कोचिंग एसोसिएशन ने इस अवसर पर सभी पत्रकार बंधुओं और सम्मानित अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### रायबरेली पुलिस ने किया बड़ा पर्दाफाश, आठ अंतरजनपदीय महिलाएं चोरी गिरोह की गिरफ्तार



**रायबरेली।** कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी की बड़ी साजिश रच रही आठ महिलाओं को गिरफ्तार कर शहर में सक्रिय गिरोह पर बड़ा प्रहार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार 13 सितम्बर को एसजेएस स्कूल के पास एक महिला के गहनों की चोरी हुई थी। जांच के दौरान सामने आया कि ये महिलाएं टीम बनाकर महिलाओं के गले से चेन, मंगलसूत्र और पर्स/पॉकेट काटकर चोरी की वारदातों को अंजाम देती थीं। गिरफ्तार महिलाएं, महिमा, शशिकला, सुनीता, सरिता, बिन्दु, गीता, रेखा और रिंकी—गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, महराजगंज और अंबेडकरनगर जनपद की रहने वाली हैं। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। इस कार्यवाही ने रायबरेली में महिलाओं को निशाना बनाने वाले चोरी गिरोह पर रोक लगाने में पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला संपन्न



**झरेखापुर।** (सीतापुर)। हरगांव विधान के झरेखापुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विद्या दीप स्कूल में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल प्रवासी राहुल जायसवाल ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने एक जिला–एक उत्पाद और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को गति देने पर जोर दिया। जायसवाल ने लोगों से अपने घरों से ही स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने इस अवसर पर हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी का नारा लगाकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। कार्यशाला में अनुज शुक्ला, चंद्रभाल कनौजिया, पंकज पांडेय, ब्रजेन्द्र सिंह, बाबूराम विश्वकर्मा, रामनन्दन राना, उमेश गुप्ता, सुमन सिंह, सुधीर मिश्रा और अभय सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर चोर गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में रवि कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अमेठी तथा उनि अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम व उनि दयाशंकर मिश्र प्रभारी सर्विलांस टीम पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। उसी दौरान थाना अमेठी के वायरलेस सेट द्वारा बताया गया कि नौगिरवा चौराहे पर पुलिस की चेकिंग से बचते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति काली मोटरसाइकिल से मुंशीगंज की तरफ भाग रहा है। घेराबन्दी करने के कुछ समय के बाद सामने से एक मोटरसाइकिल आती दिखायी दी जिसे पुलिस द्वारा रोकने पर चालक ने वाहन को मोड़कर भागने का प्रयास किया कि तभी मोटरसाइकिल फिसलकर गई और चालक बदमाश द्वारा पुलिस टीम फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा भी जवाबी कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा पास जाकर देखा गया तो उक्त बदमाश घायल अवस्था में पड़ा हुआ था जिसके बाएं पैर में गोली में गोली लगी हुई है। पूंछतांछ करने पर उसने अपना नाम अरुण पुत्र बैजनाथ निवासी बानथान थाना मुंशीगंज बताया। उसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक ओप्पो ए 78 मोबाइल व 1,400/– रुपये बरामद हुआ। मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में उसने बताया कि उसने थानाक्षेत्र अमेठी में कई जगह चोरियां की थी तथा कस्बा मुंशीगंज में भी चोरी की थी जिसमें पुलिस द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। बरामद मोबाइल फोन के बारे में बताया कि गौरीगंज में हुई मारपीट की घटना में मोबाइल फोन गिर गया था जिसे मैने उठाकर रख लिया था। घायल को उपचार हेतु पुलिस बल के साथ अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद अमेठी के थाना अमेठी, मुंशीगंज व गौरीगंज पर चोरी व नकबजनी आदि विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### राष्ट्रीय पोषण माह एवं मिशन शक्ति के अन्तर्गत डीपीआरसी में हुए विभिन्न कार्यक्रम



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर पर राष्ट्रीय पोषण माह 8.0 व मिशन शक्ति 5.0 से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जनपद की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा 6 माह के शिशुओं को पौष्टिक खाद्यान्न खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया गया तथा शिशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पौष्टिक खाद्यान्न व विभिन्न प्रकार के पौष्टिक फल प्रदान किये गये। इसके उपरान्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यावसायिक उद्यम कर स्वावलंबी,आत्मनिर्भर महिलाओं व अन्य महिलाओं को रोजगार देने वाली महिलाओं को तथा जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत सराहनीय कार्य करने वाली महिला सहायता चौकी जामो पर नियुक्त महिला मुख्य आरक्षी नीलम यादव व महिला आरक्षी सुचिता सोमवंशी, थाना रामगंज पर नियुक्त महिला आरक्षी ज्योति सोनकर, महिला सहायता प्रकोष्ठ गौरीगंज में नियुक्त म.हे.का. ऊषा सिंह, म.का. उर्वशी सिह, म.का. शकुन्तला व म.का. अंजली राजपूत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

# डीएम ने आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु बाल मैत्री किट का किया वितरण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत जनपद रायबरेली के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाये जाने हेतु 400 आगंनबाड़ी केन्द्रों को बाल मैत्री किट का वितरण जिला पंचायती राज रिर्सोस सेन्टर दरीबा में किया।

जनपद में पहले चरण में नवम्बर 2024 में 424 आंगनवाड़ी केन्द्रों को बाल मैत्री किट वितरित किया गया था। किट वितरण की सफलता के पश्चात द्वितीय चरण में जनपद की समस्त 2700 आंगनवाड़ी केन्द्रों हेतु बाल मैत्री किट वितरण किये जाने का निश्चय किया गया, जिसके क्रम में आज शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर जनपद स्तर पर पंचायती राज विभाग के सहयोग से 400 आंगनवाड़ी केन्द्रों को बाल मैत्री किट वितरित की गयी, जिसमें 1 इन्फैन्टोमीटर, 1 स्टेडियोमीटर, 1 वयस्क हेतु डिजीटल वजन मशीन, 2 प्लास्टिक कुर्सी, 1 डिजिटल थर्मामीटर, 1 दरी, 2 पर्दे एवं 1 बीपी मशीन उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही अन्य विकास खण्डों को विकास खण्ड स्तर पर 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती व विजयदशमी के अवसर पर शेष बची आगंनबाड़ी केन्द्रों को बाल मैत्री किट वितरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में महिलाओं की सुरक्षा एवं उनका सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन हमारी पहली प्राथमिकता है, जिसके लिये जिला प्रशासन निरन्तर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए किट का वितरण किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं एवं बालिकाओं का शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के सम्बन्ध में भी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित कर जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि किट में शामिल वस्तुओं से आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं की स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार होगा।

### अज्ञात चोरों ने लॉक तोड़कर लाखों के जेवरात किया पार

**सलोंन, रायबरेली।** अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। जहां दरवाजा तोड़कर घर में रखे लाखो रुपए के जेवरात व नगदी पार कर दिया।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के दुबहन गांव का है।जहां बेखौफ अज्ञात चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घर मालिक के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। जिससे पीड़ित के होश उड़ गए। पीड़ित आलोक ने बताया दिल्ली गए थे वहां से वापस आने पर देखा कि गेट का लॉक टूटा है? घर के अंदर गए तो सामान इधर–उधर बिखरा पड़ा था और अलमारी का लाकर भी टूटा था।जिससे पता चला कि घर में रखें सोने चांदी के जेवरात चोरों द्वारा पार कर दिया गया।जिसकी कीमत लगभग 6 लाख रुपए है। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

## दुर्गा पूजा महोत्सव में बच्चों ने बिखेरे जलवे

**▸ आकर्षण का केंद्र बना मां दुर्गा के प्रतिदिन श्रृंगार का कार्यक्रम**



**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ कस्बे के मुराई बाग चौराहे के पास स्थित सहकारी संघ में श्री नवदुर्गा जन कल्याण समिति द्वारा पिछले करीब 28 वर्षो से नवरात्र के दोनों पक्षों में दुर्गा पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें गायन, नृत्य, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी, झांकी, म्यूजिकल चेयर, पासिंग फुटबॉल सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है स्थानीय नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रम में बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह रहे हैं बीती रात आरती के पश्चात आरंभ हुई झांकी प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न देवी रूपों में सजकर आए बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए भक्तों की खूब तालियां बटोरी श्री नवदुर्गा जन कल्याण समिति डलमऊ द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा में इस बार प्रतिदिन माता के वस्त्र बदलकर एवं उनका अलग-अलग देवी रूपों में श्रृंगार कर माँ की आराधना की जा रही है जो देवी भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रम एवं माता के अलग-अलग रूपों के दर्शन आरती पूजन करने के लिए देवी भक्तों की भारी भीड़ उमड रही है दुर्गा पूजा कमेटी के संस्थापक सदस्य प्रदीप शुक्ला राजेंद्र वैश्य विजयकरन शुक्ला ने बताया कि कमेटी द्वारा पिछले करीब 28 वर्षो से नवरात्र के दोनों पक्षों में दुर्गा पूजा कार्यक्रम का आयोजन देवी भक्तों के सहयोग से किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन आरती पूजन एवं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम तथा आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाता है।

## महिला उपनिरीक्षक मनीषा पटेल ने छात्राओं को महिला सशक्तीकरण, साइबर अपराध से बचाव के सिखाए गुर

**▸ रास्ते में कोई करता है छेड़छाड़ तो 1090,181 पर करें कॉल: मनीषा पटेल**

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम, चौपाल के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक एवं अधिकार के प्रति जागरूक करने के साथ ही साइबर सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। गौरतलब हो कि सोमवार को शिवगढ़ थाना की महिला उपनिरीक्षक मनीषा पटेल के नेतृत्व में शिवगढ़ पुलिस द्वारा लगातार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले शिक्षण संस्थान कंपोजिट विद्यालय गूढ़ा ,शैल अवधेश पब्लिक स्कूल खजूरों, बरखंडी महाविद्यालय शिवगढ़ में पहुंचकर कॉलेज में मौजूद छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने के साथ ही साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। आपको बताते चलें कि जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एस आई मनीषा पटेल ने छात्राओं को बताया कि जब भी आपके साथ कोई अप्रिय घटना घटे तो उसको छुपाने की बजाय अपने शुभचिंतकों को जरूर बताएं जो भी महिलाएं या बालिका किसी बात को लेकर परेशान हो और अपने परिवारीजन से ना कह पाती हों वह थाने पहुंचकर महिला पुलिसकर्मी से अपनी समस्या जरूर बताएं जिससे कि आप सभी को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े साथ ही उन्होंने बताया की यदि कहीं भी आते-जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो छात्राएं बेझिझक होकर इन हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दे। बालिकाओं को समाज बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया साइबर अपराध की रोकथाम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यदि आपके पास कोई भी अपरिचित नंबर से कॉल आए और आपके बैंक अकाउंट की जानकारी एटीएम का पिन कोड,ओटीपी आदि की जानकारी मांगे तो वह कतई शेयर ना करें या फिर किसी भी स्थिति में आपके साथ साइबर क्राइम हो जाए तो तुरंत आप साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी प्राथमिकी दर्ज कर दे जिससे समय रहते आपकी सहायता की जा सके।

## नौ वस्तुओं से उतारी गयी मां की आरती

**▸ समाज को सन्देश देने वाली नाट्य का मंचन आज**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



आँख अस्पताल परिसर में आयोजित श्री श्री सार्वजनिन दुर्गोत्सव में महासप्तमी पूजा पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से पधारे पुरोहित दुर्गा पदो चक्रवर्ती द्वारा मंत्रोउच्चारण शंख एवं घंटा व धाक की ध्वनि के साथ विधि विधान के साथ संपन्न कराया। वहा पर उपस्थित श्रद्धालु महिलाओ ने केले के वृक्ष को स्थापित कर वस्त्र पहनाया गया। श्रद्धालुओ द्वारा माँ को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। दोपहर को भण्डारे का आयोजन हुआ सायकाल की बेला में माँ दुर्गा की आरती पुरोहित दुर्गा पदो चक्रवर्ती ने पंचमुखी दीपक, कपूर से भरा दीपक, धूपची, जल से भरा हुआ शंख, तौलिया, हाथ वाला पंखा, रेशे वाला पंखा, पान व सुपाड़ी से आरती की। तत्पश्चात माँ को हलुवा, नारियल व विभिन्न प्रकार के लड्डुओं का भोग लगाया गया। दिनाक 30 सितंबर की शाय 8 बजे राष्ट्रीय सेवा परिषद व एस जे डी इंडिया फाउंडेशन के द्वारा समाज को सन्देश देने वाली नाट्य सच का आयना की प्रस्तुति की जाएगी इस दौरान एन एन चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, श्यामल दत्ता, पंकज मुखर्जी, दीपक विश्वास, शांतनु दत्ता, निमिष दास, प्रदीप राय, नीता मुखर्जी, नीता दास, श्यामली पोले, अपर्णा दास, गीतिका दत्ता, देवो श्री दास, वंदना राय, इला दत्ता आदि उपस्थित रहे।

## केनरा बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज़।**



भारत की अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक केनरा बैंक ने बिसवां क्षेत्रवासियों को नई सौगात देते हुए अपनी नई शाखा का शुभारंभ किया। सोमवार को नगर के जहांगीराबाद मार्ग स्थित मंशाराम चुंगी चौराहे के पास आयोजित भव्य समारोह में शाखा का उद्घाटन बैंक की उपमहाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख सुनीता कुमारी, एमएलसी जासमीर अंसारी, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह शाखा प्रबंधक शशांक भारती तथा समाजसेवी रंजना सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-पूजन से हुआ। इस अवसर पर सुनीता कुमारी ने कहा कि यह शाखा स्थानीय व्यापार और व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान देगी। उद्घाटन समारोह में एमएलसी एवं पूर्व विधायक जासमीर अंसारी, समाजसेवी शरद चौधरी, अशोक बाजपेई, क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक कृष्णकांत, पंकज सिंह राजशेखर सिंह, शब्बीर नेता, पीयूष बाजपेयी विजय अवस्थी नरेश गौड़, विवेक पांडे, विशाल श्रीवास्तव, आशीष सिंह, नूर नेता, रिजवान अहमद, रईस प्रधान, सईद अहमद, राजेश सिंह, नीरज श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### मूर्ति स्थापना हेतु पेड़ काटने के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के महमदपुर गांव में सोमवार की सुबह गूलर के पेड को काटने को लेकर जगप्रसाद यादव व अमित सरोज में शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस मारपीट में दोनों ओर से करीब आठ लोग घायल हो गए। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद किसी तरह हालात काबू में आए। सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जगदीशपुर ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र यादव यादव ने बताया कि गांव के पास एक गूलर का पेड़ था। मूर्ति स्थापना की प्रक्रिया के दौरान पेड़ को काटने का मुद्दा उठा। एक पक्ष ने पेड़ हटाने पर जोर दिया जबकि दूसरा पक्ष इसके विरोध में था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में शुरू हुई कहासुनी अचानक मारपीट में बदल गई। इस घटना में एक पक्ष से अमित सरोज, गया बक्स सिंह, अनीत सिंह, तो दूसरे पक्ष से जगप्रसाद यादव, दिनेश यादव, दुर्गेश यादव, धर्मेंद्र यादव, यशवंत यादव को चोटें आईं। पुलिस की माने तो स्थिति नियंत्रण में है और गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और शांति भंग करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। घटना के बाद गांव में अफरा–तफरी का माहौल रहा और दोनों पक्षों के लोग एक–दूसरे को दोषी ठहराते नजर आए। उनका कहना था कि बिना वजह मारपीट की गई जबकि दूसरे पक्ष के परिजन इसे अपनी मजबूरी बता रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक महमदपुर गांव में पहले कभी इस तरह का विवाद नहीं हुआ था। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर धीरेंद्र यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना खैराबाद क्षेत्रांतर्गत एमजे गोल्डन पैलेस खैराबाद में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित उपस्थित अधिकारियों एवं विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका इण्टर कालेज खैराबाद, राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय रहीमाबाद, एमएस पब्लिक स्कूल, जीडी गोयनका, पं सूर्यदत्त आनंदी सहगल बालिका विद्यालय, स्टडी प्वाइंट, जीवन ज्योति इण्टर कालेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं, आशा बहनों, समूह की महिलाओं एवं पुलिसकर्मियों आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद बेबी अभिषेक गुप्ता एवं थाना प्रभारी खैराबाद अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों हेतु शिकायत पेटिकाएं वितरित की गयी। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए, जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत पूरे जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शासन की मंशा के अनुसार बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक एवं सशक्त किए जाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे प्राप्त किए जाने हेतु पूर्ण मनोयोग से प्रयास करें एवं स्वावलंबी बने। इसी से समाज एवं देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने आश्वस्त किया की प्रशासन, पुलिस एवं सरकार सदैव आपके साथ हैं। डीएम ने कहा कि महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु नियम बनाए गए हैं। महिला संबंधित अपराध करने वालों के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में शिकायत पेटिकाओं की व्यवस्था की गयी है, यदि कोई परेशान करता है तो छात्राएं शिकायत पेटिका में गोपनीय रूप से अपनी शिकायत डाल सकती हैं। सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद बेबी अभिषेक गुप्ता, थाना प्रभारी खैराबाद अनिल कुमार सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं, आशा बहने एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित रहीं। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## इन्हौना पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का हुआ स्वागत



**अमेठी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचीं।इन्हौना चौराहे पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष अमेठी सुधांशु शुक्ला, सिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, समाजसेवी नेता राम किशोर त्रिवेदी बब्लू, प्रियांशु त्रिवेदी, अभिषेक फतेपुर, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सिंहपुर नवीन श्रीवास्तव, भाजपा नेता बच्चूलाल यादव, सराय माधव प्रधान रिंकू सिंह, अश्वनी सिंह, राजेश कुमार मौर्य और बीरेंद्र कुमार मौर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। भव्य स्वागत के बाद स्मृति ईरानी ने सिद्धपीठ अहोरवा भवानी धाम, दुर्गन धाम और कालिकन धाम में दर्शन-पूजन किया। उनके साथ राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह भी मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा मां भवानी के चरणों में दर्शन करने का सौभाग्य मिला मेरी कामना है कि देश की अर्थव्यवस्था सशक्त बने और हर नागरिक स्वस्थ रहे। दर्शन के बाद स्मृति ईरानी गौरीगंज स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर लखनऊ होते हुए दिल्ली रवाना होंगी।

### एसपी ने कालिकन धाम मंदिर का भ्रमण कर जांची सुरक्षा व्यवस्था

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** त्यौहार दुर्गा पूजा एवं दशहरा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजनमानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से रविवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस बल के साथ थानाक्षेत्र संग्रामपुर स्थित मां कालिकन धाम मेला स्थल में पैदल गश्त कर दुर्गा पूजा पण्डाल व कालिकन धाम मन्दिर का भ्रमण कर वहाँ पर मौजूद दुर्गापूजा आयोजन समिति के सदस्यों से वार्ता की गई तथा सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। साथ ही सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने हेतु बताया गया। लोगों से त्यौहार को मिलजुलकर मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने व अफवाहों को फैलने से रोकने के संबन्ध में अपील की गयी।

## शिक्षा से प्रगति और आस्था से मिलती है शक्तिः सांसद केएल शर्मा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



लोक प्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा ने सोमवार को संसदीय क्षेत्र कौहार स्थित सैनिक स्कूल को एक नई बस भेंट कर छात्रों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी के प्रस्ताव और प्रयास पर स्थापित सैनिक स्कूल का हर छात्र देश की सुरक्षा और गौरव में अपार योगदान देगा। यह स्कूल देश के लिए वीर सैनिक और जिम्मेदार अधिकारी तैयार करता है और मेरे इस छोटे पहल से विद्यार्थियों की सुविधा बढ़ेगी। नवरात्रि के अवसर पर सांसद जी ने क्षेत्र के कई धार्मिक स्थलों में आस्था और श्रद्धा के साथ दर्शन किए। उन्होंने मां दुर्गा के चरणों में मत्था टेककर अमेठी की खुशहाली की कामना की। इस क्रम में वे दुर्गन धाम, शमसेरियन भवानी एवं दादरा स्थित माँ हिंगलाज मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की समृद्धि, सुरक्षा और सम्मान के लिए पूजा अर्चन एवं प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, साधना और विश्वास का प्रतीक है। मां भगवती की कृपा से ही समाज में न्याय, प्रेम और सद्भावना बनी रहती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बताया कि अमेठी की जनता सांसद जी की सक्रियता, संवेदनशीलता और हर कदम पर जनहित को प्राथमिकता देने वाले दृष्टिकोण को हमेशा सम्मान और स्नेह के साथ देखती रही है शिक्षा, सम्मान, धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी निष्ठा क्षेत्र में खुशहाली और विकास का प्रेरक उदाहरण है। सांसद जी की यह पहल और नवरात्रि की आस्था से प्रेरित कार्यक्रम अमेठी के लोगों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। कार्यक्रम में शाहगढ ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, नरेंद्र मिश्र, प्रवक्ता अनिल सिंह, रामलखन शुक्ल, प्रशासनिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल सुधीर जाखड़, लेफ्टिनेंट कर्नल सतवीर सिंह प्रधानाचार्य, राजेश्वर तिवारी, अनुपम पाण्डेय, शत्रुघ्न सिंह, गीता सिंह, सुनील सिंह, अवनीश मिश्रा, युका अध्यक्ष शुभम सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गिरफ्तारी पर सवाल

हाल ही में लेह में हिंसा का घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी तो है लेकिन अराजक होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। लेकिन सत्ताधीशों को प्रतिरोध व बेचौनी के निहितार्थों को संवेदनशील ढंग से समझना चाहिए। लद्दाख में जनाक्रोश के कारण समझे जाने चाहिए। कहीं न कहीं लोगों को केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद की आकांक्षाएं फ्लीभूत होती नजर नहीं आयी। उन्हें लगा कि उनकी भूमि व संसाधन बाहरी दबाव में आ सकते हैं। यही डर है जिसकी वजह से लोग संवैधानिक सुरक्षा की मांग छठी अनुसूची के रूप में करते रहे हैं। पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक लगातार चेताते भी रहे हैं कि अस्मिता की अनदेखी असंतोष को गहरा सकती है। इसको लेकर केंद्र से वांगचुक की अगुवाई में कई दौर की बातचीत भी हुई। कहीं न कहीं अगस्त 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद किए वायदों को लेकर छह साल बाद लोगों का सब्र जवाब देने लगा।

वांगचुक इस मुद्दे पर लंबे समय से आंदोलन करते रहे हैं। बीते साल मार्च में वह 21 दिनों के अनशन पर बैठे थे। दिल्ली पदयात्रा के दौरान भी उन्होंने अनशन किया था। उनका आंदोलन अहिंसक ही रहा है। केंद्र से कई मुद्दों पर मतैक्य न होने के बावजूद वे बातचीत के हामी रहे हैं। लेकिन हालिया हिंसा के बाद उनकी गिरफ्तारी को लेकर देश में विपक्षी दलों व जन आंदोलनों से जुड़े लोगों ने सवाल उठाये हैं। उनका मानना है कि लद्दाख के लोगों की चिंताओं पर संवेदनशील ढंग से विचार हो। दरअसल, वांगचुक और लद्दाख के लोगों की चिंता रही है कि यदि शासन में उनकी भागीदारी न रही तो लद्दाख के प्राकृतिक संसाधनों का गलत तरीके से उपयोग हो सकता है। दरअसल, वांगचुक उस छठी अनुसूची के क्रियान्वयन की मांग करते रहे हैं, जिसमें स्वशासन व स्वायत्तता निहित है। पूर्वोत्तर के कई जनजातीय बहुल राज्यों को इसके अंतर्गत संरक्षण मिला हुआ है।

सर्वविदित है कि वांगचुक रचनात्मक, सामाजिक अभियानों व पर्यावरण अभियानों से जुड़े रहे हैं। उनके कृत्रिम ग्लेशियर बनाने के प्रयासों की पूरी दुनिया में चर्चा हुई है। उनके कार्यों की लोकप्रियता का आलम ये रहा है कि उनके रचनात्मक विचारों व शिक्षा पद्धति पर आधारित फिल्म 'थ्री इडियट' देश में हिट रही। निश्चित ही सख्त धाराओं में उनकी गिरफ्तारी का देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि उनके आंदोलन व जनाक्रोश का लाभ सियासी रस्साकशी में लगे लोगों ने उठाया हो। वक्त की जरूरत है कि आंदोलन में शामिल संगठनों को बातचीत की मेज पर लाया जाए। जिससे कारगिल की अस्मिता से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को संबोधित किया जा सके। लोकतंत्र में मांगों के समर्थन में जनआंदोलन उसकी खूबसूरती भी है। जिसको लेकर सत्ताधीशों को उदारता अपनानी चाहिए। हमारा स्वतंत्रता संग्राम ऐसे आंदोलनों से ही सशक्त हुआ था। हमें ध्यान रखना चाहिए कि लद्दाख महज एक चुनावी क्षेत्र नहीं है, पाक-चीन सीमा से सटा यह इलाका सामरिक व सांस्कृतिक दृष्टि से भी संवदेनशील है। यह बात दिल्ली तक सुनी जानी चाहिए।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी : सेवा, समरसता व पुनरुत्थान का संकल्प

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सौ वर्ष पूरे कर रहा है। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने इसकी नींव रखी थी। सवाल यह है कि इस संगठन ने भारत के समाज, राजनीति और संस्कृति को क्या दिया और अगले सौ वर्षों में इसकी भूमिका क्या होगी? आलोचक इसे संकीर्ण विचारधारा का संगठन कहते रहे हैं, किंतु समर्थक इसे भारत के सबसे बड़े स्वयंसेवी नेटवर्क के रूप में देखते हैं। तथ्य यह है कि आंकड़े और घटनाएं इसकी व्यापक उपस्थिति और प्रभाव की गवाही देते हैं।

सेवा के आंकड़े और अनुभवः आरएसएस की ताकत उसकी सेवा-परंपरा में दिखती है। कोविड-19 महामारी के दौरान सेवा भारती और संघ के स्वयंसेवकों ने 118 कोविड देखभाल केंद्र और 287 आइसोलेशन केंद्र चलाए। 4,193 प्लाज्मा दान की सुविधा दी गई और हेल्पलाइन पर 88 हजार से अधिक कॉल संभाले गए। 92,656 सेवा स्थलों से 73 लाख राशन किट, 45 लाख भोजन पैकेट और 90 लाख मास्क वितरित हुए। क्या ये महज आँकड़े हैं या यह उस संगठन की क्षमता का प्रमाण है जो बिना सरकारी ढांचे के भी लाखों लोगों तक पहुंच बना सकता है?

देखा जाए तो यह सेवा केवल कोविड तक सीमित नहीं रही। 1947 में विभाजन के समय शरणार्थी शिविरों में मदद, 1962 और 1971 के युद्धों के दौरान सहयोग, 1984 के दंगों में सिखों को शरण और 2001 के गुजरात भूकंप में पुनर्निर्माण का समय क्यों न रहा हो, ये सभी उदाहरण बताते हैं कि संघ संकट की घड़ी में मौन रहकर काम करता है। यही कारण है कि आलोचना के बीच भी समाज के बड़े हिस्से में उसे भरोसे की नजर से देखा जाता है।

**संगठन का फैलाव :** मार्च 2025 तक संघ की शाखाओं की संख्या 83 हजार से अधिक हो चुकी है। इनमें 52 हजार दैनिक और 22 हजार साप्ताहिक शाखाएं शामिल हैं। एक वर्ष में शाखाओं की संख्या में 10 हजार की वृद्धि दर्ज हुई है। यह निश्चित तौर पर संगठनात्मक रूप से सामाजिक आधार की मजबूती का संकेत है।

**शताब्दी और पंच परिवर्तन :** संघ ने अपनी शताब्दी पर पंच परिवर्तन का आह्वान किया है, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, स्व और कर्तव्य बोध। सवाल यह है कि क्या ये पांच सूत्र केवल आंतरिक नारे हैं या इन्हें समाज के व्यापक विमर्श में बदलने की क्षमता संघ के पास है? सामाजिक समरसता पर संघ की पहल ध्यान देने योग्य है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति और वंचितों के लिए मंदिर प्रवेश अभियान, हाशिए के वर्गों से पुजारियों का प्रशिक्षण, एकल विद्यालयों के जरिए अजजा बच्चों की शिक्षा ये प्रयास दिखाते हैं कि संघ जातिगत विभाजन के मुद्दे को केवल बहस में नहीं, व्यवहार में भी संबोधित करने की कोशिश कर रहा है।



स्वतंत्र भारत में संघ का जोर राष्ट्र निर्माण पर रहा। विद्या भारती, सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम और सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संगठनों ने शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में बड़ा नेटवर्क खड़ा किया। आपदाओं के समय राहत पहुंचाने में संघ की तत्परता ने उसे स्थानीय स्तर पर स्वीकार्यता दिलाई। दार्शनिक स्तर पर दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और दत्तोपंत ठेंगड़ी का वैकल्पिक आर्थिक चिंतन संघ से जुड़े विचारकों की देन है। इन विचारों ने भारत को पूंजीवाद और समाजवाद के बीच तीसरा रास्ता सुझाने की कोशिश की। गांधीजी की हत्या के बाद 1948, आपातकाल के दौरान 1975 और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1992 में संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगा। हर बार वह और मजबूत होकर लौटा। आलोचक इसे राजनीतिक संरक्षण मानते हैं, समर्थक इसे संगठन की आंतरिक शक्ति। सच्चाई निश्चित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार में है जो भारत माता के लिए अपना सवस्व समर्पण कर देने की प्रेरणा सतत देती है। इसलिए संघ ने स्वयं को राजनीतिक दल की तरह नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संगठन की तरह प्रस्तुत किया है। वस्तुत: संघ की शताब्दी तीन संदेश देती है; पिछली सदी अगर लचीलेपन की थी तो अगली पुनरुत्थान की होगी। पिछली सदी अगर जागृति की थी तो अगली क्रियाशीलता की होगी। पिछली सदी अगर अस्तित्व की थी तो अगली नेतृत्व की होगी। सवाल यही है कि जब इतिहास हमें पुकारेगा, तब हम दर्शक बनेंगे या सहभागी। भारत माता तालियां नहीं, कर्म मांगती है। सौ वर्ष पूरे करने के बाद संघ ने जो संकल्प लिया है, वह केवल उसका नहीं, पूरे समाज का है। अब देखना यही होगा कि अगली सदी में यह संगठन मौन तपस्वी साधक बनकर भारत को कितनी शक्तिशाली दिशा में लेकर जाता है!

**जाति विमर्श और ऐतिहासिक संदर्भ :** आरएसएस बार-बार कहता रहा है कि जाति व्यवस्था जन्म आधारित नहीं, बल्कि गुण और कर्म आधारित थी। भगवद्गीता का हवाला दिया जाता है कि समाज का विभाजन कर्म और स्वभाव से हुआ था। सवाल उठता है कि अगर यह परंपरा इतनी समानतामूलक थी तो समाज में जातिगत भेदभाव क्यों कायम हुआ? संघ का तर्क है कि औपनिवेशिक शासन ने जनगणना और मार्शल रेस जैसी अवधारणाओं से जातियों को कठोर बनाया। अंग्रेजों ने प्रशासनिक सुविधा के लिए लोगों को जातियों में बाँटा और यह विभाजन समाज में स्थायी हो गया। आलोचक इसे इतिहास का सरलीकरण मानते हैं, किंतु यक इस तथ्य को किसी भी स्तर पर नकारा जा सकता है कि उपनिवेशकालीन नीतियों ने जातीय पहचान को मजबूत किया? स्वभाविक है, नहीं, इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस संदर्भ में जो कह रहा है वह सत्य ही है।

**स्वतंत्रता संग्राम का प्रश्न :** आलोचक अकसर पूछते हैं कि संघ ने स्वतंत्रता आंदोलन में क्या किया। गांधीजी की हत्या के बाद लगा प्रतिबंध आज भी इस प्रश्न को जीवित रखता है। लेकिन संघ के दस्तावेज बताते हैं कि 1930 की पूर्ण स्वराज घोषणा का समर्थन शाखाओं ने किया, 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में विदर्भ के चिमूर-आष्टी विद्रोह में स्वयंसेवक शहीद हुए और अरुणा आसफ अली जैसे नेताओं को आश्रय दिया गया। संघ राजनीतिक मोर्चे पर नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक आधार को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। यह रणनीति सही थी या गलत, इसका मूल्यांकन इतिहासकारों के मतभेदों में ही संभव है। पर जो बात साक्ष्यों में बार-बार निकलकर सामने आई है, वह यही है कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन में संघ स्वयंसेवकों का बड़ा योगदान रहा है।

**स्वतंत्रता के बाद का योगदान :** स्वतंत्र भारत में संघ का जोर राष्ट्र निर्माण पर रहा। विद्या भारती, सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम और सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संगठनों ने शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में बड़ा नेटवर्क खड़ा किया। आपदाओं के समय राहत पहुंचाने में संघ की तत्परता ने उसे स्थानीय स्तर पर स्वीकार्यता दिलाई। दार्शनिक स्तर पर दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और दत्तोपंत ठेंगड़ी का वैकल्पिक आर्थिक चिंतन संघ से जुड़े विचारकों की देन है। इन विचारों ने भारत को पूंजीवाद और समाजवाद के बीच तीसरा रास्ता सुझाने की कोशिश की।

**आलोचना और प्रतिबंध :** गांधीजी की हत्या के बाद 1948, आपातकाल के दौरान 1975 और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1992 में संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगा। हर बार वह और मजबूत होकर लौटा। आलोचक इसे राजनीतिक संरक्षण मानते हैं, समर्थक इसे संगठन की आंतरिक शक्ति। सच्चाई निश्चित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार में है जो भारत माता के लिए अपना सवस्व समर्पण कर देने की प्रेरणा सतत देती है। इसलिए संघ ने स्वयं को राजनीतिक दल की तरह नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संगठन की तरह प्रस्तुत किया है।

**भविष्य की राह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ :** सवाल यह है कि संघ की अगली सदी कैसी होगी। क्या वह केवल सामाजिक संगठन बना रहेगा या वैश्विक भारत के एजेंडे में भी भूमिका निभाएगा? संघ का कहना है कि भविष्य की चुनौतियां केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, मीडिया और डेटा केंद्रों में होंगी। युवाओं से अपेक्षा है कि वे कौशल और सेवा में योगदान दें, पेशेवर अपनी प्रतिभा को समाज की समस्याओं में लगाएं, माता-पिता बच्चों को गीता और एआई दोनों सिखाएं और बुजुर्ग अनुभव से नई पीढ़ी को दिशा दें।

अतः कहना यही होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहली सदी ने आज सिद्ध कर दिया है कि यह संगठन सेवा और समरसता के जरिए समाज को जोड़ने के अपने अथक प्रयास अनेक रूपों में कर रहा है। आलोचना और विवाद उसके साथ जुड़े रहेंगे, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि लाखों स्वयंसेवकों का निस्वार्थ योगदान भारत की सामाजिक संरचना को प्रभावित करता रहा है और आज भी कर रहा है। भारत निरंतर शक्ति सम्पन्न जो दिखाई देता है, उसमें स्वयंसेवकों की बहुत बड़ी भूमिका है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत उनके मंत्री परिषद के कई सदस्य स्वयंसेवक हैं, इसका महत्व इसी से समझा जा सकता है। अन्य उदाहरण फिर तमाम है हीं।

वस्तुतः संघ की शताब्दी तीन संदेश देती है; पिछली सदी अगर लचीलेपन की थी तो अगली पुनरुत्थान की होगी। पिछली सदी अगर जागृति की थी तो अगली क्रियाशीलता की होगी। पिछली सदी अगर अस्तित्व की थी तो अगली नेतृत्व की होगी। सवाल यही है कि जब इतिहास हमें पुकारेगा, तब हम दर्शक बनेंगे या सहभागी। भारत माता तालियां नहीं, कर्म मांगती है। सौ वर्ष पूरे करने के बाद संघ ने जो संकल्प लिया है, वह केवल उसका नहीं, पूरे समाज का है। अब देखना यही होगा कि अगली सदी में यह संगठन मौन तपस्वी साधक बनकर भारत को कितनी शक्तिशाली दिशा में लेकर जाता है!

विचार

# बिहार में निर्णायक भूमिका में नजर आ रहे हैं युवा वोटर



*संजय सक्सेना*

बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा पांच अक्टूबर के बाद किसी भी समय संभव है। वर्तमान में पूरे राज्य में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। राजनीतिक दलों के बीच बैठकों, रैलियों और रणनीति को लेकर हलचल जमी हुई है। गांव-शहर से लेकर चौपाल, बाजार और चौक-चौराहे तक सिर्फ चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में बिहार की राजनीतिक परिस्थितियां कई बड़े बदलावों से गुजरी हैं, जिससे इस बार का चुनाव और भी दिलचस्प हो गया है। खासतौर पर सामाजिक समीकरण, गठबंधन की राजनीति, नेतृत्व का चेहरा और राज्य की मूलभूत समस्याओं के आधार पर माहौल काफी संवेदनशील और गतिशील है।

इस बार चुनाव में जनता के रुझान में स्पष्ट रूप से विभाजन दिख रहा है। एक तरफ जहां सत्ता पक्ष चुनाव को विकास, बिरादरी संतुलन और सामाजिक न्याय के नाम पर दांव पर लगा रहा है, वहीं विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसान और शिक्षा व्यवस्था को चुनावी मुद्दा बना रहा है। राज्य के युवा वर्ग में रोजगार के सीमित अवसरों को लेकर व्यापक असंतोष है। सरकारी भर्तियों में देरी, संविदा व अस्थायी नियुक्तियों और प्रवासी मज़दूरों की समस्याएं चुनाव का स्वरूप बड़ी हद तक तय करेंगी। राजनीतिक दलों की अगर बात करें, तो वर्तमान सरकार गठबंधन के नेतृत्व में है, जिसमें कुछ पुराने और कुछ नए साथी एक साथ आए हैं। विपक्ष में भी महागठबंधन की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत लग रही है, जिसमें जातीय समीकरण और नेतृत्व क्षमता दोनों को संतुलित रखने का प्रयास किया जा रहा है। सत्ता समर्थक अपने शासनकाल की उपलब्धियां, सड़क-बिजली-पानी के सुधार और कानून-व्यवस्था के मामलों को प्रमुखता से जनता के सामने गिनवा रहे हैं। वहीं विपक्ष राज्य में बढ़ती महंगाई, किसान ऋण और सरकारी नौकरियों की कमी को अपना अभियान बना रहा है।

इस बार चुनाव की सबसे बड़ी चुनौती युवाओं की भूमिका को लेकर है। बड़ी संख्या में नौजवान वोटर राज्य की सामाजिक-आर्थिक सच्चाइयों को लेकर जागरूक हैं। शिक्षा, रोजगार, पलायन, तकनीकी विकास और सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता के मुद्दे उनके एजेंडे में सबसे ऊपर हैं। शहरी व ग्रामीण इलाकों में आर्थिक असमानता और महिलाओं की सुरक्षा के प्रश्न फिर से चर्चा में लौट आए हैं। किसान भी चुनावी समीकरण के महत्वपूर्ण घटक होंगे। वर्षा और बाढ़, फसल बीमा, समर्थन मूल्य और कृषि विपणन की स्वायत्तता जैसे मुद्दे राज्य के गांवों तक गूंजते हुए नजर आ रहे हैं। महिला मतदाता इस बार भी अपने बजाय अधिक मुखर और जागरूक बनी हुई हैं। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण, आरक्षण और कल्याण योजनाओं का कितना असर पड़ेगा, यह मतदान की दिशा तय करने में अहम होगा।

राज्य के कुछ इलाकों में जातीय तनाव या सामाजिक असंतोष भी देखने को मिला है, जिसको लेकर कई दल क्षेत्रीय और जातीय संगठनों से गठजोड़ कर रहे हैं। अपराध दर, न्यायिक प्रक्रिया में देरी और जनता के बीच शासन-प्रशासन के चेहरे को



लेकर भी संशय बना हुआ है। बिहार के गांवों में आज भी साख नेता की ही निर्णायक हो जाती है। मज़दूर हो, किसान हो, या छोटे व्यापारी, उनका समर्थन जीतना हर दल के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इस बीच नए युवा चेहरे, सिनेमा, सोशल मीडिया और जमीनी रिपोर्टिंग ने भी मतदाता के सोच को प्रभावित किया है। जनता का मिजाज देखें तो इस बार वह किसी भी तरह के बहकावे या भावनात्मक शिगूफे से दूर, ठोस सवालों के जवाब तलाश रही है। राजनीतिक वादों की विश्वसनीयता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता बदलाव चाहती है या चल रहे योजनाओं को ही आगे बढ़ाना चाहती है, इसका जवाब परिणाम में ही दिखेगा। अब रही बात निर्वाचन आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर, पंजाब, झारखंड सहित सात राज्यों की खाली आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की, तो आयोग के पास संवैधानिक अधिकार है कि वह लंबित या रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा कर सकता है। हालांकि इसका निर्णय अक्सर राज्यों की स्थिति, राजनीतिक परिस्थिति, सुरक्षा हालात और न्यायिक प्रक्रियाओं के हिसाब से लिया जाता है।

सूत्रों के अनुसार, आयोग लगातार इन राज्यों से रिपोर्ट ले रहा है और जल्द ही उपचुनाव की तिथि तय कर सकता है। चुनाव आयोग के उच्च सूत्रों का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद ही इन उपचुनावों की घोषणा भी संभव है, ताकि सभी राज्यों में चुनावी व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके। कुल मिलाकर बिहार का चुनावी माहौल बढ़ते राजनीतिक तनाव, सामाजिक बदलाव, और आर्थिक चुनौतियों से घिरा है। मतदाता इस बार कई स्तरों पर सोच-समझकर मतदान करेंगे, जिनमें आर्थिक विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, जातीय समीकरण, शिक्षा, और सुरक्षा मुख्य स्वरूप में निर्णायक बन सकते हैं। चुनाव आयोग की घोषणा और सभी दलों की अंतिम रणनीति चुनावी तस्वीर को पूरी तरह से साफ करेगी।

साहित्य



### दस्तक

**पूजा चक्रवर्ती**

दरवाजे पर हर दस्तक,
मेरे दिल को धड़काती है,
तू आएगा दहलीज पर,
आँखें ये आस लगाती हैं,

ये गुमनाम हवाएँ मेरे,
कानों में ये कह जाती हैं,
मैं छू कर उसको आई हूँ,
जिसकी यादें तुझे सताती हैं,

जब होती हूँ रूबरू आईने से,
आईना मुझसे कहता है,
कैसे दिखाऊँ तुझे वो चेहरा,
जो तेरे दिल में रहता है,

ये घनघोर बादल मुझसे,
गरज-गरज कर कहते हैं,
तू भी हम जैसी हो गयी है,
जिसके ख्वाब आँसू बन बहते हैं



## राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। आलस्य कतई न करें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही न करें।

# बदला हुआ भारत : क्रिकेट और आत्मसम्मान का नया अध्याय

*डॉ. प्रियंका सौरभ*

एशिया कप 2025 का अंतिम मुकाबला केवल क्रिकेट का रोमांचक खेल नहीं था। यह खेल से कहीं अधिक एक कूटनीतिक और सांस्कृतिक संदेश बनकर उभरा। भारत ने पाकिस्तान को न सिर्फ मैदान पर हराया बल्कि मैच के बाद की औपचारिकताओं में भी ऐसा रुख अपनाया जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष, जो पाकिस्तान से हैं, से ट्रॉफी स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। परिणाम यह हुआ कि पुरस्कार वितरण समारोह घंटों तक खिंचता रहा और अंततः अधूरा रह गया। यह घटना भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सवाल केवल इतना नहीं है कि ट्रॉफी किसने थामी, बल्कि यह कि भारत ने यह कदम क्यों उठाया और इसके परिणाम क्या हैं।

क्रिकेट को अक्सर जेंटलमैन का खेल कहा जाता है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के संदर्भ में यह खेल कभी केवल खेल नहीं रहा। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव, सांस्कृतिक टकराव और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक बन चुका है। जब भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेने से इनकार किया, तो यह स्पष्ट संदेश था कि मैदान की जीत से आगे बढ़कर भारत अपने आत्मसम्मान को सर्वोपरि मानता है। एक तरह से यह खेल और कूटनीति का उल्टा रूप था। जहाँ खेल को आमतौर पर राजनीति को नरम करने का साधन माना जाता है, वहीं भारत ने खेल का मंच उपयोग करके राजनीतिक संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बार-बार यह दावा किया गया है कि भारत अब झुकता नहीं, बल्कि अपनी शर्तें तय करता है। इस संदर्भ में टीम इंडिया का रुख उसी मानसिकता का विस्तार माना जा रहा है। भारत के लिए ट्रॉफी लेना केवल एक औपचारिकता था, लेकिन जब देने वाला वही देश हो जिससे लगातार आतंकवाद, घुसपैठ और सीमा पर तनाव चलता रहा है, तो उस औपचारिकता का महत्व बदल जाता है। यह नया भारत केवल आर्थिक और सैन्य शक्ति की भाषा में नहीं बोलता, बल्कि खेल के मंच पर भी राजनीतिक संदेश देने में पीछे नहीं है। इसके साथ ही घरेलू राजनीति में भी इस घटना का गहरा असर पड़ा। समर्थक वर्ग इसे मोदी युग का साहसिक कदम बता रहा है, जबकि विपक्ष इसे खेल भावना पर चोट मानता है। हालांकि जनता में इसे व्यापक रूप से आत्मगौरव की जीत के रूप में देखा गया। हर साहसिक कदम के साथ आलोचना भी जुड़ती है। भारत के इस रुख को लेकर कई सवाल उठे। आलोचकों का कहना है कि क्रिकेट का मूल उद्देश्य देशों के बीच दोस्ती और सौहार्द बढ़ाना है। जब आप ट्रॉफी लेने से इनकार करते हैं, तो आप खेल की आत्मा पर चोट करते हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने इस घटना पर मिला-जुला रुख अपनाया। कुछ ने इसे भारत की दबदबा दिखाने की नीति कहा, तो कुछ ने इसे अहंकार बताया। सवाल यह है कि क्या इससे भारत की नरम शक्ति को नुकसान होगा। साथ ही यह भी बहस छिड़ी कि क्या खिलाड़ियों ने यह कदम अपनी इच्छा से उठाया या बोर्ड और सरकार के दबाव में? अगर खिलाड़ी राजनीतिक निर्णयों में केवल मोहरे बन जाएँ, तो उनकी स्वतंत्रता और खेल की पवित्रता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट में विवाद कोई नई बात नहीं है। 1987 में जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति जयपुर टेस्ट देखने आए थे, तब इसे क्रिकेट कूटनीति कहा गया। 1999 में कारगिल युद्ध से पहले चेन्नई टेस्ट में पाकिस्तान की जीत और उसके बाद की राजनीतिक हलचल को भी आज तक याद किया जाता है। 2008 में मुंबई हमलों के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला हमेशा के लिए रोक दी। 2023 में एशिया कप को लेकर स्थान विवाद खड़ा हुआ, जहाँ भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया और अंततः प्रतियोगिता संयुक्त रूप में आयोजित हुई। इन घटनाओं की पृष्ठभूमि में देखें तो 2025 की घटना कोई अलग-थलग घटना नहीं, बल्कि उसी लंबे सिलसिले का हिस्सा है जहाँ क्रिकेट हमेशा राजनीति के साए में खेला गया। इस घटना के दूरगामी परिणाम भी हो सकते हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद का मुख्यालय भले ही दुबई में है, लेकिन पाकिस्तान लंबे समय से इसमें प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करता रहा है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसकी सहमति के बिना कोई ढांचा नहीं चल सकता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद तटस्थता का दावा करती है, लेकिन अगर बड़ी टीमों में से एक यानी भारत इस तरह के कदम उठाकर राजनीतिक संदेश देती है, तो परिषद को मजबूरी में अपना रुख तय करना होगा। बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान जैसी टीमें इस खींचतान के बीच कहाँ खड़ी होंगी, यह भी देखने वाली बात है। भारत का दबाव इन्हें प्रभावित करेगा, लेकिन लंबे समय में यह क्षेत्रीय सहयोग को कमजोर कर सकता है। भारत का यह रुख निश्चित रूप से नए भारत का प्रतीक है। यह भारत का वह चेहरा है जो आत्मगौरव को सर्वोपरि मानता है और औपचारिकता या परंपरा को उसके आगे झुका देता है। लेकिन इसी के साथ यह भी सच है कि खेल की आत्मा को राजनीति से बहुत अधिक जोड़ना कभी-कभी नुकसानदेह भी हो सकता है। क्या भारत ने सही किया? समर्थकों के लिए जवाब सीधा है, हाँ, क्योंकि यह आत्मसम्मान का सवाल था।

आलोचकों के लिए जवाब है कृ नहीं, क्योंकि खेल का मंच राजनीति का अखाड़ा नहीं होना चाहिए।असल सवाल यह है कि क्या क्रिकेट अब केवल क्रिकेट रहेगा या यह उपमहाद्वीप में हमेशा से राजनीति का विस्तार ही रहेगा। एशिया कप 2025 की यह घटना इस सवाल को और तीखा बना देती है। एक बात तय है यह बदला हुआ भारत है। मैदान पर भी, मंच पर भी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# नवरात्र पर 201 कन्याओं का पूजन, अन्नपूर्णा कुंज का लोकार्पण

**डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल व विधायक अवस्थी बोले- बेटियां ही समाज की शक्ति, हरियाली से मिलेगा जीवन को संबल**

धौरहरा (खीरी), समृद्धि न्यूज़।



नवरात्र के पावन अवसर पर सोमवार को तहसील क्षेत्र धौरहरा के अंतर्गत विकास खंड धौरहरा की ग्राम पंचायत अमेठी स्थित संविलियन विद्यालय महादेव में मिशन शक्ति 5.0 के तहत 201 कन्याओं का पूजन और कन्या भोज कार्यक्रम हुआ। इसी दौरान विद्यालय में बने अन्नपूर्णा कुंज (एमडीएम शेड) का लोकार्पण जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल और विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने किया। भक्ति और उल्लास से भरे इस आयोजन में जब परिषदीय विद्यालय की नन्हीं बालिकाएं लाल चुनरी ओढ़े पंक्तिबद्ध पहुंचीं, तो वातावरण देवी स्वरूपा शक्ति के साक्षात दर्शन सा प्रतीत हुआ। डीएम और विधायक ने कन्याओं के चरण पखारे, माथे पर तिलक किया और उन्हें स्कूली बैग, थाली-गिलास, व अन्य सामग्री से भरी स्नेह पोटली उपहार में दी।

लोकार्पण के बाद डीएम व विधायक ने विद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण किया और परिसर में पीपल, बरगद व पाकड़ के पौधे लगाकर हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मिट्टी व गोबर से बने दीपक व कलश की प्रदर्शनी लगाई। महिलाओं ने बताया कि इलेक्ट्रिक चाक मिलने से उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ गई है। उनके द्वारा बनाए गए 25,000 दीपक अयोध्या दीपोत्सव के लिए भेजे जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कन्या पूजन परंपरा भर नहीं, बल्कि समाज में बेटियों के सम्मान और प्रगति का प्रतीक है। मिशन शक्ति का उद्देश्य है कि हर बेटी सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बने। बेटियों को मदद नहीं, अवसर की जरूरत है। वही इस कार्यक्रम में उपस्थित विधायक ने कहा अन्नपूर्णा कुंज से विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण होगी। बेटियों का सम्मान करना ही समाज को मजबूत बनाना है। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि विद्यालयों की अधोसंरचना को लगातार मजबूत किया जा रहा है। एसएचजी की महिलाओं ने बताया कि अब उनकी आय बढ़ी है और वे समाज में अहम योगदान दे रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए डीएम व विधायक ने कार्तिक एसएचजी की महिलाओं को 1.35 लाख रुपये का सीसीएल चेक सौंपा। इसी कड़ी में छह गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और तीन शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जुगुल किशोर वर्मा, एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि, तहसीलदार आदित्य विशाल, सीडीपीओ, शिक्षा विभाग के अधिकारी, सचिव व विकास खंड कर्मियों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश का विदाई समारोह, दी भावभीनी शुभकामनाएं

**धौरहरा (खीरी)।** राजस्व विभाग धौरहरा में तैनात राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश सोमवार को सेवा काल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में तहसील सभागार में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें तहसील स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभागीय कर्मचारी व परिजन मौजूद रहे। प्राप्त विवरण के अनुसार, ओमप्रकाश ने अपने जीवन के 60 वर्ष निष्पक्ष व निर्विवाद सेवाएं देते हुए राजस्व विभाग को समर्पित किए। सेवानिवृत्ति अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए कार्यकुशलता व ईमानदारी की सराहना की। विदाई समारोह में उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर एसडीएम शशिकांत मणि, तहसीलदार आदित्य विशाल, नायब तहसीलदार बीरेंद्र यादव, राजस्व निरीक्षक, समेत बड़ी संख्या में लेखपाल व तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

### तान्या पटेल का बढ़ा हौसला, डॉक्टर बनने के संकल्प के साथ जताया सेवा का जज्बा



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** नगर की होनहार छात्रा तान्या पटेल ने राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तान्या को मिली इस उपलब्धि पर रविवार को उनके निवास पर समाजसेवियों, चिकित्सकों एवं बुद्धिजीवियों ने पहुंचकर उनका सम्मान किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बता दें कि तान्या, प्रसिद्ध कवि मुनेंद्र प्रताप वर्मा मंजुल की सुपुत्री हैं और उन्होंने हाल ही में संपन्न परीक्षा नीट में शानदार प्रदर्शन कर सरकारी मेडिकल सीट प्राप्त की है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अशोक कनौजिया, चिकित्सक डॉ. सुमेघा पटेल, डॉ. अरुण शर्मा, डॉ. रामलखन कश्यप तथा कवि सुधीर अवस्थी ने तान्या को फूल मालाएं पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया।

### मां वैष्णो दरबार में दीप यज्ञ का भव्य आयोजन, बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड के यूनिट हेड रहे मुख्य यजमान



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** स्थानीय मां वैष्णो दरबार परिसर में शुक्रवार को दीप यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड के यूनिट हेड मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं मां वैष्णो की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। दीपों की जगमगाहट से सारा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। यज्ञ मंडप में अग्निहोत्र, आहुति व वैदिक अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न कराए गए। मुख्य यजमान ने मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर यज्ञ में आहुति दी और सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने दीप यज्ञ के धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपक अंधकार को दूर कर प्रकाश फैलाने का प्रतीक है, और इसी प्रकार मानव जीवन में भी सकारात्मकता, श्रद्धा और आस्था का प्रकाश फैलाना आवश्यक है। मां वैष्णो दरबार में आयोजित इस पावन अनुष्ठान में समिति के अवधेश श्रीवास्तव 'दीपू लाला' राजीव शुक्ला, रितेंद्र शुक्ला एवं ज्ञान प्रकाश सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। यज्ञ के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े भाव से भाग लिया।

### मंगला देवी मंदिर की यज्ञशाला में मां भगवती साधना का अनुष्ठान जारी



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** पवित्र शारदीय नवरात्रों के अवसर पर नगर में धार्मिक माहौल अपने चरम पर है। शहर के विभिन्न मंदिरों में आदि शक्ति मां जगदम्बा की आराधना के साथ पूजन, जप और अनुष्ठानों का क्रम चल रहा है। इसी क्रम में मंगला देवी मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में बीते एक सप्ताह से गायत्री परिवार टोली द्वारा जप-पाठ और यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के मंत्री के.के. शुक्ला ने बताया कि आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे से हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन होगा, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अनुष्ठान मां भगवती की साधना और जगत कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। हर दिन अनुष्ठान की शुरुआत प्रातः पूजन-अर्चन के साथ होती है और दिन भर मंत्रोच्चारण व जप चलता रहता है। रात्रि में शयन आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होता है। इस साप्ताहिक जप-पाठ अनुष्ठान में जयते परिवार के मुनिश चंद्र शुक्ला, सत्य नारायण वर्मा, मुनिश कुमार, शिव प्रसाद पांडेय, भागवत स्वरूप दीक्षित, सरस्वती त्रिवेदी, सत्यवती शुक्ला, बिंदेश्वरी, मीना, निर्मला गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता की।

### मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वालंबन और सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत आज दिनांक 29.09.2025 को जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों, कॉलेजों तथा बाजारों में किया गया, जहाँ बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के उद्देश्य से संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे—वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के विषय में सार्थक चर्चा की गई। उपस्थित जनसमूह को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरण कर जागरूक किया गया। इसी क्रम में स्थानीय थानों पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के कार्य, उद्देश्य तथा वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की भी जानकारी प्रदान की गई, ताकि महिलाएं और बालिकाएं अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

# ओयल भीषण सड़क हादसा: मासूम सरफराज का गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार

**हादसे में घायल परिजनों का लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में इलाज जारी**

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



ओयल कस्बे के पास रविवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियाँ मातम में बदल दीं। गुजरात में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले सलमान अली अपनी पत्नी निशा मंसूरी, बेटी नाज और बेटे सरफराज के साथ लखनऊ से किराए की वैन लेकर ससुराल लखीमपुर आ रहे थे। कस्बा ओयल के पास रोडवेज बस और मारुति वैन की आमने-सामने की टक्कर में यह सफर कभी पूरा नहीं हो सका। हादसा इतना भयावह था कि सलमान का 3 वर्षीय बेटा सरफराज मौके पर ही दम तोड़ बैठा। जबकि सलमान, उनकी पत्नी निशा और बेटी नाज गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है।जैसे ही मासूम सरफराज का शव पैतृक गांव धनपुर पहुंचा, पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया गया, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। हर किसी की आंखें नम थीं और लोग इस दर्दनाक हादसे को कोस रहे थे।गांव वालों के मुताबिक सलमान अली लंबे समय से गुजरात में मजदूरी करते थे। त्योहारी सीजन पर पत्नी-बच्चों के साथ ससुराल लखीमपुर आ रहे थे, लेकिन किस्मत ने साथ छोड़ दिया। सलमान और उनकी पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है, वहीं बेटी नाज का भी ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।गांव वालों का कहना है कि ओयल कस्बे के पास सड़क हादसे अक्सर होते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाए और हादसों पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## मिशन शक्ति के तहत मिला अनोखा अनुभव, कक्षा 11 की छात्रा सोनाक्षी बनीं एक दिन की कोतवाली प्रभारी



**निघासन खीरी।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एबलॉन पब्लिक स्कूल निघासन की कक्षा 11 की छात्रा सोनाक्षी गुप्ता सोमवार को एक दिन के लिए कोतवाली प्रभारी की कुर्सी पर आसीन हुईं। छात्रा के कोतवाली प्रभारी बनने से पुलिस महकमे के साथ-साथ आम लोग भी उत्साहित नजर आए। सुबह से ही ट्रेनी सीओ अभिमन्नयु त्रिपाठी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेशचंद ने सोनाक्षी गुप्ता का स्वागत किया और थाना संचालन के तौर-तरीके समझाए। इसके बाद सोनाक्षी ने न केवल फरियादियों की समस्याएं सुनीं बल्कि उन्हें गंभीरता से समझकर अधिकारियों से समाधान के बारे में जानकारी भी ली। सिर्फ इतना ही नहीं, एक दिन की कोतवाल बनी सोनाक्षी ने कोतवाली का निरीक्षण भी किया। साफ-सफाई की व्यवस्था, महिला हेल्पडेस्क और मालखाना जैसी अहम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छात्रा को यह जिम्मेदारी मिलने पर कोतवाली का स्टाफ भी उत्साह से भरा नजर आया। इस मौके पर ट्रेनी सीओ अभिमन्नयु त्रिपाठी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है। इसी के तहत मेधावी छात्राओं को जिले में विभिन्न जिम्मेदार पदों पर एक दिन के लिए बैठाकर उन्हें अनुभव दिया जा रहा है। इसका मकसद है कि हमारी नई पीढ़ी शासन-प्रशासन के उच्च पदों पर जाने के लिए प्रेरित हो और उनका आत्मविश्वास बढ़े। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान से ही देश का गौरव बढ़ सकता है। समाज में लड़का और लड़की के बीच जो असमानता की भावना है, उसे खत्म करना होगा। एक दिन की कोतवाल बनी सोनाक्षी गुप्ता ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय है। पुलिस का कामकाज नजदीक से देखकर उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। इस दौरान कोतवाली स्टाफ से इंस्पेक्टर महेशचंद, एसआई ज्योति मिश्रा समेत तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार वाहन ने छीनी जिंदगी, अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बाँकेगंज खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी बांकेगंज के गंगापुर गांव का युवक रविवार शाम सड़क हादसे का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार, गंगापुर निवासी गोविंद कुमार (उम्र लगभग 32 वर्ष) अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान खुटार से संसारपुर की ओर आते समय चमरपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में एंबुलेंस द्वारा अस्पताल ले जाया गया। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। गांव में मातम पसर गया मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चे छोड़ गया है बड़ी बेटी 10 वर्ष दूसरी बेटी 8 वर्ष और बेटा 6 वर्ष परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक गोविंद के पिता राम शंकर ने तहरीर में बताया कि उनका बेटा गोविंद मोटरसाइकिल से करीब 7 बजे खुटार की तरफ से अपने घर आ रहा था। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर उन्होंने एंबुलेंस द्वारा बांकेगंज सीएचसी ले गए जहां पर डॉक्टरों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। जिला मुख्यालय पर भी हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर किया गया। जिससे रास्ते में ले जाते समय उनकी मौत हो गई।

# राजकीय पशु चिकित्सालय में गहराया अव्यवस्था का संकट

**प्राइवेट क्लीनिकों से गठजोड़ कर पशुपालकों का हो रहा शोषण, लचर व्यवस्था पर उठे सवाल**

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

नगर का राजकीय पशु चिकित्सालय इन दिनों अव्यवस्था और लापरवाही का अड्डा बनता जा रहा है। सरकारी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ते यहां के कुछ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लग रहे हैं कि वे निजी पेट केयर क्लीनिकों से सांठगांठ कर सीधे-साधे पशुपालकों को भ्रमित कर रहे हैं और सरकारी सुविधाओं के बजाय उन्हें महंगे निजी इलाज की ओर धकेल रहे हैं। रोडवेज स्टाप के पीछे सरकारी पशु चिकित्सालय में इलाज के लिए आने वाले दर्जनों पशुपालकों का कहना है कि अस्पताल में डॉक्टरों की मौजूदगी नाम मात्र की होती है। वहीं, कुछ कर्मचारी जानबूझकर बहाने बनाकर मवेशियों का इलाज करने से कतराते हैं और पशुपालकों को इशारों-इशारों में शहर के खास प्राइवेट क्लीनिकों पर भेजते हैं, जहां इलाज के नाम पर मनमाना शुल्क वसूला जाता है। एक ओर जहां गरीब व मध्यम वर्ग के पशुपालक अपने मवेशियों की देखभाल के लिए सरकारी अस्पताल की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें इलाज के लिए निजी क्लीनिकों की चौखट पर भेज दिया जाता है। इससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है बल्कि सही समय पर उपचार न मिलने के कारण कई बार मवेशियों की जान तक चली जाती है। नगर के पशुपालक धर्मवीर, रामऔतार, संतोष व अर्जुन का कहना है कि अस्पताल का स्टाफ आए दिन यही कहता है कि डॉक्टर साहब अभी बाहर हैं या फील्ड विजिट पर हैं।

**निजी क्लीनिकों की दलाली बना रही सरकारी सेवा मजाक:** स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल की आड़ में कुछ कर्मचारियों ने निजी क्लीनिकों की दलाली को पेशा बना लिया है। यह एक सुनियोजित नेटवर्क बन चुका है, जिसमें पशुपालकों की मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है। मवेशी बीमार हो जाए तो सरकारी चिकित्सालय से सिर्फ नाम भर का इलाज मिलता है, असल इलाज तो सिफारिशशुदा क्लीनिक में होता है। अगर जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो पशुपालकों का सरकारी व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा और पशुपालन जैसी आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

**बीमार बछिया के इलाज में लापरवाही, इंजेक्शन लगते ही मौत**

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)। नगर की अलीगंज रोड पर सिंगाही धर्मशाला निवासी पंकज मिश्रा ने आरोप लगाया है कि उनकी बीमार बछिया का इलाज कराने के लिए उन्होंने राजकीय पशु चिकित्सालय से डॉक्टर को बुलाया था। आरोप है कि चिकित्सक स्वयं मौके पर न आकर अस्पताल के चपरासी यदुनाथ को भेज दिया, जिसने योग्य न होते हुए भी इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही बछिया की मौत हो गई। पीड़ित ने बताया कि इससे पहले भी कई बार पशुओं के इलाज के दौरान इसी प्रकार की लापरवाही हुई है, जिससे उनके पशुओं की मृत्यु हो चुकी है। मामले को गंभीर बताते हुए पीड़ित ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# राम लीला मंचन में राम केवट का हुआ संवाद







बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

श्रीदत्तगंज विकासखंड के अंतर्गत सोमनाथ मंदिर पर परंपरागत होने वाले दशहरा महोत्सव के पावन पर्व पर रामलीला समिति के तत्वाधान में रामलीला मंचन के प्रथम दिवस पर जिसमें महंत योगेन्द्र वन ने बताया कि हर वर्ष सोमनाथ मंदिर प्रांगण में राम लीला होता जिससे जिसमे कलाकारों ने अच्छे ढंग से राम लीला मंचन करते है तथा मूर्ति पूजा आरती से किया शुभारंभ किया किया जाता है उसके बाद कलाकारों के द्वारा सुंदर मंचन के माध्यम से राम केवट संवाद तक का दृश्य दिखाया गया। जिसमें अध्यक्ष अनूप सिंह, ने बताया कि सन 1937 में सोमनाथ मंदिर पर रामलीला की शरुवात हुआ था आज भी रामलीला धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा हर वर्ष रामलीला कार्यक्रम का आयोजन होता है दूर दूर से दर्शक लीला देखने आते है। कामता प्रसाद मौर्या, रवि मिश्रा, विकास मिश्रा, दीनदयाल जायसवाल, मनीष गुप्ता, सूर्य प्रकाश पाठक, शुभम जायसवाल, सिद्धार्थ पटवा, जवाहर लाल कौशल, आकाश कुमार, अमन अग्रहरि, विकास पाण्डेय सहित क्षेत्रवासी जनता जनार्दन आदि लोगों ने मंचन का आनंद लिया।

# तीन एंड्रायड फोन के साथ अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी प्रमोद कुमार शर्मा राज्य कर अधिकारी सचल दल गोण्डा द्वारा कर टैक्स चोरी के संबंध में एक तहरीर थाना को. नगर में दिया कि प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर जनपद बलरामपुर में जियो पेट्रोल पंप उतरौला रोड के पास जांच हेतु दो वाहनों को रोका गया दोनो वाहन के द्वारा बिना ई- वे बिल के मिक्स ओल्ड आइरन स्क्रैप माल का परिवहन किया जा रहा था, प्रपत्रों को देखा गया तो पता चला कि दोनो वाहनो के चालक व वाहन स्वामी एक ही व्यक्ति है एवं माल को अलग अलग जगह से लोड करने की बात कही गयी जबकि दोनो वाहनों के माल का सप्लायर रघु ट्रेडिंग सेंटर ही है जो कि बैठू पुत्र मनीराम निवासी सीतापर के नाम रजिस्टर्ड है तथा प्राप्तकर्ता फर्म का नाम गलोबल इंटर प्राइजेज जो कि सोनू पुत्र राम सिंह के नाम से रजिस्टर्ड है वाहन सं. यूपी 12CT0289 मे लदे वाहन की टैक्स इनवाइस में 17835 किग्रा वजन अंकित था जबकि वास्तविकता में वजन 925 किग्रा अधिक था जो कि टैक्स चोरी व संगठित आर्थिक अपराधों की श्रेणी में आता है, के संबंध में तहरीर दिया । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को नगर में मुअसं. 132/25 धारा 318(4)/ 319(2)/ 338/ 336(3)/340(2), 61(2)A /316(5) बीएनएस बनाम मोहम्मद मारूफ आदि 04 अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार* द्वारा अपराध / अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना को. नगर के नेतृत्व में थाना को. नगर पर पंजीकृत मुअसं. 132/25 धारा 318(4)/ 319(2)/ 338/ 336(3)/340(2), 61(2) /316(5) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 316(5) बीएनएस की विवेचना की गयी तो पता चला कि रघु ट्रेडिंग सेंटर ही है जो कि बैठू पुत्र मनीराम निवासी सीतापर के नाम रजिस्टर्ड है तथा प्राप्तकर्ता फर्म का नाम गलोबल इंटर प्राइजेज जो कि सोनू पुत्र राम सिंह के नाम से रजिस्टर्ड है दोनों ही फर्म कूटरचित दस्तावेज के आधार पर फर्जी तौर पर रजिस्टर्ड है मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त मो. मारुफ पुत्र मो. मेहरबान निवासी ग्राम व पोस्ट शेरनगर थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फनगर उप्र व मो. खालिद पुत्र अलाउद्दीन निवासी ग्राम व पोस्ट शेरनगर थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फनगर उप्र को आज दिनांक 29.09.2025 को रेलवे कालोनी बलरामपुर के पास से प्रभारी निरीक्षक थाना को. नगर सुधीर सिंह मय हमराह पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने बड़े पुत्र इब्राहिम पुत्र अब्दुल रउफ के गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। पिछले दस वर्षो से मेरे पूरे परिवार का इब्राहिम से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। उसके अनैतिक क्रियाकलापों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचनार्थी
अब्दुल रऊफ पुत्र गफ्फार
निवासी,ग्राम पूरे दीवान मजरे गोरियाबाद थाना जामो तहसील गौरीगंज,जिला अमेठी

**कार्यालय ग्रा0पं0 मुरैठी वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/अभिसरण मनरेगा/पंचायती राज विभाग योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 29/09/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

अभिसरण मनरेगा/पंचायती राज विभाग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुरैठी विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 30/09/2025 से दिनांक 04/10/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 04/10/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 30/09/2025 से दिनांक 04/10/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | 8.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (शशी यादव) — ग्रा0पं0 मरैठी, वि0ख0 शमशाबाद — सचिव (जयवीर सिंह)

**कार्यालय ग्रा0पं0 मुरैठी वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/ मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 29/09/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुरैठी विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 30/09/2025 से दिनांक 04/10/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 04/10/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 30/09/2025 से दिनांक 04/10/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | कुलदीप के घर से कृपाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 5.74 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | विनोद के घर से धनपाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 5.21 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | जितेन्द्र के घर से गिरीश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 4.72 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | घनश्याम के घर से अजब सिंह के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.88 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | राजेश के घर से विमल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.68 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (शशी यादव) — ग्रा0पं0 मरैठी, वि0ख0 शमशाबाद — सचिव (जयवीर सिंह)

**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद. फर्रुखाबाद।**

पत्रांक: 404/न0पं0 कम्पिल/15वां. वि.आ.एवं 02 प्रति0स्टा0शु0/ई0नि0सू0/2025-26 — दिनांक 29/09/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को 15वॉ वित्त आयोग एवं 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय फर्रुखाबाद के समक्ष कमेटी द्वारा पत्र दिनांक 05 जुलाई 2025 के माध्यम से विकास कार्य काये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलॉइन ही eProcurement System Government of Uttar Pradesh आमंत्रित की जाती हैं। जिनका समयावधि निम्नवत् है।

| E-Bid Referance | /न0पं0कम्पिल/2025-26 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 30.09.2025 10:00 A.M. |
| Start Date And Time For E-Bids | 30.09.2025 10:00 A.M. |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 07.10.2025 05:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 08.10.2025 11:00 A.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad |

उक्त में से बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा कमेटी में निहित होगा। विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in /eProcurement System Government of Uttar Pradesh पर उपलब्ध है।

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद।

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद।

# दिल से दिल तक चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

▸ विश्व हृदय दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




बाराबंकी। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हिन्द हॉस्पिटल हार्ट इंस्टिट्यूट, रोटरी क्लब बाराबंकी एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से पटेल चौक होते हुए पुनः मैदान में जीआईसी मैदान में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में हिन्द हॉस्पिटल के पैरामेडिकल नर्सिंग स्टाफ एवं मेडिकल छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रैली के दौरान बच्चों व सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर हिन्द हॉस्पिटल हार्ट इंस्टिट्यूट के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि हम दिल से दिल तक जागरूकता अभियान चला रहे हैं इसका मकशद हार्ट डिजीज के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि दिल का ध्यान नही रखने पर हृदय रोग बढ़ रहा है , यह सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवा वर्ग भी तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। समय पर जागरूकता और जीवनशैली में बदलाव ही इसका सबसे बड़ा बचाव है।÷ हिन्द हार्ट इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ के के मिश्रा ने कहा दिल के लिए निकाले समय जागरूक रहकर दिल को रखें स्वस्थ

वहीं रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि- समाज के प्रत्येक वर्ग तक हृदय स्वास्थ्य का संदेश पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस प्रकार की रैलियां लोगों को सजग और प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम हैं।

रेडक्रॉस सोसाइटी बाराबंकी के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि आज बदलती जीवनशैली और तनावपूर्ण दिनचर्या के कारण हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में समाज को जागरूक करना और लोगों को हृदय की देखभाल के लिए प्रेरित करना बेहद जरूरी है ढ्ढ डा रवि आहूजा अपने दिल की सेहत को नजरअंदाज न करें।

इस रैली को संपन्न कराने में रोटरी क्लब के अध्यक्ष विमल बाईसार सचिव रो. डॉ रमेश मोहन रो. गिरीश सरोरा रो. के के श्रीवास्तव, सदस्य प्रदेश प्रबंध समिति उत्तर प्रदेश रेड क्रॉस शाखा के कसीम सिद्दीकी, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, समाजसेवी रत्नेश कुमार, हिंद हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ एवं राजकीय इंटर कॉलेज स्कूल के स्काउट के बच्चों का अहम योगदान रहा।

## जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने मां के दरबार में लगाई अरदास



▸ चित्रकला व नृत्य प्रतियोगिताएं हुई संपन्न
▸ मां की आरती में झूमे भक्त

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

यूथ एसोसिएशन परिवार द्वारा नगर पालिका परिषद में सजाए गए मां के दरबार में सोमवार की सुबह जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव एवं सीजेएम सुधा सिंह ने पहुंचकर मां भगवती की पूजा- अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। सारिका गुप्ता द्वारा जनपद न्यायाधीश एवं सीजेएम को मां की चुनरी भेंट कर उनका सम्मान किया।

बंगाल से आए पुरोहित मनोतोष सरकार गांगुली ने मां के दरबार में उपस्थित भक्तों से मां के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कराई। वहीं महिला सदस्यों सरिका गुप्ता, दर्शिका गुप्ता, रेखा बीपी दास, सीमा शर्मा, माया जायसवाल, ममता गुप्ता, अंशु जायसवाल, पूनम गुप्ता, कविता निगम द्वारा मां की सभी मां स्वरूप प्रतिमाओं को चाय -नाश्ता अर्पित किया गया। जिसे प्रसाद के रूप में उपस्थित लोगों को वितरित किया। राजेश गुप्ता किल्टू, आदर्श गुलसिया,चरणजीत गावा, गोपाल मिश्रा, पुरुषोत्तम टंडन, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, रामेंद्र गुप्ता, शेफाली निगम, ऋषभ श्रीवास्तव रामधन मुखर्जी, राकेश, पन्नालाल, राजेश सिंह ,रामानंद गुप्ता, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, अर्पित गुप्ता, डॉ अनूप सिंह पिनाकी मुखर्जी, आदि लोग उपस्थित थे।

मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया की 30 सितंबर को रात 7:00 बजे अब तक पूजा महोत्सव पंडाल में संपन्न हुई सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए जाएंगे। साथ ही सबसे अधिक पुरस्कार जीतने वाले विद्यालय को अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### डॉक्टर की बजाय लैब टेक्नीशियन चला रहे पीएचसी



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहावर का संचालन डॉक्टर की बजाय लैब टेक्नीशियन करते हुए मिला। जिसके कारण यहाँ उपचार के लिए आने वाले मरीजों को निराश होकर बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों की शिकायत पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहावर की स्वास्थ्य सेवाओं की पड़ताल के लिए सोमवार की दोपहर लगभग 12:15 बजे पहुंचे इस प्रतिनिधि ने पाया कि स्टाफ के नाम पर अस्पताल में केवल लैब टेक्नीशियन अंकित कुमार मौजूद हैं। पता चला कि महिला डॉक्टर एवं फार्मासिस्ट शैलेंद्र सिंह के दर्शन मरीजों को कभी कभार ही मिल पाते हैं। जब बेपटरी स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरप्रीत सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पैर टूट जाने के चलते फार्मासिस्ट अवकाश पर हैं और महिला चिकित्सक को उन्होंने रिपोर्टिंग करने के लिए सीएचसी बुलाया हुआ है। रिपोर्टिंग का कार्य संपन्न होते ही महिला चिकित्सक ड्यूटी पर पहुंच जाएंगी।

### पुलिस गश्त को धता बताकर चोरों ने एक घर को बनाया निशाना, लाखो का माल किया पार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था को धत्ता बताते हुए चोरो ने दूसरी रात्रि भी कस्बा के ठाकुरद्वारा वार्ड स्थित एक और घर को निशाना बनाया और हजारों रुपये की नगदी सहित लाखो रुपये के जेवर चुराकर चंपत हो गए लगातार दूसरी रात भी हुई चोरी से जहां कस्बा वासियों की नींद हराम हो गई है वहीं पुलिसिया कार्य प्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार ठाकुर द्वारा वार्ड निवासी विनोद कश्यप पुत्र बाबादीन का घर प्राथमिक विद्यालय के निकट स्थित है। बीती रात उनका परिवार छत पर लेटा हुआ था । विनोद कश्यप ने बताया कि रात्रि लगभग 11:45 उनके मित्र मुकेश पासी का फोन आया। कमरे में चार्जिंग पर लगे फोन को उठाकर कमरे से निकली उनकी पत्नी की नजर अचानक आँगन की जाली से नीचे कमरे की ओर गई तो एक चोर को दूसरे कमरे की ओर जाते देखा। विनोद ने बताया किपत्नी से नजर मिलते ही चोर चिल्लाने से पहले ही भाग निकला। और जब तक परिजन नीचे पहुंचे तब तक चोर गेट खोलकर गायब हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि चोरी की इस वारदात में चोर पहले कमरे का ताला व अलमारी का लॉक तोड़कर मोबाइल खरीदने के लिए उधार मांगकर आलमारी में रखे गए ?8000 के अलावा लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर एवं बक्से में घरेलू खर्च के लिए रखे 300 रुपये चुरा लिया गया। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना 112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही 112 पुलिस के साथ-साथ कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण करके पूरी जानकारी ली तथा सुबह कोतवाली आकर मुकदमा दर्ज करवाने की बात कही।

### हृदयगति रुकने से सफाईकर्मी का निधन

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड मसौली मे तैनात 55 वर्षीय सफाई कर्मचारी खुनखुन की हृदयगति रुक जाने से इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है सफाई कर्मचारी की मौत की सूचना पर सफाई कर्मचारियों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। ग्राम पंचायत बड़ागांव निवासी सफाई कर्मचारी खुनखुन जो विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत भयारा मे तैनात थे दो दिन पूर्व तबियत बिगड़ने पर परिजनों डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ मे भर्ती कराया गया जिसकी सोमवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी मृत्यु की सूचना पर क्षेत्रीय सफाई कर्मचारियों ने दु:ख प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सचिन मौर्य, लज्जावती, धर्मेंद्र कुमार, संतोष् कुमार, आदि लोगो ने दु:ख प्रकट किया।

### सदर विधायका ने व्यापारियों को घटी जीएसटी की दी जानकारी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार मैं सर्वाधिक व्यापारी सुरक्षा के साथ अपना व्यापार कर रहे सरकार को सबसे ज्यादा चिंता व्यापारियों की है देश की अर्थव्यवस्था को संभालने का कार्य व्यापारी करते हैं इसीलिए व्यापारियों की मांग पर देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने जीएसटी के स्लैप को कर के स्थान पर दो किया और बड़ी मात्रा में जीएसटी को घटाया गया है उक्त उद्गार भारतीय जनता पार्टी की सदर विधायक सरिता भदोरिया ने बसरेहर में व्यापारियों से घाटी जीएसटी की जानकारी देते हुए व्यक्त किय उन्होंने आगे कहा कि बसरेहर क्षेत्र में व्यापारियों की मांग पर बाईपास का निर्माण कराया गया है पूर्व की सरकारों ने बस राहर की सदैव अनदेखी कि आज व्यापारियों की अपनी सरकार बनी है जिस्म व्यापारी खुलकर अपनी बात व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ सहित तमाम ऐसे प्लेटफार्म है जहां रख सकते हैं इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बसरेहर दिलीप यादव भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू चौधरी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आलोक गुप्ता सहसंयोजक अजय गुप्ता रवि पोरवाल मंडल मंत्री चंदन पोरवाल किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक चौहान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के युवा शहर अध्यक्ष रजत पोरवाल पंकज कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### किशोरी से छेड़छाड़ करने पर दो किशोर गिरफ्तार

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक कस्वा स्थित विद्यालय में एक 16बर्षीय किशोरी के साथ दो नामजद किशोरो ने की छेड़छाड पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनो किशोरो को पकड़कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक कस्वा निवासी महिला ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह अपने पुत्र व पुत्री के साथ एक किराये के मकान में रहती है और उसकी 16बर्षीय पुत्री कस्वा स्थित एक विद्यालय में पढ़ती है और 16सितम्वर को विद्यालय के ही दो छात्रो ने उसका हाथ गलत नियत से पकड़कर उसके साथ छेडछाड करने लगा छात्रा ने शोर मचा दिया तो वह भाग गये और वह सॉरी और प्लीज के मैसेज भी करने लगे और पुत्री को ब्लैकमेल करते हुए कहने लगे कि हम तुमसे प्यार करते है और मेरे दोस्त से भी बात करने लगो जिसके कारण पुत्री दबाब में आकर उसने घर से निकला बंद कर दिया। पुलिस ने पीड़ित माँ के शिकायती पत्र पर दोनो युवको के विरुद्ध पॉस्को एक्ट के तहत अन्य धाराओ मे मामला दर्ज करने के बाद दोनो युवको को पकड़कर जेल भेज दिया।

### हादसों में तीन की मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में हुए अलग अलग हादसों में महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। चौबिया थाना के ग्राम माखनपुर खेड़ा हेलु निवासिनी रूकमा देवी उम्र 55 पत्नी बादाम सिंह की घर पर करन्ट लगने से मौत हो गयी। कस्बा भरथना के मुहल्ला शुक्लागंज निवासी मनोज उम्र 45 पुत्र होरीलाल की इलाज के दौरान मौत हो गयी। थाना बढ़पुरा के ग्राम नगला वंशी निवासी प्रेम सिंह उम्र 65 बाबूराम की चोट लगने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत हज़रतपुर स्थित बड़ी हवेली में आज मेदांता फाउंडेशन, शिल्प श्री महिला समिति एवं काज़मी एजुकेशनल एण्ड हेल्थकेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान मे एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणो ने पहुंचकर नामी चिकित्सकों से परामर्श लिया,आवश्यक जांच कराई और नि:शुल्क दवाइयाँ प्राप्त कीं।शिविर में लगभग दो सौ से अधिक मरीजो की जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि औन मियां ने बताया कि वरिष्ठ चिकित्सको की टीम ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया और नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की। शिविर में विशेष रूप से सिरौलीगौसपुर ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि घरेलू और कृषिगत कार्यों में व्यस्त रहने के कारण वे अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देती हैं। ऐसे शिविर उनके भीतर स्वास्थ्य चेतना जगाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेंगे। समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार अज़्मी रिज़्वी ने कहा कि गांव-गांव इस प्रकार के शिविर आयोजित करना बेहद ज़रूरी है।

शुगर और हाइपरटेंशन जैसी बीमारियों से पीड़ित अधिकांश लोग शुरुआती लक्षणों से अनजान रहते हैं और नीम-हकीमों से इलाज कराकर बीमारी को गंभीर बना लेते हैं। काज़मी एजुकेशनल एण्ड हेल्थकेयर सोसायटी के प्रबंधक, समाजसेवी डॉ. रेहान काज़मी ने अपने उद्बोधन में कहा मेरा संकल्प है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाऊँ और हर वर्ग तक शिक्षा का प्रकाश पहुँचे। यही मेरे जीवन का ध्येय है और मैं इसके लिए निरंतर प्रयास करता रहूँगा।

इस अवसर पर मेदांता फाउन्डेशन से डाक्टर स्वरनीम सिंह, मिस्टर महेन्द्र कामनतकार मैनेजर मेदांता फाउन्डेशन, सुहेल खान कैम्प कोआर्डिनेटर, नर्सिंग स्टाप, टेक्निशियन स्टाप, शिल्पश्री महिला समिति लखनऊ की शबाना, जुल्फी मियां, बीडीसी असीम श्रीवास्तव, एडवोकेट, अकरम पठान, शाकिब, अकील राईन, अबू तालिब, नौमान अस्करी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।




### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत बकेवर थाना प्रभारी विपिन मलिक द्वारा बाबूराम सरस्वती इंटर कालेज व जनता इंटर कालेज बकेबर की छात्राओं के साथ नगर में रैली निकालकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी मिशन शक्ति केन्द्र टीम के हैड कान्सटेबिल मिलन सिंह व आरक्षी पूजा पंवार, सपना व अंजली द्वारा छात्राओं को जानकारी उपलब्ध कराई गयी। इसके अलावा नगर के बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर में भी मिशन शक्ति केन्द्र टीम ने विधालय की छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मेअम जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति केन्द्र टीम थाना बकेवर की टीम द्वारा प्रतिदिन विधालयों व मेला व तिराहे चौराहे पर पहुंचकर महिलाओं को जानकारी उपलब्ध कराने के साथ महिला सुरक्षा की जानकारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नम्बर के बारे में भी बताया गया।

### छात्रसभा ने भी मनाया अंशुल यादव का जन्मदिन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक ने जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल का जन्मदिन मनाया। जन्मदिवस पर जिलाध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा रवी यादव ने स्पर्श अंध विद्यालय में फल वितरण किए, स्पर्श अंध विद्यालय के सभी विधार्थियों ने अंशुल भैया जी को जन्म दिवस पर उज्जवल भविष्य व दीर्घायु होने की कामना की। साथ में प्रदीप यादव, पप्पू यादव, राजीव दुबे, सुखबीर यादव, मो आरिफ हुसैन जिलाउपाध्यक्ष छात्रसभा, फरहान शकील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, प्रिंस यादव जिलाउपाध्यक्ष छात्रसभा, प्रज्जवल कुमार यादव मीडिया प्रभारी, दीपक यादव उपाध्यक्ष, कमलेश यादव, सुनील यादव, लालू यादव जिलासचिव छात्रसभा एवं समस्त छात्र सभा पदाधिकारी मौजूद हे।

## बालिकाओं को बैंकिंग की दी गई जानकारी

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत सोमवार को पटेल पंचायती इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बैंकिंग व्यवस्था की जानकारी हासिल की। इस दौरान छात्राओं ने न केवल बैंकिंग प्रणाली को करीब से समझा बल्कि भविष्य में आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए उपयोगी मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य श्याम नारायण के निर्देश पर छात्राओं का दल शिक्षिका मनोरमा वर्मा, मनोज कुमार तिवारी एवं प्रदीप गुप्ता के साथ भिटरिया स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पहुंचा। वहां शाखा प्रबंधक मधुप तिवारी ने छात्राओं को बचत खाता, सावधि जमा, चालू खाता, एटीएम, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं और विभिन्न जमा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही धन निकासी, चेक प्रणाली और ऑनलाइन लेनदेन की प्रक्रिया को भी व्यवहारिक रूप से समझाया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने बैंकिंग प्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखकर उत्साह व्यक्त किया और कई सवाल पूछे, जिनका समाधान बैंक कर्मियों ने सरल भाषा में किया। छात्राओं ने कहा कि इस अनुभव से उन्हें न केवल पढ़ाई में मदद मिलेगी बल्कि भविष्य में वित्तीय प्रबंधन करने का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। मिशन शक्ति 5 के इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को व्यवहारिक शिक्षा देकर उन्हें आर्थिक रूप से जागरूक बनाना है, ताकि वे आगे चलकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा सकें। विद्यालय प्रबंधन ने भी इस पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### भाजपा नेता शिवमहेश दूबे सड़क हादसे में घायल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और इटावा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव महेश दुबे सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। रविवार को वे अपनी धर्मपत्नी के साथ एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई और कई बार पलट गई। हादसा मध्यप्रदेश के भिंड जिले के दीनपुरा के पास हुआ। कार के टकराते ही एयरबैग खुल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे में दुबे को गंभीर चोटें आईं, खासकर उनके सीधे हाथ में गहरी चोट लगी है। उनकी पत्नी सुरक्षित बताई जा रही हैं। प्रत्यक्षदर्शी संजय ने बताया कि हादसे के बाद उन्होंने अपनी बाइक रोककर तुरंत मदद की। कार की खिड़की तोड़कर भाजपा नेता और उनकी पत्नी को बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों और सहयोगियों की मदद से दुबे को एंबुलेंस के जरिए भिंड के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार और भाजपा कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में समर्थक अस्पताल की ओर रवाना हो गए।

## पुलिस सेवा जिम्मेदारीपूर्ण व जनसेवा से जुड़ा क्षेत्र : डीआईजी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रशिक्षण लखनऊ देवरंजन वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन के अतिथी ग्रह पहुंचने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुष्पपुच्छ भेंट देकर स्वागत किया। गार्ड द्वारा सलामी दी गयी। जनपद में चल रही रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षणाधीन महिला रिक्रूट्स प्रशिक्षण की गुणवत्ता, क्लासरुम, कम्प्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी, बैरक, मैस, अनुशासन, दैनिक दिनचर्या, भौतिक सुविधाओं एवं व्यवस्थापन की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को भी जाना।

अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा एक जिम्मेदारीपूर्ण और जनसेवा से जुड़ा हुआ क्षेत्र है, जिसमें दक्षता, अनुशासन और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे नव महिला आरक्षियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण काल उनके सम्पूर्ण सेवा जीवन की नींव है, जिसे वे पूरी गंभीरता व लगन से पूरा करें। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण व्यवस्था की सराहना की गई और यह निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षण में नवाचार, व्यवहारिक अभ्यास और सेवा मूल्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि प्रशिक्षु पुलिसकर्मी आने वाले समय में प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बना सकें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी, पुलिस उपाधीक्षक प्रशि अभयवर्मा एवं प्रतिसार निरीक्षक उपस्थित रहे।

## डग्गामार स्लीपर बसों पर चला परिवहन विभाग का डंडा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार देशानी की ताबड़तोड़ कार्रवाई। 6 बसों का चालान, 4 थाने में बंद। डग्गामार स्लीपर बसों पर आखिरकार परिवहन विभाग का शिकंजा कस गया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एआरटीओ प्रदीप कुमार देशमणि के नेतृत्व में विभागीय टीम ने बीते 25 सितंबर से 29 सितंबर तक जोरदार कार्रवाई करते हुए 6 बसों का चालान किया, जबकि 4 बसों को प्रवर्तन कार्रवाई के तहत थाने में निरुद्ध कर दिया गया।

यह कार्रवाई उन बस संचालकों के खिलाफ की गई, जो बिना परमिट, बिना रूट और बिना सुरक्षा मानकों के यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रहे थे। विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई स्लीपर बसें रात के अंधेरे में डग्गामारी करते हुए शहर से गुजरती हैं और ओवरलोड यात्रियों को लेकर लंबी दूरी तय करती हैं। एआरटीओ प्रदीप कुमार देशमणि ने सख्त लहजे में कहा कि ष्यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बिना अनुमति चलने वाली सभी बसों पर कार्रवाई जारी रहेगी। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से बस संचालकों में हड़कंप मच गया है, जबकि यात्रियों ने विभाग की इस मुहिम का स्वागत किया है। अब डग्गामार स्लीपर बसों का दिन खत्म और नियमों का राज शुरू। यही है एआरटीओ देशमणि की मुहिम का असर।

## गांधी जयंती समारोह की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होने वाले गांधी जयन्ती सप्ताह के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने बताया कि 1978 से निरंतर आयोजित होने वाला गांधी जयन्ती समारोह का आयोजन अब गांधी जयन्ती सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस साप्ताहिक आयोजन में नई पीढ़ी को महात्मा गांधी से जोड़ने और अत्मनिर्भर बनने की सीख दी जाती है। 01 अक्टूबर से आयोजित होने वाले इस साप्ताहिक महोत्सव की शुरूआत पूर्व कैबिनेट मंत्री आरविन्द कुमार सिंह गोप करेंगे। वहीं 02 अक्टूबर को सुबह 8 बजे प्रभात फेरी, रामधुन (गांधी भजन), प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण, महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और महात्मा गांधी स्मृति व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पूर्व आईजी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा चरखा कार्यक्रम की शुरुआत होगी। वहीं सभा की अध्यक्षता अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. सुभाष चन्द्र मिश्र एडवोकेट करेंगे। सभा में उपाध्यक्ष डॉ शैलेन्द्र शर्मा एडवोकेट, हरिओम पांडे एडवोकेट, संयुक्त सचिव अंगद शुक्ला, वरिष्ठ राजनेता एवं समाजसेवी अमीर हैदर सहित कई विभूतियॉं उपस्थित रहेंगी। वहीं सायंकाल 6 बजे से गांधी भवन में अस्पृश्यता मिटाओ अभियान के अंतर्गत समरसता सहभोज, सामाजिक सहभागिता सम्मान समारोह और 47 वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप व पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा आदि कई विभूतियॉं उपस्थित रहेंगी।

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल पहुंचा राजीव यादव के घर

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार बुंदेलखंड जोनल प्रभारी (पूर्व विधायक) बृजेंद्र व्यास (डमडम महाराज) एवं इटावा ज़िला कोऑर्डिनेटर सुमन तिवारी पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित एवं शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के साथ तमाम वरिष्ठ कांग्रेस जनों का एक प्रतिनिधिमंडल आज नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक एवं कर्मचारी नेता स्व. राजीव यादव के निवास स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचा।

वहां पहुंचकर उनके उनके पुत्र सिद्धार्थ यादव सहित समस्त परिजनों से भेंट कर विगत दिनों घटे पूरे घटनाक्रम के विषय मे जानकारी ली। राजीव यादव के इकलौते पुत्र सिद्धार्थ यादव ने बताया कि किस तरह से लगातार नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता एवं उनके पति पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संन्टू सहित तीन और आरोपियों द्वारा मेरे पिता को मानसिक और आर्थिक रूप से इतना प्रताड़ित किया गया कि मेरे पिता यह उत्पीड़न सहन नहीं कर पाए और अपनी जीवन लीला समाप्त कर बैठे। सिद्धार्थ यादव ने प्रतिनिधि मंडल पर भरोसा जताते हुए कहा कि हमें आपसे उम्मीद है कि आप हमें न्याय दिलाएं।

इटावा प्रदर्शनी ठेकेदार टीपू यादव ने कहा कि मेरे भाई के हत्यारों को अभी भी पुलिस ने गिरफ़्तार नहीं किया है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आपसे हमारा अनुरोध है कि आप हमारा सहयोग करें। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता कामरेड प्रेम शंकर ने कहा कि आप सभी लोगों से यही कहना चाहता हूं कि मेरे भतीजे को न्याय दिलाने मैं हमारी मदद करें। और शासन प्रशासन से सभी आरोपियों को जेल भेजे जाने के लिए दवाब बनाएं। स्व.राजीव यादव के चचेरे भाई इटावा प्रेस क्लब महामंत्री विशुन कुमार एवं पान कुंवर इंटर कॉलेज के प्रबंधक कैलाश यादव ने भी प्रतिनिधि मंडल से मुलाक़ात की। सभी का यही कहना था कि आरोपियों को जल्द से जल्द जेल भेजे जाने में कांग्रेस पार्टी हमारा सहयोग करे। प्रतिनिधि मंडल ने सभी परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी आपके साथ हैं एवं आपको न्याय दिलाने में वह पूरा-पूरा सहयोग करेगी।

स्व.राजीव यादव के निवास से पूरा प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव से जाकर मिला और उनसे मांग की कि दूसरों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले जुझारू लग्नशील कर्मचारी नेता राजीव यादव को न्याय मिलना चाहिए। शासन प्रशासन द्वारा उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर इस मामले की गहनता के साथ जांच करवाई जाए। तथा परिजनों को आर्थिक सहायता एवं नौकरी देने का भी प्रबंध किया जाए। जिससे कि पीड़ित परिवार की मदद हो सके।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिनिधि मंडल से मुलाक़ात कर आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिलाया। और भरोसा दिलाया कि वह पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में पूरा-पूरा सहयोग करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित पूर्व जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, मैनपुरी कोऑर्डिनेटर करण सिंह राजपूत, अरुण यादव कोऑर्डिनेटर फ़िरोज़ाबाद, पीसीसी मेंबर आलोक यादव, जिला उपाध्यक्ष सतीश नागर, सरवर अली, कुसुमलता उपाध्याय, जिला प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, जिला प्रवक्ता प्रेरणा ज़ुबैरी, शोज़ेब रिज़्वी यूथ कांग्रेस अध्यक्ष, आसिफ़ जादरान अध्यक्ष एनएसयूआई, अंसार अहमद आदि सभी कांग्रेसियों ने पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना बंधाते हुए एवं कर्मचारी नेता स्वर्गीय राजीव यादव के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ईंट-भट्ठों पर श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त



अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा, कल्याण और नियमानुसार संचालन को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में श्रमिकों के हितों की रक्षा, अवैध श्रम प्रथाओं पर रोक और भट्ठों के मानक संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ईंट भट्ठों की स्थापना एवं संचालन पूरी तरह से निर्धारित सरकारी मानकों के अनुसार हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भट्ठा स्वामी यह सुनिश्चित करे कि तैयार की जा रही ईंटों के अनुरूप ही चट्टे लगाए जाएं और समस्त दस्तावेज अद्यतन स्थिति में रहें, जिससे निरीक्षण के दौरान कोई समस्या न आए।

उन्होंने श्रमिकों के पंजीकरण को अनिवार्य बताते हुए कहा कि बिना पंजीकरण के किसी श्रमिक को शासन की ओर से मिलने वाले लाभ नहीं मिल पाएंगे। आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा सहित अन्य सहायता उन्हीं श्रमिकों को मिलेगी जिनका श्रम विभाग में पंजीकरण होगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से कार्य कराना पूर्णतः प्रतिबंधित और दंडनीय है। कहा कि भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों को आवास, शौचालय, शुद्ध पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जाएं। महिलाओं और बच्चों के प्रति किसी भी तरह का शोषण न हो।

### श्रमिकों का विवरण रखें, साझा ग्रुप बनाने के निर्देश

कन्नौज। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बाहरी राज्यों से आने वाले श्रमिकों का पूरा विवरण संबंधित अधिकारियों के पास रहे। साथ ही एक साझा ग्रुप बनाया जाए, जिसमें शासन की नई गाइडलाइनों की जानकारी सभी भट्ठा स्वामियों तक समय से पहुंच सके।

### सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और पुलिस सहयोग जरूरी

कन्नौज। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि सभी भट्ठा स्वामी अपने क्षेत्र में सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि सभी भट्ठों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहें और किसी भी दशा में कोई अवैध गतिविधि नहीं होनी चाहिए।

- कलेक्ट्रेट में बैठक कर एडीएम ने मानकों के अनुपालन पर दिया जोर

# चोरी की योजना बनाते शातिर चोर गिरफ्तार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

चोरी और लूट की योजना बनाते समय पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर अवैध हथियार व उपकरण बरामद किए।

अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सौरिख प्रभारी निरीक्षक जयन्ती प्रसाद गंगवार, उपनिरीक्षक सुबोध सहाय, हेड कांस्टेबल हरिओम शुक्ला, कांस्टेबल दौलतराम, दिलीप चौहान पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अलीपुर सरकारी टंकी के पास दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से दो अदद देशी तमंचा 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, एक लोहे की रॉड, आरी का पट्टा, रेंती, प्लास, पेचकस, कटर और चाभियों का गुच्छा बरामद हुआ।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विवेक कुमार उर्फ भुल्लन पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम भटपुरी सौरिख, मोनू यादव पुत्र सुभाष चंद्र निवासी ग्राम मिर्जापुर सौरिख के रूप में हुई है गिरफ्तार विवेक उर्फ भुल्लन भुल्लन पर लूट, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट और हत्या के प्रयास समेत 16 से अधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। वहीं मोनू यादव पर भी एससी/ एसटी एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत कई मुकदमे चल रहे हैं।

गिरफ्तारी के बाद थाना सौरिख में विवेक और मोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।



## पांडेय हैंडलूम एंड फर्नीचर शोरूम का भव्य उद्घाटन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तालग्राम रोड पर पांडेय हैंडलूम एंड फर्नीचर शोरूम का भव्य शुभारंभ विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने शोरूम संचालक शैलेंद्र पांडेय को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह शोरूम क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराएगा। उद्घाटन से पूर्व नैमिषारण्य से आए आचार्य पंडित सुभाष चंद्र द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया। इस दौरान शैलेंद्र पांडेय, उषा पांडेय, सत्यम पांडेय, आदित्य मिश्रा, कौशल दुबे, गिरीश दुबे, अवधेश पांडेय, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शोरूम में सोफा सेट, कुर्सी, पर्दे, वाशिंग मशीन, फ्रिज, एसी, टीवी, अलमारी, कूलर आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे।

## नवरात्रि पर कन्या भोज का हुआ भव्य आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा संचालित लिटिल स्टार विद्या निकेतन में नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर विवेक गुप्ता ने नवरात्रि की महिमा का बखान करते हुए कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा की उपासना का पवित्र पर्व है, जो नारी शक्ति का प्रतीक है। कन्या भोज के माध्यम से हम कन्याओं में मां के स्वरूप को पूजते हैं, जो समाज में नारी सम्मान को बढ़ावा देता है। उन्होंने सभी से इस परंपरा को बनाए रखने का आह्वान किया। प्रिंसिपल रश्मि गुप्ता ने कहा कि कन्या भोज हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। यह आयोजन बच्चों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों का संचार करता है। कन्याओं का सम्मान हमें समाज में समानता और प्रेम का संदेश देता है।

# एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सेवा पखवाड़ा, स्वच्छ उत्सव के तहत हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। 12 यू.पी. बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के निर्देश पर आयोजित स्वच्छता अभियान में सभी एनसीसी कैडेट्स, प्रधानाचार्य, पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता और एएनओ मेजर संदीप कुमार माधव ने सक्रिय भागीदारी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर %एक दिन, एक घंटा, एक साथ थीम के तहत सुबह 8 से 9 बजे तक पूरे देश में श्रमदान किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक कचरा संग्रहण, परिसर की साफ-सफाई और जागरूकता गतिविधियों में हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य राधा बल्लभ मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन और जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर इस मुहिम में विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ समस्त स्टाफ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## शिक्षा और आत्मविश्वास से होगा कुरीतियों का अंत : हिमांशु वर्मा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** गीतापुरम कॉलोनी स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि व दशहरा पर्व पर कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों और गतिविधियों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर यह संदेश दिया कि भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह, यौन शोषण और अन्य कुरीतियां समाज के लिए अभिशाप हैं, जिनका नाश केवल आत्मविश्वास और शिक्षा से ही संभव है। विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा ने बच्चों को बुराइयों से दूर रहने और शिक्षा को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक हिमांशु वर्मा ने कहा कि फ्रयदि हर बच्चा शिक्षा की ज्योति से आलोकित होगा तो समाज स्वतः बुराइयों से मुक्त हो जाएगा। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सब डायरेक्टर शिवम वर्मा, अर्पित दुबे, ऋचा दुबे, अंकित मिश्रा, जूली वर्मा, प्रीति, रेशू, आकांक्षा, उमा, रोहित, सौम्या, क्षमता, नेहा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# राम बारात : बनई न बरनत बनी बराता, होहिं सगुन सुंदर सुभदाता

- दूल्हा बने राम की बारात देखने उमड़ा आस्था का सैलाब
- जीवंत झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रविवार की देर रात शहर में बैंड बाजों के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की बारात निकली। इसे देखने आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस बार झांकियों की संख्या काफी अधिक रही लेकिन इसके बावजूद जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

नगर में तालग्राम तिराहे के पास श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में राम बारात के लिए झांकियों का जमावड़ा शुरू हुआ। रात 8-30 बजे विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय, कमेटी के अध्यक्ष देवकीनन्दन मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु चौहान, महामंत्री कौशलेंद्र सिंह श्यामू चौहान, कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार चौरसिया, राजीवनयन त्रिपाठी, श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, आचार्य प्रशांतानन्द चन्दन आदि ने प्रभु श्री राम की आरती के साथ बारात का शुभारंभ किया। इस बार एटा, मैनपुरी, कासगंज व फर्रुखाबाद जनपदों से बहुत ही अच्छी झांकियों को बुलाया गया। रामबरात में नन्दी के साथ भगवान भोलेनाथ वाली झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। एटा जनपद की राधाकृष्ण की झांकी, शंकर पार्वती की झांकी, लठठमार ब्रज की झांकी, नाग नागिन की झांकी व नागिन बैंड भी आकर्षण का केंद्र रहे। बारात में शामिल बैंड के भक्ति गीतों पर कमेटी के पदाधिकारियों ने जमकर डांस किया।भारतीय किसान यूनियन अवधेश की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता आदि ने अंग वस्त्र व पगड़ी से प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी और सीओ सुरेश कुमार का स्वागत किया। रामलीला मैदान में बारात पहुंचने के बाद पंडित प्रेम मुरारी दुबे ने जयमाल का कार्यक्रम संपन्न कराया। इसके बाद कमेटी के पदाधिकारियों ने आरती की व जमकर नृत्य किया।

इस दौरान अनुराग त्रिपाठी, अंकुर दीक्षित, टीटू अग्निहोत्री, बृजेंद्र उर्फ बब्बा यादव, सनी अग्निहोत्री, टिंकू दीक्षित, अमित दुबे, पंकज दुबे, हिमांक त्रिपाठी, आशु तिवारी, विनीत अग्निहोत्री, जितेंद्र दीक्षित एडवोकेट, दिलीप गुप्ता, प्रतीक भारद्वाज, नीरज यादव, आकाश मिश्रा, रिंकू दीक्षित, अर्पित मिश्रा एवं आशुतोष दुबे आदि मौजूद रहे।

# आने वाले नए बंदियों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

- जिला जज व डीएम-एसपी ने जेल का निरीक्षण कर बैरकों से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं को परखा



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला जज और डीएम- एसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में जिला न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर बैरकों, कैदियों की स्थिति, साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ने अवगत कराया कि जेल में नियमित रूप से चेकिंग की जाती है और बंदियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधिकारियों ने जेल स्टाफ को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री जेल के अंदर न पहुंच पाए, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त- दुरुस्त किया जाए। साथ ही, नए आने वाले बंदियों का अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए ताकि किसी भी संक्रामक बीमारी को फैलने से रोका जा सके। एसपी ने जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद को निर्देशित किया कि वे कारागार का नियमित निरीक्षण करते रहें और बंदियों की गतिविधियों पर विशेष सतर्कता बरतें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो उसकी सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों को दी जाए।

## हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के समापन पर छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सेवा पखवाडा अभियान के तहत हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अयोजित 15 दिवसीय हिंदी पखवाड़े का समापन हुआ। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिंदी पखवाड़े में सुलेख, हिंदी भाषा ज्ञान प्रश्नोंत्तरी, कहानी लेखन, कविता लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य संदेश कुमार पाण्डेय ने छात्र- छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व और उसकी समृद्ध साहित्यिक पंरपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नही बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। उपप्रचार्य फिरोज अहमद ने हिंदी के प्रचार- प्रसार पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष कुमार सिंह ने किया। इसके उपरांत मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत डॉ. पूनम के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर छात्र- छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई।

# स्कूटी शोरूम का हवन-पूजन के साथ शुभारंभ



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के नमस्ते इंडिया डेयरी के सामने नवीन मंडी के पास खाटू श्याम इंटरप्राइजेज स्कूटी शोरूम का शुभारंभ हवन-पूजन के साथ धूमधाम से हुआ। आचार्य कृपालु शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत हवन संपन्न कराया। इस अवसर पर राघवेंद्र यादव, संदीप यादव, सुनील यादव, सुरेंद्र सिंह यादव, अभिषेक, अरविंद, ज्ञान देवी, मार्ग श्री सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शोरूम संचालक राघवेंद्र यादव और संदीप यादव ने बताया कि शोरूम में 45,000, 55,000 और 65,000 रुपये की रेंज में आधुनिक इलेक्ट्रिक स्कूटी उपलब्ध हैं। यह शोरूम स्थानीय लोगों को पर्यावरण-अनुकूल और किफायती परिवहन विकल्प प्रदान करेगा।

# घर-घर सत्यापन कर मतदाता सूची को शुद्ध बनाएं बीएलओ

- प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, बीएलओ तथा सुपरवाइजरों को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण लोकतंत्र की नींव है। यदि सूची सटीक और त्रुटिरहित होगी तो चुनाव पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि सुपरवाइजर और बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में अवश्य जुड़े तथा अपात्र नाम समय पर हटाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतों और दावों-आपत्तियों का निस्तारण समयबद्ध व निष्पक्ष ढंग से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा संशोधनध्स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनता को इन प्रपत्रों तथा निर्वाचन आयोग की ऑनलाइन सुविधाओं के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि लोग आसानी से आवेदन कर सकें। प्रशिक्षण में अधिकारियों को प्रपत्रों के सही उपयोग, फील्ड सत्यापन, पर्यवेक्षण की व्यवस्था और रिकॉर्ड संधारण के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को जिम्मेदारी और टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर पात्र मतदाता का नाम सूची में होना आवश्यक है और इस दिशा में सभी का योगदान अहम है। इस अवसर पर उप निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन के सामने खड़े ईरिक्शा बन रहे जाम का कारण

**कालपी,जालौन।** नगर के स्टेशन रोड से निकलना आसान नही है। रेलवे स्टेशन के सामने सड़क पर खड़े ई रिक्शा जैम का कारण बन गये है जबकि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी वही से गुजरते है। वैसे तो ई रिक्शा पूरे नगर में बदहाल यातायात व्यवस्था का कारण बने है पर रेलवे स्टेशन के पास यात्रियों के इंतजार में खड़े रहने वाले यह वाहन उक्त रोड से गुजरने वाले लोगों के लिए मुसीबत बन गये है जहां से गुजरना अब आसान नहीं है। आलम यह है कि वहा अक्सर जैम की स्थिति बनी रहती है जिससे ज्यादातर लोग उक्त रोड से जाने में कतराने लगे हैं। समाजसेवी दिव्यगोपाल, राकेश पुरवार, चुन्ना गुलौली, खुशनसीब खान मबई अहीर निवासी जाकिर आदि के अनुसार उक्त रोड पर रेलवे स्टेशन के साथ एसबीआई की शाखा के अलावा तहसील, जेएम कोर्ट के अलावा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के आवास भी है।

# आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का शिखर क्षतिग्रस्त

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कदौरा क्षेत्र के ग्राम भेड़ी खुर्द में अपरान्ह में अचानक मौसम बदला और आसमान में काले बादल छाने के साथ ही पानी बरसना शुरू हो गया तभी तेज आवाज के साथ गांव के राम जानकी मंदिर पर आकाशीय बिजली जा गिरी जिससे मंदिर का शिखर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दूसरी आकाशीय बिजली गिरने की घटना में चार बकरियों की मौत हो गयी।

मिली जानकारी के अनुसार भेड़ी खुर्द के राम जानकी मंदिर के पुजारी रामचंद्र नाना मंदिर के बरामदे में ग्रामीणों के साथ बातचीत कर रहे थे उसी दौरान अचानक मौसम बिगड़ा और तेज आवाज के साथ मंदिर के शिखर पर आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर में मौजूद लोग दहशत में आ गये। हालांकि मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन मंदिर का शिखर ही क्षतिग्रस्त हुआ। वहीं दूसरी आकाशीय बिजली गिरने की घटना खेतों में हुई जहां गांव के ही जसपाल पाल अपनी बकरियों को चरा रहे थे तभी तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिरने से चार बकरियों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि जसपाल पाल बाल-बाल बच गये। जैसे ही उक्त जानकारी ग्रामीणों को पता चला तो बड़ी संख्या में ग्रामीण राम जानकी मंदिर में पहुंचे और मंदिर के शिखर पर आकाशीय बिजली गिरने से हुये नुकसान का आंकलन करने देखे गये।

# शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर मरीजों को दी गई दवाएं



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

विश्व हृदय दिवस पर सीएचसी में एनसीडी (गैर संचारी रोग) विभाग द्वारा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 221 रोगियों की स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उन्हें दवा वितरित की गई।

सोमवार को विश्व हृदय दिवस के मौके पर सीएचसी में गैर संचारी रोग विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि हृदयाघात के चलते काफी संख्या में लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इस गंभीर रोग के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है। अधिकांश मामलों में हृदय रोग का प्रमुख कारण तनाव होता है। इसके अलावा धूम्रपान, नशीले पदार्थों का सेवन, मधुमेह, व रक्तचाप से संबंधित समस्याएं भी हृदयाघात का कारण बनती हैं। डॉ. राजीव दुबे ने कहा कि हृदय रोगों से बचने के लिए दिनचर्या व्यवस्थित करें। पौष्टिक आहार लें, नियमित योग करें और तंबाकू का किसी भी रूप में इस्तेमाल न करें। कोई समस्या आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। शिविर में डॉ. राजीव दुबे, डॉ. योगेश आर्य, डॉ. विनोद राजपूत, डॉ. सहन बिहारी गुप्ता, डां हरीशरण प्रजापति ने 221 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 18 ब्लड प्रेशर, 16 डायबिटीज के नए मरीज मिले। रोगियों की काउंसलिंग कर उन्हें दवा वितरित की गई। इस मौके पर डॉ. पीएन शर्मा, अवधेश राजपूत, विवेक नारायण शर्मा, आरके वर्मा, प्रीति राठौर, सचिन गुप्ता, मणींद्र पाल आदि मौजूद रहे।

## बाइक अनियंत्रित होकर हुई दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

**जालौन,उरई।** तेज रफ्तार बाइक चलाकर आ रहे बाइक सवारों की बाइक बारिश के चलते अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े वाहन में जा घुसी। राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। एंबुलेंस से दोनों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहगंज निवासी साजिद (21) व रियाज (20) किसी काम के चलते सोमवार की सुबह बाइक से उरई गए थे। वहां काम निपटाकर दोपहर करीब तीन बजे दोनों बाइक से वापस जालौन लौट रहे थे। उसी समय तेज पानी बरसने लगा। बारिश के बीच ही दोनों बाइक सवार तेज रफ्तार में घर पहुंचना चाहते थे। तभी रूरा मल्लू के पास स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के पास सड़क किनारे खड़े वाहन को देखकर बाइक चालक बाइक को नियंत्रित नहीं कर सका।

# बैंक का कर्ज न चुकाने पर तीन भाइयों की पैतृक संपत्ति कुर्क



**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पिता द्वारा लिए गए बैंक कर्ज की अदायगी न होने पर प्रशासन ने सोमवार को तीन सगे भाइयों की पैतृक संपत्ति कुर्क कर ली।

जानकारी के अनुसार ग्राम मई निवासी वीर सिंह पुत्र भैरौ सिंह ने वर्ष 2005 में इलाहाबाद बैंक (वर्तमान इंडियन बैंक) शाखा रामपुरा से कृषि कार्य के लिए कर्ज लिया था। समय पर भुगतान न होने के कारण यह बकाया बढ़ते-बढ़ते लगभग 18,15,385 (अठारह लाख पंद्रह हजार तीन सौ पचासी) रुपये तक पहुंच गया। क ज अवधि के दौरान ही वीर सिंह का निधन हो गया। उनकी पैतृक भूमि और अन्य अचल संपत्ति उनके तीन पुत्रों धर्मेंद्र सिंह, विनोद सिंह और प्रमोद सिंह के हिस्से में विरासत में आ गई। बैंक द्वारा कई बार नोटिस जारी कर बकाया चुकाने की चेतावनी देने के बावजूद राशि जमा न होने पर उनके विरुद्ध आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी की गई। आरसी के आधार पर सोमवार को राजस्व विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुर्की की कार्रवाई की। तहसीलदार माधौगढ़ गौरव कुमार के नेतृत्व में संग्रह अमीन सुरेंद्र सिंह कुशवाह, लेखपाल भुवनेश सिंह, संग्रह अनुसेवक राम बिहारी दुबे, ग्राम प्रधान प्रभा देवी के पति रज्जन पाल सहित अन्य राजस्व कर्मी मौके पर मौजूद रहे। टीम ने पहले एनाउंसमेंट किया, फिर उनकी अचल संपत्ति, खेतों पर झंडी गाड़कर कुर्की की औपचारिक कार्रवाई पूरी की। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई बैंक बकाया वसूली की वैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत की गई है। जब तक बकाया राशि जमा नहीं की जाती, संबंधित संपत्ति पर किसी भी प्रकार का हस्तांतरण या क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकेगा। ग्रामीण क्षेत्र में इस कार्रवाई की चर्चा रही और लोग बैंक ऋणों की समय पर अदायगी के महत्व को लेकर जागरूक होते दिखे।

# एक दिन के लिए थानाध्यक्ष बनीं छात्राओं ने फरियादियों की सुनीं समस्यायें

**कम्पिल/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए, सोमवार को थाने में के.एस.आर. इंटर कॉलेज की नौ कक्षा की छात्रा हर्षिता शाक्य को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। कुर्सी पर बैठते ही उनके सामने एक महिला फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंची। प्रार्थना पत्र को पढ़कर छात्रा ने तत्काल संबंधित बीट दरोगा को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। दो टूक में कहा कि महिला फरियादियों की समस्याएं को प्राथमिकता पर सुने के साथ कार्रवाई की जाए। थानाध्यक्ष कपिल चौधरी ने बताया कि थानाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के बाद छात्रा के चेहरे पर एक अलग सा आत्मविश्वास दिखा। छात्रा के अंदर महिलाओं की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का जुनून दिखा।

छात्रा ने बताया कि वह पढ़ाई पूरी करके आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को थाने के दैनिक कार्यों और मिशन शक्ति सहित अन्य आपातकालीन नंबरों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कालेज से आई छात्राओं को टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीन दयाल ने छात्राओं के इस अनुभव को बेहद प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। छात्राएं समाज में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के महत्व को बेहतर ढंग से समझ पाई हैं। इस दौरान दरोगा प्रेमपाल, योगेन्द्र सिंह व सिपाही चारु, गुलशन, धर्मेंद्र गुर्जर, प्रियंका, कविता आदि लोग मौजूद रहे।

**नवाबगंज प्रतिनिधि के अनुसार** प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर की कक्षा 5 की छात्रा कु0 अभी को एक दिन का खंड विकास अधिकारी बनाया गया। छात्र ने कुर्सी पर बैठकर सभी कर्मचारियों से उनका परिचय प्राप्त किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत से अपने विकास खंड में हजरतपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प के अंतर्गत कार्य करने हेतु कहा गया। उपस्थित ग्राम प्रधान नगला केल से ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। छात्रा का कहना था कि वह बड़ी अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। उसने कहा कि करप्शन हमारे समाज में एक बड़ी चुनौती है। जिसे पूरी तरह से खत्म होना चाहिए। इस दौरान मौजूद खंड विकास अधिकारी ने छात्रा का हौसला बढ़ाया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेश सिंह, नियोजन विभाग से इंदल बाबू, कनिष्ठ लिपिक राज भारती, विनीत वर्मा, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, एकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह सहित समस्त विकास खंड स्टाफ, छात्राएं तथा सहायक अध्यापक सुमित कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं शाम को चलते वक्त छात्रा ने विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान का आभार व्यक्त किया। जिस पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने छात्रा को उसके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। **इसी क्रम में** कस्बा नवाबगंज स्थित बी.आर.एम. इंटर कॉलेज बबना रोड की कक्षा 11 की छात्रा विधि जो अपने विद्यालय की कक्षा 10 में टॉपर छात्रा है, जिसको आज शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण योजना के तहत एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे तथा अन्य पुलिस जनों ने छात्रा का बुकें देकर फूल माला डालकर स्वागत किया। छात्रा ने जन समस्याओं को सुना। थाना क्षेत्र के ही गांव नहरोसा निवासी उपन्यास कुमार पैसे के लेनदेन की समस्या को लेकर आए थे। जिस पर संबंधित हलका इंचार्ज को निर्देशित करते हुए मामले का निस्तारण करने की बात कही। वहीं दूसरे मामले में राजस्व संबंधी समस्या जमीन निस्तारण मामले की बात आई थी। जिसमें छात्र थाना अध्यक्ष ने बबना चौकी इंचार्ज दरोगा राकेश कुमार को राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मामले को निस्तारण करने के निर्देश दिये। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे तथा अन्य पुलिसकर्मियों ने छात्रा थाना अध्यक्ष के कहने पर थाने का निरीक्षण करवाया। बाद में सभी पुलिसकर्मियों ने छात्रा का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, कस्बा इंचार्ज दरोगा गौतम सिंह, दरोगा गिरीश चंद्र सिंह, दरोगा राम सिंह, दरोगा हेमंत कुमार, हेड कांस्टेबिल वीरेंद्र सिंह, आलोक कुमार, किरण सिंह, अरविंद कुमार के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद आरिफ खान, सहायक अध्यापक पंकज यादव, पीटीआई इजहार आलम खान सहित तमाम छात्राएं व कालेज का स्टाफ मौजूद रहा।


कम्पिल में फरियादियों की समस्यायें सुनती थानाध्यक्ष बनी छात्रा हर्षिता शाक्य


नवाबगंज में थानाध्यक्ष बनी छात्रा को सम्मानित करते प्रभारी निरीक्षक अवध नरायन पाण्डेय

# दहेज हत्या के मामले में अभियुक्त को दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▶ 12 हजार रुपए के अर्थदंड से भी हुआ दंडित

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष ई.सी. एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करना व दहेज हत्या के मामले में दिलीप कुमार उर्फ विजय कुमार पुत्र सतीश चंद्र निवासी गदनपुर देवराजपुर कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

बीते 12 वर्षो पूर्व थाना कमालगंज पुलिस को 5 अप्रैल 2011 को चंद्रशेखर पुत्र छक्कू निवासी सेंगरमऊ कन्नौज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मैंने अपनी भतीजी चित्रा की शादी आज से लगभग 8 माह पूर्व दिलीप के साथ 18 जुलाई 2010 को की थी। साथ में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन दिए हुए दान दहेज से चित्रा के पति, दिलीप, ससुर सतीश चंद्र, सास खुश नहीं थे और दहेज में एक मोटर साइकिल पल्सर, पचास हजार रुपए नगद की मांग को लेकर चित्रा का उत्पीड़न करते थे। जब हम लोग चौथी की विदा के लिए गए, तो इन लोगों ने हमसे मोटर साइकिल व पैसों की मांग की। हम लोगों के समझाने का प्रयास किया, लेकिन उक्त लोग नहीं मानें। लगभग 15 दिन पहले चित्रा का भाई देवीनंदन गया था। ससुराल वालों ने कहा दहेज नहीं दिया अंजाम भुगतने के लिया तैयार हो जाना। 04 अप्रैल 2011 को मेरे बहनोई महेंद्र ने बताया कि चित्रा को उसके ससुरालवालों ने मार दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर दिलीप उर्फ विजय, सतीश के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

न्यायलय ने 319 के तहत माया देवी को तलब कर लिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अखिलेश कुमार राजपूत, श्रवण कुमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने दिलीप उर्फ विजय को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। साक्ष्य के अभाव से सतीश चंद्र, माया देवी को दोष मुक्त कर दिया गया।

## न्यायालय के आदेश पर दो पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटिन्ना मानिकपुर निवासी ब्रजराज सिंह के पुत्र दयाशंकर ने न्यायालय के आदेश से अपने रिश्तेदार जनपद कन्नौज की थाना कोतवाली के गांव खालेपुरवा निवासी रघुवीर उर्फ गुलशन शास्त्री एवं शेर सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है कि उसने मुरहास कन्हैया स्थित एक एजेंसी से सोनालिका ट्रैक्टर खरीदा था। 2 फरवरी 2025 को उक्त रिश्तेदार दयाशंकर के घर आए। दयाशंकर खेत पर काम करने चला गया। जब पीड़ित ने खेत से वापस आकर देखा, तो ट्रैक्टर गायब था। ग्रामीणों ने बताया कि तुम्हारा ट्रैक्टर तुम्हारें घर आए रिश्तेदार ले गए हैं। दयाशंकर ने रिश्तेदारों से पूछताछ की, तो उन्होंने कहा कि मेरे पास कोई ट्रैक्टर नहीं है। दयाशंकर ने कोतवाली में तहरीर दी, परंतु कोई कार्रवाई न होने पर रजिस्टर डाक द्वारा पुलिस अधीक्षक को शिकायत प्रार्थना पत्र प्रेषित किया। कोई कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने न्यायालय के आदेश से मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा मामले की जांच संबंधित हलका इंचार्ज को सौंपी गयी है। जांच कर कानूनी कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गये।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा नवाबगंज मंडल अध्यक्ष के बैनर तले शुकरुल्लापुर पुर पंचायत घर मैं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला की बैठक संपन्न। बैठक में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अतुल दीक्षित के अलावा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कहा 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार सोमवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम कार्यशाला नवाबगंज मंडल की कार्यशाला पंचायत घर शुकरुल्लापुर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अतुल दीक्षित एवं मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज द्वारा उपस्थित लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया यह कार्यक्रम 25 सितंबर से आरंभ हुआ जो 25 दिसंबर तक जारी रहेगा। गांव-गांव आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी एवं कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आवश्यक जानकारियों से अवगत कराकर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अतुल दीक्षित, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, कार्यक्रम संयोजक अमन अवस्थी, महामंत्री देशराज, रजनीश अवस्थी, हेम सिंह लोधी, अमन शुक्ला, आकाश गुप्ता, संजीव गुप्ता, मुकेश सिंह राठौड़, प्रधान संजय पाल, रूपेश गंगवार सहित तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


कार्यशाला के दौरान सरकार की योजनाओं का बखान करते भाजपाई

## गैंगेस्टर के आरोपी को दो वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने विजय पाल पुत्र मैकूलाल निवासी महादेवपुर कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दो वर्ष का कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते 23 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज के तत्कालीन प्रभारी सोमदत्त शर्मा ने विजय पाल के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि उपरोक्त अपराधी समाज में भय व्याप्त कर आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त करते हैं। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने विजयपाल को दोषी करार देते दो वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## खबरें एक नजर में

### चारा काटते समय वृद्ध का कटा हाथ, सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासगंज के थाना परियाली क्षेत्र के गाँव अलइस्या निवासी मुन्नालाल बघेल उम्र 72 वर्षीय पुत्र छत्तर सिंह बघेल अपने मवेशियों के लिए मशीन से चारा काट रहे थे। उसी दौरान अचानक उसका हाथ चारे की मशीन की चपेट में आकर कट गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से परिजन उसे प्राइवेट वाहन द्वारा घायल अवस्था में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### डीआईजी ने थाने का निरीक्षण कर नगर में किया पैदल मार्च

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** डीआईजी हरिश्चन्द्र ने पुलिस कप्तान आरती सिंह के साथ थाने का औचक निरीक्षण किया। जिससे पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। डीआईजी ने कई पुलिसकर्मियों की बुकलेट को लेकर क्लास लगायी। साथ ही आगामी त्यौहारों को लेकर चर्चा की। थाने की स्थिति एवं बिल्डिंग के सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं पैदल फ्लैग मार्च करके कमालगंज की जनता को शांति के साथ त्यौहार मनाने का संदेश दिया।

### पुरानी रंजिश को लेकर बालिका को मारपीट कर दोनों पैर तोड़े

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता कंचन पत्नी विपिन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह ग्राम फतेहपुर राव साहब थाना कमालगंज की रहने वाली है। पीड़िता की पुत्री नायरा उम्र करीब 5 वर्ष दिनांक 22.09.2025 को शाम के करीब 4 बजे पड़ोसी किशोर पुत्र अशरफी लाल के घर खलने गई थी, तभी रूपा पत्नी किशोर ने पुराने विवाद की के चलते मेरी पुत्री नायरा को मारापीटा। जिससे मेरी पुत्री के दोनों पैर व हाथ में काफी चोटें आई हैं। मैंने डॉक्टर को दिखाया, तो दोनों पैर टूटे बताये। जब मैं पड़ोसी के घर शिकायत करने गई, तो वह लोगा गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

### दिल्ली से घर आ रहे युवक को जहर खुरानी गिरोह ने बनाया शिकार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के गाँव खाड़े नगला निवासी रामजीत यादव उम्र 35 वर्षीय पुत्र महेन्द्र यादव जो की पुरानी दिल्ली जयजय कालौनी बजीरपुर में रहकर नौकरी करता है। उसकी पत्नी रेनू यादव अपने बेटे आशू को साथ लेकर विजय श्रीवास्तव के मकान में किराये पर करीब 9 वर्षों से रही है। उसका बेटा सीपी विद्या निकेतन में कक्षा 8 की पढ़ाई कर रहा है। उसका पिता बीती रात्रि को रोडवेज बस में बैठकर अपनी पत्नी रेनू व बेटा आशू के पास मुहल्ला झील थाना कायमगंज आ रहा था। रास्ते में बस में किसी जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसे अपना शिकार बना लिया और उसे बेहोश कर उसका एक मोबाइल फोन सहित लगभग 25 हजार रुपये लेकर फरार हो गये। रोडवेज वस चालक ने बेहोशी की हालत में रामजीत यादव को कायमगंज पुलगालिब पुलिया पर उतार दिया। वहाँ पर मौजूद लोगो ने बेहोशी की हालत में रामजीत को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### कूड़े की ढेर में पड़ा मिला बच्चे का भ्रूण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कूड़े के ढेर में नवजात का भ्रूण पड़ा देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नाला मछरट्टा सधवाड़ा के पास सड़क के किनारे कूड़े में एक नवजात बच्चे का भ्रूण राहगीरों ने पड़ा देखा। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों ने आशंका जतायी कि अशोका हॉस्पिटल से भ्रूण को फेंका गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

# 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार, गोली लगने से हुआ घायल

## चोरी की बाइक, एक तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस, 300 रुपये बरामद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस मुठभेड़ के दौरान 25,000/- हजार रुपए का ईनामी बदमाश अर्पित शाक्य गोली लगने से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना पुलिस एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ भोजपुर मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार व्यक्ति आता दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। जिस पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गयी। पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम अर्पित शाक्य बताया। वह कन्नौज जनपद के गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के बाबरपुर गांव का निवासी है। अर्पित शाक्य पर 25,000/- रुपए का इनाम घोषित था और वह राजेपुर थाने से गैंगेस्टर एक्ट में वांछित था। उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह एक अंतरजनपदीय अपराधी है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार सिंह ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत चेकिंग के दौरान बदमाश ने पुलिस पर हमला किया। उन्होंने पुष्टि की कि बदमाश शातिर किस्म का चोर है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल, 315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और 300 रुपए नकद बरामद किए हैं।



मुठभेड़ में घायल बदमाश को ले जाती पुलिस

## खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए 54,998 रुपए

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पट्टी खुर्द निवासी रविंद्र सिंह के पुत्र योगेश सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि 28 सितंबर की बीती रात्रि 8 :40 पर 4998 रुपए बिग ट्री इनटेरा में क्रेडिट हुए तथा 8 :41 पर पीड़ित के अकाउंट से 50000 बिग ट्री इन टेरा में क्रेडिट हुए। जिसकी सूचना पीड़ित ने आईडीबीआई शाखा फर्रुखाबाद की हेल्पलाइन को दी। रुपए काटने की जानकारी आईडीबीआई की हेल्पलाइन पर देने से रुपए कटने बंद हो गए। पीड़ित ने बताया कि अकाउंट में 60,000 से ऊपर रुपए थे। पीड़ित ने बताया कि उसने ऑनलाइन शिकायत कर दी है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने पीड़ित से 1930 पर कॉल करने के लिए कहा तथा पीड़ित को साइबर थाने में शिकायत दर्ज के लिए भेजा। पीड़ित ने बताया कि उसके पास किसी भी प्रकार का कोई लिंक नहीं आया था और ना ही किसी प्रकार की ओटीपी शेयर की है। फिर भी उसके अकाउंट से पैसे कट गए।

# एक दिन के सीओ व थाना प्रभारी बनी बहनों ने किया विधिवत कार्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति-05 योजना के अंतर्गत कायमगंज तहसील की संस्था साहसी बालिका की सदस्य निकेता कुमारी को एक दिन के लिए क्षेत्राधिकारी एवं कुमारी कोमल सक्सेना को एक दिन के लिए प्रभारी निरीक्षक के रूप में कार्यभार सौंपा गया और दोनों बहनों के द्वारा विधिवत कार्यो को योजना में लाया गया। इस सुअवसर पर दोनों बहनों का मनोबल बढ़ाने हेतु उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री संजय गुप्ता एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता (मंशाराम), उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री शिवकुमार शाक्य, गोपाल गुप्ता, अटल एवं साहसी बालिका की संस्थापक सिल्की मिश्रा एवं गणमान्य पदाधिकारियों के सानिध्य में दोनों बहनों का स्वागत एवं सम्मान कर शुभकामनाएं दी गयीं।


सीओ बनी छात्रा को सम्मानित करते व्यापारी नेता

## मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एक दिन के लिए थानाध्यक्ष बनीं छात्रा श्रेया


फरियादियों की समस्याओं सुनती थानाध्यक्ष बनी छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत कक्षा 12 की छात्रा श्रेया द्विवेदी को थाना कादरीगेट का एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। थाना पहुंचते ही श्रेया द्विवेदी ने पुलिस स्टाफ का परिचय लिया और थाना क्षेत्र की व्यवस्थाओं को समझा। इसके बाद उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुनाया तथा पुलिसकर्मियों को हल करने के दिशा निर्देश दिय। इस अभियान का उद्देश्य न केवल महिलाओं को सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रति जागरूक करना है, बल्कि युवाओं में नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर पुलिस थाना अध्यक्ष कादरीगेट राजेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक विवेक कुमार, राहुल कुमार, वीरेंद्र कुमार, महिला हेड कांस्टेबिल हेमलता, रश्मि यादव आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की फोटो के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री की आपत्तिजनक फोटो इंटरनेट पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक फोटो को इंटरनेट (इंस्टग्राम) पर वायरल किया गया था। पुलिस ने आनन फानन में मामले को गंभीरता से लेते हुए शहबाज पुत्र इस्लाम निवासी अताईपुर कोहना को लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। शाहबाज खान 3 एच यूजरनेम से मुख्यमंत्री योगी की फोटो के चेहरे को एडिट कर आपत्तिजनक स्वरूप देकर उसे इंस्टाग्राम पर डाला गया। इसके साथ आई लव मोहम्मद का स्वर भी जोड़ा गया। इस फोटो को कई फालोअर ने दूसरों को भेजा। जानकारी लगते ही पुलिस हरकत में आई और उसने अताईपुर जदीद में दबिश देकर शहवाज को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# भारतीय किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान मजदूर यूनियन अराजनैनिक संगठक के जिला अध्यक्ष प्रेमचन्द्र ने अपने पदाधिकारियों के साथ किसानों की 7 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील परिसर में पहुंचकर एक बैठक कर मुख्यमन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अनवर हुसैन को सौंपा। जिसमें कहा है कि बाढ़ क्षेत्रों की जो सूची बनायी गयी है, उसमें कई गांवों को छोड़ा गया है। जैसे अताईपुर कोहना की 80 प्रतिशत जमीन आज भी पानी मे डूबी हुई है। सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। कायमगंज की कोआपरेटिव बैंक ने ग्राम बराबिकू में सोसाइटी समिति खोली है। वहां के सचिव ने किसानों का पैसा व गेहूं, खाद के नाम पर करोड़ों का घोटाला किया है। जिसकी आज तक जांच कराकर कार्यवाही नहीं की गयी। टीम गठित कर जांच करायी जाये और किसानों को न्याय दिलाया जाये। जिले में खाद की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। जिसे अतिशीघ्र रोका जाए। सरकारी स्कूलों की किताबों की तरह प्राइवेट स्कूलों में भी किताबों के दाम निर्धारित किये जायें। खतौनी में अंश निर्धारण के नाम पर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। सम्बन्धित लेखपालों को गांव-गांव भेजते हुए अभियान चलाकर किसानों के किये गये गलत अंशों को तत्काल सही कराया जाये। सभी रेलगाड़ियों में साधारण डिब्बे लगाये जायें आदि कई मांगें शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान मजदूर यूनियन संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेमचन्द्र, रमेश चन्द्र, सलमान अहमद, बॉबी राजपूत, राजेश कुमार, प्रेमदास शर्मा, हीरालाल शाक्य, रजनीश सिंह सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

# नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि का हुआ पूजन


शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करतीं महिलायें

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र के सांतवें दिन मां दुर्गा के सप्तम स्वरुप मां कालरात्रि का पूजन किया गया।

सोमवार को मां दुर्गा के सप्तम स्वरुप मां कालरात्रि की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरुगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर सर्व मंगल की कामना की। ऐतिहासिक गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर लगे मेले में भक्तों ने जमकर खरीददारी की। इसके अलावा बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में मां की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से गया। लोगों का मानना है कि माता के दर्शन से हर इच्छा पूरी होती है। यहां पर भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं तथा युवतियों ने भोर होते ही मंदिर में पहुंचकर मां महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की।


बिजली का घर का निरीक्षण करने जाते सांसद

## सांसद ने 400 केवी विद्युत घर का किया निरीक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव उखरा में बन रहे 400 केवी बिजलीघर में सोमवार को सेवा पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद मुकेश राजपूत और नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सांसद और अध्यक्ष ने इसके बाद बिजलीघर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता सृजन चौधरी और दीपिका पांडेय से बिजलीघर के निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने बिजलीघर परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, उपखंड अधिकारी हरिवंश, राजपाल सिंह, आकाश गुप्ता, योगेन्द्र सिंह राठौर, संजीव गुप्ता, शिवमंगल सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एक दिन की कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनी 10वीं की छात्रा शगुन राठौर, सुनीं समस्याएं

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली मोहम्मदाबाद में एक दिन के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह राठौर की 14 वर्षीय पुत्री शगुन राठौर को बनाया गया। जो कि सत्यवती पब्लिक स्कूल मोहम्मदाबाद में कक्षा 10 की छात्रा है। प्रभारी निरीक्षक बनी छात्रा ने कोतवाली में आये फरियादियों की समस्याओं को सुना। जमीन संबंधित समस्या को लेकर आए कोतवाली क्षेत्र के पिपरगांव निवासी रोहित कुमार पुत्र मदन सिंह की जमीन पर कूड़े को डालने को लेकर विवाद था। जिसे संबंधित हलका इंचार्ज के लिए जांच के निर्देश दिए गये तथा मामले का निस्तारण व कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गये। साइबर फ्रॉड संबंधी समस्या को लेकर आए पट्टी खुर्द निवासी योगेश कुमार के एकाउंट से बिग ट्री नाम की एक साइड से पैसे काटे जाने के संबंध में शिकायत पर कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक शगुन राठौर ने 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाने की जानकारी दी तथा साइबर थाने के लिए निर्देश दिए।


फरियादियों की समस्यायें सुनती कोतवाली प्रभानी बनी छात्रा

# जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कायमगंज जोन बना विजेता

**अपर पुलिस अधीक्षक ने विजेता खिलाड़ियों को पहनाये मेडल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता खिलाड़ी

जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तीसरे दिन पुरुस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. विनीत कुमार चौहान व सह संयोजक रजिन्द्र सिंह कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। अपर पुलिस अधीक्षक व डीआईओएस एवं जिला क्रीड़ाधिकारी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जूनियर बालक वर्ग में व्यक्तिगत चैम्पियन रामानंद इंटर कालेज के छात्र शांतनु रहे। सीनियर बालक वर्ग में क्रिश्चियन इंटर कालेज के चैम्पियन निखिल राजपूत रहे। निखिल ने 800 मीटर व 1500 मीटर व 3 हजार मीटर में जीत हासिल की। वहीं केएसआर कम्पिल के छात्र अभिषेक ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ में विजेता बने। सब जूनियर बालक वर्ग में सीपी विद्या निकेतन के रुद्र प्रताप सिंह ने गोला फेंक, तबा फेंक, लम्बी कूद में जीत दर्ज की। महावीर इंटर कालेज नगला खैरबंद के अंकित सिंह ने 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर दौड़ में बाजी मारी। व्यक्तिगत चैम्पियन बालिका सीनियर वर्ग में जीजीआईसी फतेहगढ़ की रमा देवी ने 100, 200, 400 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। जूनियर में व्यक्तिगत चैम्पियन शहीद भगत सिंह रमा देवी इंटर कालेज के छात्रा श्रास्रि ने 100, 200, 400 मीटर दौड़ में जीत हासिल की। प्रतियोगिता में जोन चैम्पियन कायमगंज 250 अंक के साथ रहा। द्वितीय स्थान पर फतेहगढ़ 153 अंक के साथ रहा। तृतीय स्थान पर फर्रुखाबाद 147 अंक के साथ रहा। निर्णायक मण्डल में देवेन्द्र कुमार, सतेन्द्र सिंह, दीपावली कुमार, राकेश कुमार, आरती यादव, केशव गंगवार, सुब्रत शाक्य, सुनील पाल, नेहा भारद्वाज, अनिकेत कुमार, रजनीश शिवा, ऋतु मिश्रा, इंजाज अहमद, राहुल यादव, अनुराग पटेल, प्रशुभ गुप्ता, धनश्याम बिंद, देवनारायन सिंह, मनीषा यादव, कुलदीप सिंह, अर्जुन प्रताप सिंह, अभिषेक अवस्थी, धनंजय कुमार आदि ने व्यवस्था देखी। लेखा विभाग में कृष्ण स्वरुप, डॉ. सीता सिंह, अनुज मिश्रा, अमिताब सिंह, पवन कुमार, सुनील राठौर, मोहित कटियार, अनिल शाक्य, अर्नुज दीक्षित विशेष कुमार, नीरज कुमार, अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे। बालक वर्ग 5 हजार मीटर वॉक में अनमोल बाथम प्रथम व सुमित द्वितीय रहे। जेबलिन थ्रो में अम्बर प्रथम, मिथुन द्वितीय रहे। जूनियर बालक वर्ग वॉक 5 हजार मीटर में अर्जुन सिंह प्रथम, सुरजीत द्वितीय रहे। जेबलिन थ्रो में अरविन्द पाल प्रथम, शोभित कुमार द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में निकित व आदर्श द्वितीय रहे।

# नवरात्रि पर भक्तों ने सुनी दुर्गमासुर की कथा



कथा का रसपान करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा कालोनी फतेहगढ़ में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में पंडित देवेन्द्र जी महाराज ने दुर्गमासुर की कथा का व्याख्यान किया। दुर्गा मंदिर में आयोजित कथा में पंडित देवेन्द्र दीक्षित ने सुंदर ढंग से कथा सुनाई और कहा कि मां दुर्गा ने इस दुष्ट का वध करने के लिए अपना दुर्गस्वरुप रखा। इस स्वरुप में ब्रह्मा, विष्णु, महेश के अंश लेकर तथा शस्त्र लेकर प्रकट हुई। तब जाकर इस दुष्ट का संहार हुआ। साथ ही तुलसी व शंख चन्द्र की कथा भी सुनाई। कथा की व्यवस्था देख रहे अंकुर तिवारी, यश तिवारी ने सहयोग किया। इस दौरान राकेश श्रीवास्तव, अंश कुमार, संजय कुशवाहा, सतीश त्रिवेदी, गोविन्द मिश्रा, सीपी सिंह, रामवीर सिंह चौहान, सभासद बिटान देवी आदि ने कथा का श्रवण किया। बड़ी संख्या में मातायें, बहने व भक्तगण मौजूद रहे।

# क.बा.इं.का. में एक दिन की छात्रा शुभ्रा बनी सांकेतिक प्रधानाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सांकेतिक प्रधानाचार्य के रुप में कार्य करती छात्रा

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अभियान के अन्तर्गत विद्यालय की छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी व उप प्रधानाचार्य ने सांकेतिक भूमिका निर्वाह्न कार्यक्रम आयोजन किया। प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में छात्राओं को इन पदों के दायित्व को समझाया गया। जिसमें सांकेतिक प्रधानाचार्य कु0 शुभ्रा दीक्षित व सांकेतिक उप प्रधानाचार्य कु0 राधिका ने निष्ठा पूर्वक अपने पद की महत्वता को समझते हुए समस्त कार्य व समस्या का समाधान किया। विद्यालय की नोडल शिक्षिका पूनम शुक्ला ने बताया कि छात्राओं को विद्यालय में मिशन साहसी के अन्तर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण सिखाया जा रहा है। बालिकाओं की शिक्षा के द्वारा उनको आत्मविश्वास प्रबल होना चाहिए। इस मौके पर अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहन मिला। इस दौरान दर्शना शुक्ला, वरिष्ठ लिपिक अजंट सिंह गुड्डू, लिपिक राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य आदि लोग मौजूद रहे।



साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

# रोजगार मेले में 48 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में रोजगार/ अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेला में छह कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 150 रिक्तियों के सापेक्ष 58 अभ्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया। जिसमें 48 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। अप्रेन्टिसशिप के लिए 34 व पीजी इलेक्ट्राप्लास्ट के 6, हीरो मोटर्स के 16, टाटा मोटर के 8, हाइली इलेक्ट्रानिक के 4, जॉब ट्रेनी के लिए 14, रिलायंस इंडस्ट्री के लिए 10 एवं एचकेएच इंडिया के लिए 4 अभ्यार्थियों का चयन हुआ। मेले की व्यवस्था नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने देखी। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेंट प्रभारी विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में दशहरा पर्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



राम, लक्ष्मण, सीता की झांकी के साथ विद्यालय स्टाफ

सनातन से चली आ रही परंपरा एवं संस्कृति को छात्रों में जागृत करने के उद्देश्य से गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत, अन्याय पर न्याय की जीत तथा असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया गया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के नन्हे नन्हे मुन्ने बच्चों ने रामलीला का मंचन किया। इसमें बच्चों ने प्रभु श्री राम तथा माता सीता के चरित्र को उजागर किया। कक्षा दशम से राम की भूमिका में अभिनव मिश्रा, अंशिका मिश्रा सीता की भूमिका में, अशन अहरवार लक्ष्मण की भूमिका में हनुमान की भूमिका में विकास सिंह ए रावण की भूमिका में कनिष्क सैनी आदि छात्रों ने अहम भूमिका निभाकर रामलीला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया ।रावण के पुतले के दहन के साथ आतिशबाजी का आनंद लिया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला जी ने मानव जीवन में त्योहारों के महत्व का प्रतिपादन किया और उन्होंने सभी को नवरात्र तथा विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल एवं विनोद अग्रवाल व प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला, उप प्रधानाचार्य अंजू सिंह ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के स्वरुपों की आरती उतारी।

बच्चों ने उत्साहपूर्वक दशहरा पर्व का आनंद लिया। रावण के पुतला दहन होते ही जय श्रीराम के विद्यालय परिसर में नारे गूंजे।

## कान से एयरफोन निकालने पर पीटा, दी तहरीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता सरला पत्नी दिनेश ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह ग्राम उगरापुर थाना कमलागंज की रहने वाली है। दिनांक 28.09.2025 को रात लगभग 11 बजे मेरा पुत्र रविंद्र गांव में ही दुर्गा पूजा पंडाल में गया था। वहां पुत्र रविंद्र ने गांव के निशांत पुत्र अशोक के मजाक में कान से ऐयरफोन निकाल दिया। इसी बात पर पुत्र रविंद्र के साथ निशांत और अवनीश पुत्र रामनरेश ने गाली-गलौज कर लाठी-डण्डों से मारापीटा। मैं आवाज सुनकर पंडाल में पहुंची, तो मैंने बीच बचाव किया, तो मेरे साथ भी निशांत और अवनीश ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डण्डों से मारापीट की। मारपीट मे पुत्र रविंद्र व मेरे शरीर में चोटें आई हैं। उक्त ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# राजेपुर दरोगा के खिलाफ भाकियू अखण्ड प्रदेश ने खोला मोर्चा

**नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर की कार्यवाही की मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी ने पुलिस कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि राजेपुर थाने में तैनात दरोगा अमित कुमार का कार्य ठीक नहीं है। छोटे-मोटे विवादों एवं समझौता में अभद्रता करते है। ज्ञापन देकर आरोप लगाया गया कि एनसीआर जैसे मामलों में 151 के नाम पर धन उगाही करना व दविश देकर आम लोगों को परेशान करना, महिलाओं को गाली देना, अभद्रता करना उनका स्वभाव हो गया है। आम जनमानस, किसान, मजदूरों में रोष है और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते है, गिरफ्तारी करते है। उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की मांग की गई। पांचाल घाट से जमापुर मोड़ तक ट्रैफिक द्वारा ट्रैक्टर मोटर साइकिल आदि वाहनों से मन चाहां चालान काटा जा रहा है। ऐसे में आम जनता व किसान परेशान है, दरोगा के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स-डे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स-डे बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य संजय बिष्ट ने कहा कि उनका अनुभव, स्नेह और आशीर्वाद ही नई पीढ़ी के लिए सच्ची धरोहर है। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना और रामलीला ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के दादा-दादी और नाना-नानी विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए। जिनकी उपस्थिति से समारोह का महत्व और भी बढ़ गया। विविध मनोरंजक एवं सहभागिता गतिविधियां आयोजित की गई। जिनमें दादा-दादी और नाना-नानी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों ने मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। आव्या के दादा कवि रामावतार शर्मा इंदू ने उपनिदेशिका अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य संजय बिष्ट को स्वरचित पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया तथा अपने वक्तव्य के द्वारा विद्यालय की विशेषताओं की सराहना की। प्रबंध निदेशिका ज्योत्सना अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पारिवारिक मूल्यों को सशक्त बनाते हैं, बल्कि बच्चों में संस्कारों की नींव भी गहरी करते हैं। उपनिदेशिका अंजू राजे ने कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी बच्चों के जीवन में न केवल संस्कारों की नींव रखते हैं, बल्कि अपने अनुभव और आशीर्वाद से उन्हें सही दिशा भी प्रदान करते हैं। प्राथमिक विंग की हेड शिवानी दीक्षित ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन शिक्षिका नेहा एवं राशि ने किया।

# अंकित तिवारी ने भाजयुमो जिला मंत्री पद से दिया इस्तीफा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



अंकित तिवारी

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री अंकित तिवारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बीते दिनों एक पोस्ट को लेकर पुलिस द्वारा उनका चालान कर दिया गया था। पार्टी द्वारा कोई सहयोग न किये जाने पर वह आहत हुए। उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर अपने को अलग कर लिया है। उन्होंने बताया कि रात दिन हमने पार्टी के लिए सेवा की। जब सहयोग की बात आती है तो पार्टी के लोग हाथ खड़े कर लेते है। उस कार्यवाही से आहत होकर अंकित तिवारी ने अपने पद से इस्तीफा दिया और कहा कि मेरा कद व मेरा सम्मान एवं मेरे चाहने वाले बहुत है, जो मेरे साथ है, मैं उनके साथ बना रहूंगा। उन्होंने भाजयुमो जिलाध्यक्ष को भेजे गये इस्तीफे में दर्शाया कि वर्तमान में कार्य की अधिकता की बजह से पार्टी व संगठन को समय नहीं दे पा रहा हूं। जिस कारण मैं भाजयुमो जिला मंत्री एवं सक्रिय सदस्यता सहित भाजपा से इस्तीफा दे रहा हूं।

# टीईटी अनिवार्यता का शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



काली पट्टी बांधकर विरोध करते शिक्षक

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने जनपद के सभी शिक्षकों के साथ टेट का विरोध करते हुए कार्य किया।

सभी ने विद्यालय कार्य के दौरान हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। जनपद के बीआरसी राजेपुर में बैठक कर विरोध किया। वहीं यूपीएस बीसलपुर तराई में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांधी। यूपीएस गढ़िया राजेपुर व कम्पोजिट विद्यालय याकूतगंज, पीएस शेराखार, यूपीएस राजेपुर, संविलिय विद्यालय तुषौर, पीएस दारापुर, एडेड जूनियर स्कूल शांति नगर, ज्ञान मंदिर जूनियर हाईस्कूल कायमगंज में शिक्षकों का विरोध दिखा। सभी ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में काली पट्टी बांधकर कार्य निर्वाह्न किया। सभी ने एक स्वर में टीईटी अनिवार्यता हटाये जाने की मांग की।

## माता रानी के पांडाल में हुई आरती में व्यापारी नेताओं व मंडी चौकी इंचार्ज ने लिया भाग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के पृथ्वी दरवाजा बैंक ऑफ़ इंडिया वाली गली में मां दुर्गा की स्थापना की गई है। जिसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम ने पदाधिकारी और कायमगंज मंडी चौकी इंचार्ज अवधेश यादव पहुंचकर माता रानी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दुर्गा कमेटी के मार्गदर्शन में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता और राज गुप्ता उर्फ छोटू की अध्यक्षता में माता रानी की स्थापना की गई है। जिसमें सभी माता बहनों और भक्तगणों ने माता रानी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया आरती उपरांत भारत माता की झांकी का आयोजन रखा गया था। पंडाल में सैकड़ों माताएं, बहनें उपस्थिति रही। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम, युवा विधानसभा अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शिवमंगल कौशल, मंडी चौकी इंचार्ज अवधेश यादव, अंकित गुप्ता, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, राज गुप्ता उर्फ छोटू समेत सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

# मेजर सुनील दत्त द्विवेदी बने सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति



विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति का सदस्य बनाया है। विधानसभा के विशेष सचिव मोहम्मद मुशाहिद ने प्राक्कलन समिति की समितियों के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। 4 मार्च 2025 को विधानसभा द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसरण में अध्यक्ष विधानसभा ने उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, पंचायती राज समिति एवं अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति में विधान सभा सदस्य नामित किये है। सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति में मेजर सुनील दत्त द्विवदी को नामित किया है। साथ ही उनके साथ 13 अन्य लोग भी नामित हुए है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बीएसए ने छात्राओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद बीएसए व छात्रायें

कन्या प्राथमिक विद्यालय याकूतगंज वि0खंड बढ़पुर में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुपम अवस्थी और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर की गई। छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के विषय में जानकारी दी गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मिशन शक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा और जागरूकता से ही महिला सशक्तिकरण संभव है। हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, डायल 112 आदि के बारे में जानकारी दी और बच्चों को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थिति जनसमूह में मिशन शक्ति के पम्पलेट वितरण किये गये। कार्यक्रम विद्यालय परिवार, ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना जहानगंज क्षेत्र निवासी कुमुदेश चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार शाम को वह अपनी दुकान पर मौजूद थे। उसी दौरान ग्राम कन्हई नगला निवासी कुलदीप राजपूत अपनी मां के साथ किताब, कागज व पेन खरीदने आये। उसी दौरान पीछे से अमरेश, नितेश, रामचंद्र, आरती, अर्चना और तीन अज्ञात व्यक्ति भी दुकान पर पहुंच गये और हंगामा करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने दुकान में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने जब अपने बेटे को फोन करने की कोशिश की, तो दबंगों ने मोबाइल फोन तोड़ दिया व दुकान में तोड़फोड़ कर की। दुकानदार के भाई विमलेश चतुर्वेदी को भी बुरी तरह पीट दिया। जिससे वह घायल हो गया। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी चले गये। थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत सफल महिलाओं को किया सम्मानित




महिला को सम्मानित करते सांसद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग के सौजन्य से कलेक्ट्रेट सभागार में नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद की विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं ने अपने सघर्ष से सफलता तक की कहानी व्यक्त की। सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक अमृतपुर, विधायक कायमगंज, पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेंज, जिलाधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने उपस्थित माहिलाओं को सम्बोधित किया एवं विभिन्न क्षेत्रों सफल महिलाओं को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अपर पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर एवं जनपद के समस्त विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

## एक दिवसीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम डिपो के द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बस स्टेशन सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें सांकेतिक भाषा के द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित लोगों को जानकारी प्रदान की गई। जिसमें ट्रेनर कुलदीप कुमार ने सांकेतिक भाषा और इशारों के माध्यम से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासचिव पवन कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। एआरएम गौरी शंकर सभी का उत्साह वर्धन करते रहे। कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार, अध्यक्ष ऋषभ वर्मा, वेदराम, सुमन कुमारी, रजनी माथुर, सिम्मी राठौर के अलावा अन्य लोग उपस्थिति रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

**समाज की सोच में बदलाव लाना व महिलाओं के अन्दर से डर की भावना को निकालकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना ही मिशन शक्ति-5.0 का उद्देश्य : जिलाधिकारी**



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति-5.0 के तहत जनपद में स्कलों, विभागों व ग्राम स्तर पर बालिकाओं व महिलाओं को सामाजिक शिक्षा, खेल, चिकित्सा आदि क्षेत्रो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देशन में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर खेल कूद, सामाजिक, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 09 महिलाओं को ''नव दुर्गा शक्ति सम्मान'' के रूप में प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले में यथा श्रीमती मीनू देवी आर0आर0सी0 केयर टेकर पंचायती राज विभाग के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत स्वंय ई-रिक्शा चलाकर घर-घर कूड़ा संग्रहण का कार्य, डॉ रेवती यादव मेडिकल आफिसर आर0बी0एस0के0 राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत उत्कृष्ठ सेवाएं प्रदान करने के लिए, शिल्पा श्रीवास्तव लखपति दीदी एनआरएलएम के अन्तर्गत उत्कृष्ठ कार्य करते हुए अपने तथा अन्य महिलाओं की आजिविका में वृद्ध करने के लिए, निधि सिंह पटेल अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पावरलिफ्टिंग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल में प्रतिभाग करने हेतु, डॉ आश्रेयी आद्या चटर्जी प्रोफेसर को उच्च शिक्षा के साथ मिशन शक्ति अभियान में विशेष योगदान देना, रंजना ठाकुर जिला समन्वय यूएनओपीएस जल निगम जल जीवन मिशन अभियान के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को जल सहेली एवं स्कूली बच्चों को तल दूत बनाने में सफलता हासिल करने, सोना देवी सफाई कर्मी नगर पालिका को स्वच्छता कार्यो में उत्कृष्ठ कार्य करने, पल्लवी सिंह महिला आरक्षी कटरा कोतवाली महिला सुरक्षा अन्तर्गत उत्कृष्ठ कार्य करने तथा रीता शर्मा प्रधानाचार्य आर कन्या बालिका इण्टर कालेज शिक्षा के साथ ही महिलाओं एवं बच्चियों के उत्थान हेतु उत्कृष्ठ करने के लिए ''नव दुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमें में है। इस अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं में सामाजिक शिक्षा, खेल कूद, चिकित्सा, उद्यम सहित अन्य क्षेत्रो में बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया जाए ताकि महिलाओं के प्रति समाज की सोच में बदलाव हो लाया जा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु व उनकी सुरक्षा हेतु उनके अन्दर से डर भावना को निकालने हेतु केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जाने वाले महिलाओं से सम्बन्धित प्रत्येक योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर उन्हें जागरूक किया जाए और वे अपने अन्दर की डर भावना को समाप्त कर समाज के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़े तभी इस अभियान का उद्देश्य परिणपूर्ण होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गिरते हुए लिंगानुपात में सुधार करना, बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देना तथा बालिकाओं के जन्म के प्रति आम जन में सकारात्मक सोच विकसित करने संबधी जागरूकता लाई जाए विभिन्न माध्यमो सेयथा नाटकधुनुक्कड़ नाटक, बैनर पोस्टर, वाल पेटिंग व विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर जन मानस में जन जागरूकता फैलाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग जिसे इस कार्य के लिए नोडलध्प्रभारी नियुक्त किया गया है वे सभी पूरीपारदर्शिता के साथ महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ ही जन समूह में मिशन शक्ति अभियान को बढ़ाने हेतु अपना योगदान करे ताकि मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाकर महिलाओं की सुरक्षा व उनके अधिकार को दिलाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता, अपर जिलाधिकारी भू0ध्रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह, महिला कल्याण अधिकारी मंजू यादव उपस्थित रहीं।

## विंध्य गुरुकुल कॉलेज व फार्मेसी में नवरात्र पर गरबा डांडिया का हुआ आयोजन



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

विंध्य गुरुकुल कॉलेज एवं विंध्य गुरुकुल कॉलेज आफ फार्मेसी में 29 सितम्बर को नवरात्रि सप्तमी को डांडिया और गरबा नृत्य का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बी0ए0, बी0एससी0 कृषि बी0सी0ए0, बी0 फार्मा के छात्र-छात्राओं ने देवी दुर्गा के नौ स्वरूप को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दी। बी0एफ0ए0 की छात्र-छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। बी0एससी0 कृषि की छात्राओं ने धुनुची नृत्य द्वारा मां दुर्गा के शक्ति की प्रस्तुति की एवं बी0सी0ए0 के छात्राओं ने गरबा नृत्य की प्रस्तुति की। उप्राचार्य डॉ0 आशीष मिश्र ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की व्याख्या करते हुए भारतीय नारियों को शक्ति, साहस, ज्ञान एवं त्याग की प्रतिमूर्ति बताया। विंध्य गुरुकुल कॉलेज आफ फार्मेसी के उप प्राचार्या सुशीला गुप्ता ने मां दुर्गा के शक्ति स्वरूप को ही सृष्टि की संचालिका शक्ति के रूप में व्याख्या की। धन्यवाद ज्ञापन शेर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं घर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक से टकराकर दो घायल



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित रतेह गांव में शिव फिलिंग स्टेशन के सामने रविवार की रात आठ बजे के करीब बालिका को बचाने में बाइक सवार खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गए। घटना में बाइक चालक युवक और बाइक पर पीछे बैठा बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के पथरही बरेज गांव निवासी 18 वर्षीय अतुल चौरसिया अमहा मुड़ेल गांव निवासी देवता प्रसाद चौरसिया के 11 वर्षीय पुत्र हरिओम को बाइक पर पीछे बैठाकर बाइक में तेल भराने के लिए रतेह गांव स्थित पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही शिव पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो सड़क पर जा रही बालिका को बचाने के चक्कर में बाइक सवार सड़क किनारे पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गए। घटना में बाइक चालक अतुल के सिर में गंभीर चोटें आ गई और बाइक पर पीछे बैठा हरिओम भी गंभीर रूप से घायल हो गए। रतेह गांव निवासी अमर बहादुर चौरसिया व रजनीश चौरसिया ने बाइक सवार घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस सेवा पर फोन किया और घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मियों ने दोनों घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डा? विवेक खरे ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मंडलीय चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया जहां दोनों का उपचार किया जा रहा है। बाइक चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं घायल बालक की हालत सामान्य बताई जा रही है। घायलों को लेकर ट्रामा सेंटर वाराणसी पहुंचे प्रधान पति अशफाक अहमद ने बताया कि घायल बाइक चालक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। ट्रामा सेंटर वाराणसी में उपचार चल रहा है। हालत गंभीर है। वहीं घायल बालक की हालत सामान्य है।

### पत्रकार के पिता के निधन पर शोक

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** एक हिंदी दैनिक अखबार से जुड़े हलिया के पत्रकार दिलीप दुबे के पिता दयाशंकर दूबे का सोमवार को उपचार के दौरान प्रयागराज स्थित एक हॉस्पिटल में निधन हो गया है। 83 वर्षीय दया शंकर दुबे के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करने वालो में भाजपा नेता श्याम बहादुर सिंह, मनीष त्रिपाठी, शिव चरण त्रिपाठी, धीरज मिश्रा, मेघनंद चौरसिया, डॉ दयानंद मिश्र, बाल कृष्ण मिश्र, चंद्र दत्त त्रिपाठी, विवेक सिंह, देवदत्त त्रिपाठी, सोनू सिंह, राकेश तिवारी, पंकज सोनी, अहमद आदि शामिल थे। सोमवार देर शाम को विंध्याचल शिवपुर के राम गया घाट स्थित गंगा नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। जहां बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### जहरीले जंतु के काटने से छात्रा की मौत

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय क्षेत्र लहंगपुर में एक 16 वर्षीया बालिका अंजू कोल की रात में सोते समय किसी जहरीले जंतु के डसने से मौत हो गई। घटना के समय परिवार को जानकारी नहीं हुई और जब तक वे जागे, तब तक अंजूकी मौत हो चुकी थी। कोलकम गांव के बथुआ मोहल्ला निवासी मुकेश कोल की 16 वर्षीया पुत्री अंजूकोल रविवार की शाम सिवान से घास काटकर घर आई। रात में सोते समय किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। जब तक परिजनों को जानकारी होती तब तक अंजू की मौत हो चुकी थी। अंजू चार भाई बहन में सबसे बड़ी थी। क्षेत्र के सावित्री बाई फुले इंटर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा थी। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि परिजन रात को ही मृत बालिका का दाह संस्कार कर दिए।

### एनीमिया मुक्त भारत को लेकर सीएचसी पर कार्यशाला आयोजित

**छात्र, छात्रायों और महिलाओं को खिलाना होगा आयरन की गोली : डॉ. एमपी सोनकर**

**आनंदनगर, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी अस्पताल के सभागार परिसर में एनीमिया मुक्त महाराजगंज कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यालय को संबोधित करते हुए अधीक्षक डॉक्टर एमपी सोनकर ने कहा कि 30 सितम्बर को ब्लॉक की समस्त 15 वर्ष से 49 वर्ष की समस्त किशोरी व महिला को आयरन फोलिक की दवा दी जाएगी। ब्लॉक स्तरीय सभी एनएम व सभी सीएचओ के साथ कार्यशाला आयोजित किया गया। अधीक्षक ने बताया कि ब्लॉक में कुल 204 बूथ एनीमिया मुक्त कार्यक्रम के तहत आयरन फोलिक की दवा खिलाने हेतु बनाए गए हैं। बीपीएम शकुंतला कश्यप ने सभी को बताया कि भारत सरकार के संकल्प के अनुसार डीएम के निर्देशानुसार जिले की समस्त 15 वर्ष से 49 वर्ष की किशोरी व महिला को एनीमिया न होने पाए इसलिए कल इस लक्षित ग्रुप को एक एक गोली खिलाई जाएगी तथा एक माह हेतु 30 टेबलेट उन्हें प्रतिदिन एक एक टेबलेट खाने हेतु दी जाएगी।बीसीपीएम बबिता शर्मा ने बताया कि फरेंदा ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र सहित नगरीय क्षेत्र में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों ,सभी हाईस्कूल से ऊपर के विद्यालयों जहां लड़कियां है वहां बूथ लगाया गया है । सीएचसी की समस्त आशा ,एनएम व सीएचओ, पर्यवेक्षक की ड्यूटी इस अभियान में लगाई गई है। बैठक में कॉउंसलर विनोद गुप्ता, शकुंतला कश्यप, बबिता शर्मा, एआरओ प्रमोद यादव, निशा चौधरी, बबली जायसवाल, सुमन देवी,संजना राय,माधुरी गुप्ता, मिश्री चौरसिया, वंदना,मनसा राव,मंजू वर्मा,नीलम,सुमन विश्वकर्मा,सरोज पाल, किरन सिंह,संगीता भारती सहित तमाम एनम उपस्थित रही।

## आई लव मोहम्मद का बैनर पुलिस ने हटाया, केस दर्ज

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जिले के कटरा कोतवाली क्षेत्र के बल्ली का अड्डा मोहल्ले में बिजली के पोल पर आई लव मोहम्मद का बैनर लगा था। पुलिस ने सूचना मिलने पर बैनर को हटा दिया और अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया। पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस को रविवार की शाम सूचना मिली कि कटरा कोतवाली के बल्ली का अड्डा मोहल्ले में एक बिजली के पोल में आई लव मोहम्मद का बैनर लगा हुआ है। सूचना पर कटरा कोतवाल वैद्यनाथ सिंह मय हमराही संग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल बिजली के पोल से बैनर को हटवाया। उसके बाद पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस अधिकारी के निर्देश पर कटरा पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसएसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि बल्ली का अड्डा मोहल्ला स्थित एक बिजली के पोल में आई लव मोहम्मद का बैनर लगा था। जिसे हटवाया गया है। अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता अभियान के साथ मनाया गया दशहरा उत्सव



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

द ग्लेनहिल स्कूल चुनार में सोमवार को स्वच्छता अभियान के साथ दशहरा का उत्सव मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राए विभिन्न प्रकार के स्लोगन के द्वारा घर घर स्वच्छता का नारा दिया।

भारत को स्वच्छ बनाए रखने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा द्वारा सभी को शपथ दिलवाया गया। दशहरा पर्व के अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राएं मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को प्रस्तुत कर सभी के मन को मोह लिया। छोटे बच्चों के द्वारा आई गिरी नंदनी गीत प्रस्तुत किया गया। छात्राओं के द्वारा डांडिया नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।

बुराई पर सदैव अच्छाई कि विजय होती है। छात्र छात्राओं ने रामलीला के माध्यम से इसे प्रस्तुत किया। कक्षा छह के छात्र अश्वनी राम, यसार्थ लक्ष्मण कक्षा 4, यशस्वी सीता कक्षा 5, के नमन हनुमान की भूमिका का मंचन किया। कार्यक्रम के अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। मंच संचालन विद्यालय की अध्यापिका रश्मि शर्मा व अध्यापक इम्तियाज ने किया।

## मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

**मण्डलायुक्त ने चिकित्सा इकाइयों पर जीवन रक्षक औषधियों, उपकरणों आदि की उपलब्धता कराने का दिया निर्देश**



मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मण्डलीय अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ ए0के0 सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ एन0पी0 सिंह, मण्डलीय कार्यकम प्रबन्धक हरित सक्सेना एवं अन्य मण्डलीय टीम के साथ मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा भदोही डॉ एस0के0 चक, सोनभद्र डॉ अश्वनी कुमार, जिला कार्यकम अधिकारी वाणी वर्मा, तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया।

समीक्षा बैठक का आरम्भ विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन पर चर्चा से की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से आच्छादित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वित्तीय प्रगति समीक्षा, ए0एम0आई0एस0 कार्यक्रम की समीक्षा, आर0सी0एच0 कार्यक्रम की समीक्षा, कम्युनिटी प्रोसेस कार्यक्रम की समीक्षा, शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की समीक्षा, क्यालिटी एश्योरेंश कार्यकम, राष्ट्रीय क्षयरोग कार्यक्रम तथा भारत सरकार द्वारा संचालित स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के उपलब्धियों की समीक्षा के साथ ही यूनिसेफएवं अन्य सहयोगी संस्था समर्थित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा समस्त कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए, कम प्रगति वाले बिन्दुओं पर 15 दिवस में सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए मण्डलायुक्त द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि समस्त चिकित्सा इकाईयों पर जीवन रक्षक औषधियों, उपकरणों आदि की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाय। साथ ही यह निर्देश भी दिये गये कि मण्डल में संचालित समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों/गतिविधियों की नियमित अनुश्रवण व समीक्षा प्रत्येक स्तर पर करते हुए, प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु प्रयास किये जाय।

## मिशन शक्ति टीम पहुंची बच्चियों के बीच, किया जागरूक

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति योजना के तहत सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ठूठीबारी में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नायब तहसीलदार पीयूष जायसवाल के निर्देशन में महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराध जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी तरह की छेड़छाड़, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 व 1098 पर संपर्क करें। टीम ने सोशल मीडिया पर सतर्क रहने, अनजान लोगों से बातचीत में सावधानी बरतने और परिजनों व शिक्षकों से खुलकर अपनी समस्या साझा करने पर विशेष जोर दिया।

इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा के आसान टिप्स भी सिखाए गए ताकि वे आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें। नायब तहसीलदार पीयूष जायसवाल ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा का एहसास दिलाना और समाज को जागरूक करना है। इस अवसर पर एसएसआई प्रणव ओझा, महिला एसआई खुशबू, महिला कां अंकिता, तन्नू मिश्रा, विनीता सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने छात्रों से सीधे संवाद किया। विद्यालय के प्रबंधक विपेश कुमार त्रिपाठी व शिक्षकों ने आभार जताया।

## सड़क पर लगती है मंडी, जाम से जूझते हैं लोग

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नौतनवा की नवीन मंडी मुख्य सड़क पर लगने के कारण रोजान जाम लग जाता है। जाम में घंटों राहगीर फंसे रहते हैं। जाम में फंसने के कारण स्कूली बच्चे व शिक्षक विद्यालय पहुंचने में लेट हो जाते हैं।

वहीं एंबुलेंस में मरीज कराहते रहते हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है। नौतनवा-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर नौतनवा कस्बे से बाहर नौतनवा की नवीन लगती है। मंडी के अन्दर काफी जगह है, लेकिन व्यापारी सुबह मंडी से बाहर निकल कर किसानों की सब्जी खरीदने के होड़ में जुट जाते हैं। कुछ किसान तो सड़क पर ही सब्जी की दुकान लगा लेते हैं।

यह एक दिन का काम नहीं बल्कि रोजाना यही मंजर रहता है। सड़क पर मंडी लगने से पूरा जाम लग जाता है। शिक्षक यशोदानन्द भारती, विपिन मिश्रा, बलवन्त सिंह, सिद्धिनाथ सिंह, सुनीता कुमारी, सतपाल सिंह आदि लोगों ने बताया कि नवीन मंडी के सामने हर रोज सुबह भीषण जाम लग जाता है। रोजाना जाम से जूझना पड़ता है। राहगीर जाम से छुटकारा पाना चाहते हैं, लेकिन चाह कर भी कुछ नही कर पाते हैं। प्रशासन से लोगों ने इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## श्रीमद्भागवत कथा : नन्द यशोदा व कन्हैयालाल की दिखाई गई झांकी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



ड्रमंडगंज बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर के पण्डाल में नवयुवक बाल समिति द्वारा कराए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा में रविवार की रात्रि नन्द यशोदा और कन्हैयालाल की झांकी दिखाई गई। पण्डाल में लगातार भीड़ बढ़ रही है। कथावाचक ज्ञानदेव महाराज की कथा सुनने के लिए दूर-दूर से लोग पण्डाल में पहुंच रहे हैं। भजन कीर्तन से भक्तिमय वातावरण बन गया है।ड्रमंडगंज पुलिस व पत्रकार भी पण्डाल में बैठकर समय दे रहे हैं। शाम होते ही श्रीमद्भागवत कथा की तैयारी पूरी हो जाती है और लगभग 9बजे तक भक्तों से पण्डाल भर जाता है। कथा के बीच -बीच में हरिनाम का संकीर्तन होता रहता है। श्रीमद्भागवत कथा के अंत में झांकी दिखाई जाती है उसके अंबे गौरी की सामूहिक आरती उतारी जाती है। अध्यक्ष सोनू केशरी, संचालक पिन्टू केशरी, प्रभारी शशांक केशरी के निर्देशन में नवयुवक बाल समिति के कार्यकर्ता व्यवस्थित ढंग से प्रसाद का वितरण करते हैं। कथा सुनने के बाद लोग श्रीरामलीला मैदान में पहुंच कर श्रीरामलीला का आनंद लेते हैं।

## फ्रिज में शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के धुंधी कटरा मोहल्ले में रविवार की रात फ्रिज में शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लग गई। घर में आग देख परिजनों ने भाग कर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से कमरे में रखा सामान जलकर राख हो गया। धुंधी कटरा निवासी अनिल कुमार चौरसिया के मकान के तीसरी मंजिल पर किचन में रखे फ्रिज में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। कमरे से धुआं निकलने पर परिजन भाग कर अपनी जान बचाए।

## पोखरे में मिला लापता सूरज का शव, घर में मचा कोहराम

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिंहपुर में उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने पोखरे में एक शव उतराता हुआ देखा। सुबह पोखरे की ओर निकले ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी।

प्रधान ने तत्काल निचलौल थाने को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान गांव के स्वामीनाथ ने शव को देखते ही बताया कि उनका पुत्र सूरज तीन दिन से लापता है। परिजन उसकी लगातार खोजबीन कर रहे थे। पुलिस व ग्रामीणों की मदद से शव को पोखरे से बाहर निकाला गया।

चेहरा देखने के बाद स्वामीनाथ ने पुष्ट किया कि शव उनके बेटे सूरज का ही है। शव मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## जिले को एनीमिया मुक्त करने के लिए आज चलेगा विशेष अभियान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत डीएम संतोष कुमार शर्मा की पहल पर जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए मंगलवार को एक विशेष अभियान चलेगा। इस दौरान एक साथ तीन लाख किशोरियों व महिलाओं को खुराक दिए जाने का लक्ष्य रखा जाएगा।

अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों में खून की कमी की समस्या को जड़ से समाप्त करना है। डीएम ने बताया कि मंगलवार को जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और पंचायत भवनों पर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत एनीमिया की जांच की जाएगी। गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को आयरन, फोलिक एसिड और कैल्सियम की गोलियां खिलाई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान महिलाओं व किशोरियों को उचित पोषण आहार और स्वच्छता आदतों के विषय में भी जागरूक किया जाएगा। स्कूलों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर छात्राओं की जांच कर उन्हें भी आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज और सूचना विभाग को आपसी समन्वय से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। गांव-गांव में रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर-बैनर और सोशल मीडिया के माध्यम से एनीमिया के कारण, लक्षण और रोकथाम की जानकारी देने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को महिला सशक्तिकरण के प्रमुख लक्ष्य के रूप में लिया गया है। एनीमिया मुक्त नारी शक्ति और एनीमिया मुक्त महराजगंज के इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को सामूहिक प्रयास, समयबद्ध कार्रवाई और जनभागीदारी से निश्चित रूप से प्राप्त किया जाएगा। अभियान के तहत लगभग जनपद की 3 लाख किशोरियों और महिलाओं को आयरन व फोलिक एसिड सहित कैल्शियम एवं विटामिन सी के टैबलेट खिलाए जाएंगे। साथ ही सभी महिलाओं और किशोरियों को 30 दिन के लिए ये दवाएं भी दी जाएंगी।

## पूर्णकालिक पीओ नियुक्त करने को लेकर डीएम ने सचिव नेडा को पत्र भेजने का दिया निर्देश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विकास कार्यो संबंधी विभिन्न योजनाओं की सीएम डैशबोर्ड पर प्रगति के कार्यों की समीक्षा हुई। पंचायतीराज, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, सहकारिता, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, उद्योग सहित विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की।

पीएम सूर्यघर में प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया। प्रमुख सचिव नेडा को पूर्णकालिक पीओ की नियुक्ति के लिए पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने दूध उत्पादन के न्यून होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए महाप्रबंधक दुग्ध विकास के विरुद्ध आयुक्त दुग्ध विकास को पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया।

कहा कि शासन की नीतियों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण के भुगतान में विलम्ब को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की और जल्द से जल्द लंबित भुगतान को निस्तारित करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना में अपूर्ण आवासों का स्थलीय निरीक्षण कराते हुए अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

बैठक में डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेन्द्र, सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, डीडीओ बीएन कन्नौजिया, सहायक पर्यटक अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष मनाने को लेकर की बैठक

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज मथुरा नगर आनन्दनर के परिसर में आज रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश के नेतृत्व एक बैठक कर आगामी दो अक्टूबर को भव्य तरीके से शताब्दी वर्ष मनाने का निर्णय लिया है। उसके पश्चात प्रांत प्रचारक रमेश जी डां केशव बलिराम हेडगेवार के संक्षिप्त इतिहास को बड़े ही सहजता से लोगों के बीच में परोसा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का पहला संगठन है जो लोक तंत्र को बचाया। यह भी उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति परंपरा, विचार है। इसी क्रम में पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि सनातन जीवन जीने की कला सिखाती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे विश्व को परिवार मानता है। इस दौरान पूर्व विधायक चौधरी शिवेन्द्र सिंह, पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, सीन्टू सिंह, वरिष्ठ लेखाकार अरुण सिंह, ढब्बू सिंह राघवेन्द्र त्रिपाठी, गुलाब चौरसिया, विजय श्रीवास्तव, योगेन्द्र यादव, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शशि चौधरी बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्तीकरण के पांचवे चरण के कार्यक्रम के अन्तर्गत चन्द्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल भईया फरेन्दा में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व मे विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा शशि चौधरी को एक दिन के लिए विद्यालय का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ ने उसका स्वागत भी किया।

विद्यालय की इस होनहार छात्रा ने पूरे दिन विद्यालय की कार्य व्यवस्था का कुशलता पूर्वक संचालन किया और नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति का सन्देश लोगों तक पहुंचाया। विद्यालयी कार्य दिवस की समाप्ति पर समस्त विद्यालय परिवार ने शशि चौधरी का अभिनन्दन किया । शशि चौधरी को एक दिन का प्रधानाचार्य देखकर विद्यालय के अन्य छात्र छात्राओं को एक प्रेरणा मिली। इस अवसर पर विद्यालय के प्राधानाचार्य ने मिशन शक्ति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी और सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना पर भी प्रकाश डाला।

इस दौरान विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनुराग चौधरी, शिक्षक प्रतीक साहनी, जयराम त्रिपाठी, अनिल पाठक, रितेश यादव, अखिलेश गुप्ता, ज्योति जयसवाल, माधुरी वरुण, रुखसार खातून, नीतू सिंह, प्रिया जायसवाल, नीलम, कुसुम जायसवाल, छाया जायसवाल, रिया गुप्ता समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहे।